सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

शिमला	17.4 न्यू	24.5 अधि
धर्मशाला	17.6 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	76,654
निफ्टी	24,250
सोना	1,42,000
चांदी	2,19,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 30 जुलाई 2026 | 15 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 212, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

न्यूज शॉर्ट्स

भारत बाघ संरक्षण में दुनिया में नंबर-वन

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में अपनी वैश्विक नेतृत्व की स्थिति को और मजबूत किया है। देश में अब दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत बाघ मौजूद हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 3,682 तक पहुंच गई है, जो देश के 58 टाइगर रिजर्व में फैले हुए हैं। यादव ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि बाघों की बढ़ती संख्या भारत के जंगलों की बेहतर स्थिति और वन्यजीव संरक्षण के प्रति लगातार किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि देश में संरक्षण संबंधी नीतियां और पहल प्रभावी रही हैं। उन्होंने कहा कि बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा के लिए उसकी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

झारखंड: एक करोड़ का इनामी माओवादी बेसरा गिरफ्तार

एजेंसी, रांची। झारखंड में सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के सेंट्रल कमेटी सदस्य और एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा उर्फ सागर दा को संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ संगठन के दो सक्रिय सदस्यों समेत दो अन्य लोगों को भी पकड़ा गया। गिरिडीह-धनबाद सीमा क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने धनबाद के बरवाअड्डा से उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से टाटा मैजिक वाहन में छिपाकर रखी गई तीन एके-47 राइफल बरामद हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

कुलगाम में तलाशी दौरान हथियार, गोला-बारूद बरामद

एजेंसी, कुलगाम। सुरक्षा बलों ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले के तंत्रिपोरा-सुरसनू बाग इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली खास जानकारी के आधार पर कुलगाम पुलिस, 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन ने तंत्रिपोरा-सुरसनू बागों में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान संयुक्त टीम ने इलाके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। (अनंत ज्ञान)

खनिज दोहन से 70% बढ़ा राजस्व : सीएम

बोले-अवैध खनन पर होगी बड़ी कार्रवाई, पर्यावरण से नहीं होने देंगे खिलवाड़

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ अब और अधिक सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उद्योग विभाग के तहत खनन विंग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में खनन केवल चिन्हित क्षेत्रों में और निर्धारित नियमों के तहत ही किया जाए। उन्होंने कहा ठाकुर कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा नदियों, नालों, वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों सरकार की समान प्राथमिकता हैं और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन पूरी तरह वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनकूल तरीके से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की सख्त निगरानी और बेहतर प्रबंधन के कारण पिछले तीन वर्षों में खनिजों से प्राप्त राजस्व में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2021-22 में मुख्य एवं लघु खनिजों से 200 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 340 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड द्वारा हिमाचल से बाहर जाने वाले लघु खनिजों पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से राजस्व प्रभावित हुआ है। इसके अलावा वर्ष 2014 से चूना पत्थर की रॉयल्टी दरों में संशोधन न होने का मामला भी प्रदेश सरकार केंद्र के समक्ष मजबूती से उठाएगी।

राज्य सचिवालय में खनन विंग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा के साथ होगा सतत खनन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाए और पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की नाजुक पारिस्थितिकी और प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी संबंधित विभाग और हितधारक जिम्मेदार एवं सतत खनन को बढ़ावा दें, ताकि विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

एडीआर रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री सुक्खू का स्पष्टीकरण-मेरी संपत्ति बढ़ी नहीं, घटी है

शिमला। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट को लेकर छिड़े राजनीतिक विवाद के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा के आरोपों का विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि तथ्यों को अधूरा प्रस्तुत कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उनकी संपत्ति, शैक्षणिक योग्यता और सार्वजनिक जीवन से जुड़ी सभी जानकारियां पहले से सार्वजनिक रिकॉर्ड में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक आरोपों के बजाय तथ्यों के आधार पर ही किसी भी विषय पर चर्चा होनी चाहिए। सुक्खू ने कहा कि जिस जमीन का उल्लेख एडीआर रिपोर्ट में किया जा रहा है, वह उन्होंने वर्षों पहले खरीदी थी। समय के साथ उसकी कीमत स्वाभाविक रूप से बढ़ी है और उसी भूमि पर उनका मकान बना है, जिसकी मौजूदा कीमत भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कोई नई संपत्ति नहीं खरीदी है तथा उनकी सभी संपत्तियों का विवरण पहले ही चुनावी शपथपत्र में सार्वजनिक किया जा चुका है, इसलिए इस विषय पर भ्रम फैलाने का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट में उनकी शैक्षणिक योग्यता के अधूरे उल्लेख पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में उनकी एमए और एलएलबी की डिग्रियों का जिक्र नहीं किया गया, जबकि यह जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि किसी रिपोर्ट में तथ्य अधूरे रह जाते हैं, तो उसे सुधारना आवश्यक है, ताकि जनता के सामने सही और संपूर्ण जानकारी पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरी संपत्ति की जांच करानी है तो करा दें, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भाजपा को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि किसी को उनकी संपत्ति या किसी अन्य मामले में संदेह है तो जांच एजेंसियां अपना काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी उनकी जांच हो चुकी है और यदि भाजपा चाहे तो दोबारा भी जांच करवा सकती है।

अनुबंध कर्मियों को नियुक्ति तिथि से मिलेगा लाभ

सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों की वरिष्ठता और वित्तीय लाभ पर एसएलपी की खारिज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल सरकार को सरकारी कर्मचारियों की वरिष्ठता और वित्तीय लाभ से जुड़े बहुचर्चित मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। देश की सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका को खारिज करते हुए हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें भर्ती एवं सरकारी कर्मचारी सेवा शर्तें अधिनियम-2024 को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के बाद हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। इस फैसले को प्रदेश के हजारों सरकारी कर्मचारियों और अनुबंध कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इससे वरिष्ठता और सेवा लाभ से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर कर्मचारियों का पक्ष और मजबूत हुआ है।

इस मामले की शुरुआत तब हुई थी, जब राज्य सरकार ने दिसंबर 2024 में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भर्ती एवं सरकारी कर्मचारी सेवा शर्तें अधिनियम-2024 पारित किया था। इस कानून के माध्यम से वरिष्ठता और वित्तीय लाभ से संबंधित प्रावधानों में बदलाव किए गए थे, जिन्हें कई कर्मचारियों ने अदालत में चुनौती दी। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अप्रैल 2026 में इस अधिनियम को निरस्त करते हुए कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके बाद राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन शीर्ष अदालत ने भी सरकार की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और एसएलपी खारिज कर दी। इससे हाईकोर्ट का निर्णय प्रभावी बना रहेगा और कर्मचारियों के हितों को बड़ी कानूनी मजबूती मिली है।

प्रदेश में अनुबंध कर्मचारियों की नियमितीकरण अवधि को लेकर वर्षों से चल रहे वरिष्ठता और वित्तीय लाभ के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से स्थिति साफ हो गई है। पहले आठ, फिर छह, पांच और वर्तमान में तीन वर्ष की अनुबंध सेवा के बाद नियमितीकरण की अलग-अलग नीतियों से कर्मचारियों में असमानता पैदा हुई थी। हाईकोर्ट ने नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता और वित्तीय लाभ देने के पक्ष में टिप्पणी की थी। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार की एसएलपी खारिज कर जाने के बाद इस निर्णय को कानूनी मजबूती मिल गई है।

थाईलैंड में भारतीय पर्यटकों का अपहरण, पांच आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, पटाया (थाईलैंड)

थाईलैंड में तीन भारतीय पर्यटकों के अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अपहरणकर्ताओं ने पीड़ितों के परिवारों से 1.20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी।

पुलिस के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मोहित (23), आशीष (24) और हिमांशु (20) के रूप में हुई है। आरोपियों ने उन्हें सस्ते सात दिवसीय टूर पैकेज का लालच देकर पटाया बुलाया और वहां पहुंचने के बाद एक घर में बंधक बना लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें दुबई में बैठे एक पाकिस्तानी नागरिक ने अपहरण की साजिश को अंजाम देने के निर्देश दिए थे। फिरौती की रकम क्रिप्टोकरेंसी के जरिए लेने की योजना बनाई गई थी।

◆ पाकिस्तानी के कहने पर की किडनैपिंग, 1.20 करोड़ की मांगी थी फिरौती

भारतीय दूतावास की सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पटाया के एक टाउनहाउस में छापा मारा, जहां तीनों पर्यटक बंधे हुए मिले। पुलिस ने मौके से टेप, लकड़ी का डंडा और लाल स्प्रे पेंट बरामद किया है। पीड़ितों के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

लोकसभा में पेपर लीक रोकने का सख्त कानून पास

10 साल की सजा, 10 करोड़ तक जुर्माना, राज्यसभा में वंदेमातरम से जुड़ा संशोधित बिल पास

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 बुधवार को ध्वनि मत से पास हो गया। बिल पर मंगलवार को 9 घंटे चर्चा हुई। बुधवार को विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी बिल पर 50 मिनट बोले। विपक्ष के हंगामे के बीच बिल पास हुआ। राहुल ने कहा कि छात्रों ने बताया कि वे अंधभक्त नहीं बनेंगे।

राहुल ने कहा, 'गरीब बच्चों से लाखों लाख रुपए लिए गए। एक परीक्षा में पेपर लीक होता है। दूसरे में कुछ और दिक्कत होती है। ये बहुत गलत है। सिस्टम पर आरएसएस का कब्जा हो चुका है।'

राहुल ने कहा, 'राजनाथ सिंह ने कहा कि हम यूपीए नहीं हैं, हमारे मंत्री कभी इस्तीफा नहीं देते। वे सही कह रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा दिखावटी है, क्योंकि धर्मेंद्र प्रधान ने कभी शिक्षा मंत्रालय नहीं चलाया। शिक्षा मंत्रालय को चलाने वाला संगठन आरएसएस है।'

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, 'छात्र असल में इसलिए नाराज हैं क्योंकि उन्हें भारत में छात्र बने रहने, अपने जुनून को फॉलो करने, अपनी बात कहने और अपने मन के सवाल पूछने की इजाजत नहीं है। उन्हें वह बेतुका इतिहास मानना पड़ता है जिसकी कल्पना आरएसएस करता है।' इसके तहत पेपर लीक से जुड़े कानून सख्त कर दिए हैं। अब पेपर लीक से जुड़े अपराधों में अधिकतम 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल पास हो गया। अब जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम को कानूनी संरक्षण मिलेगा। वंदे मातरम का अपमान, अनादर और गायन में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा। वंदे मातरम के अपमान पर अब 3 साल तक की जेल हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

संसद के बाहर राहुल बोले-शाह ने फायरिंग का आदेश नहीं दिया तो सदन में आएं

लोकसभा में अपने भाषण के बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में कहा कि गृह मंत्री शाह सदन में नहीं आए, जबकि उन्हें छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर जवाब देना चाहिए था।उन्होंने कहा कि अगर गृह मंत्री ने कोई आदेश नहीं दिया है, तो उन्हें सदन में आकर सफाई देनी चाहिए कि उन्होंने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि मुझे संसद में बोलने का अधिकार है और वह अधिकार मुझे मिलना चाहिए।

15 अगस्त पर खुले रहेंगे हिमाचल के सरकारी स्कूल

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी विद्यालय सामान्य रूप से खुले रहेंगे। इस संबंध में राज्य स्कूल शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला उपनिदेशकों (प्राथमिक एवं उच्च) तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कॉम्प्लेक्स के प्रधानाचार्यों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया जाएगा तथा सभी विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि जिला उपनिदेशक अपने-अपने जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे। साथ ही जिला, उपमंडल और तहसील मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोहों में विद्यार्थियों और विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेशों में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

◆ शिक्षा निदेशालय ने जारी किए निर्देश, विद्यार्थियों की भागीदारी अनिवार्य

अमेरिका-सऊदी अरब के हमले में 20 इराकी मरे

एजेंसी, वॉशिंगटन। ईरान जंग में अब सऊदी अरब की भी एंट्री हो गई है। सऊदी ने अमेरिका के साथ मिलकर मंगलवार रात इराक में ईरान समर्थक पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स (पीएमएफ) के लड़ाकों के ठिकानों पर हमले किए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक इसमें 20 लड़ाकों की मौत हो गई है, जबकि 32 घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी। हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये मिसाइलें जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

सेना की गतिविधियां साझा करने के आरोप में पूछताछ करने पर बोले आरोपी

जासूसी के लिए पैसों के साथ आईएसआई देती थी ड्रग्स

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। भारतीय सेना और अर्द्धसैनिक बलों की गतिविधियों की गोपनीय जानकारी पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलरों तक पहुंचाने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में नए खुलासे हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को जासूसी के बदले केवल नकद रकम ही नहीं, बल्कि ड्रग्स भी दी जाती थी, जिसे बेचकर वे मोटा मुनाफा कमाते थे। जांच में यह भी सामने आया है कि उनका नेटवर्क पाकिस्तान के साथ-साथ दुबई में बैठे हैंडलरों से भी जुड़ा था और संपर्क के लिए एक विशेष एन्क्रिप्टेड एप का इस्तेमाल किया जाता था।

पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी ने कार्रवाई की भनक लगने पर अपना मोबाइल भाई को सौंप दिया था, जिसने सबूत मिटाने के लिए उसे तोड़ दिया। हालांकि, पुलिस ने मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद कर लिए हैं। अब सभी आरोपियों का रिमांड लेकर यह पता लगाया जाएगा कि सेना से जुड़ी कौन-कौन सी संवेदनशील जानकारियां सीमा पार भेजी गईं, उन्हें कितना फंड मिला और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि पूछताछ में अभी कई और अहम खुलासे हो सकते हैं।

द्रमुक विधायक बालाजी के आवास पर डीवीएसी की छापेमारी

एजेंसी, करूर

तमिलनाडु में द्रमुक विधायक और पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी के आवास समेत छह ठिकानों पर भ्रष्टाचार निरोधक एवं सतर्कता निदेशालय (डीवीएसी) ने बुधवार को छापेमारी की।

यह कार्रवाई करूर स्थित उनके घर, तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन (टास्मैक) के जिला प्रबंधक कार्यालय और उनसे जुड़े अन्य परिसरों में की गई। डीवीएसी की टीम ने सुबह करूर के रामेश्वरपट्टी स्थित सेंथिल बालाजी के आवास पर तलाशी शुरू की। यह कार्रवाई टास्मैक में कथित वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच के तहत की जा रही है। इसके अलावा द्रमुक करूर पूर्वी इकाई के सचिव भास्करन, सेंथिल बालाजी के सहयोगी सुब्रमणि और करीबी सहयोगी कार्ति के परिसरों पर भी एक साथ जांच की गई। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2026-27

FACULTY OF AYURVEDA
- B.A.M.S.
- D. PHARMACY (AYURVEDA)
- DIPLOMA IN YOGA

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
- DIPLOMA IN MULTIPURPOSE HEALTH WORKER (MPHW)
- BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (B.P.T.)
- BACHELOR OF MEDICAL LABORATORY SCIENCE (BMLS)
- BACHELOR OF ANESTHESIA & OPERATION THEATRE TECHNOLOGY (BAOTT)
- BACHELOR OF MEDICAL RADIOLOGY AND IMAGING TECHNOLOGY (BMRIT)

FACULTY OF AGRICULTURE
- B.Sc. (Hons.) AGRICULTURE
- M.Sc. AGRICULTURE
  - AGRONOMY
  - HORTICULTURE (VEG. SCIENCES)
  - GENETICS & PLANT BREADING
  - ENTOMOLOGY

FACULTY OF VET. SCIENCES
- BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE & ANIMAL HUSBANDRY (B.V.SC & AH) COURSE DURATION: 5½ years
- TWO YEARS VETERINARY PHARMACIST TRAINING COURSE

FACULTY OF PHARMACY
- B. PHARMACY • B. PHARMACY (LE)
- D. PHARMACY
- Pharm. D (6 Years-Doctor of Pharmacy)
- Pharm. D-PB • Ph.D. in Pharmaceutical Science
- M. PHARMACY (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics)

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
- B.TECH (CSE) • M.TECH (CSE)
- BCA • BBA • MBA • MBA (EXECUTIVE)
- MBA (PART TIME) • Ph.D. MANAGEMENT

FACULTY OF EDU. HUMANITIES & BASIC SCIENCES
- DIPLOMA IN ART & CRAFTS (DRAWING MASTER)
- B.A. B.Ed. (ITEP-Middle), B.Sc. B.Ed. (ITEP-Middle)
- B.Sc. MED./ NON-MED. • B.A.
- M.A. EDUCATION • Ph.D. EDUCATION

SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238
9816242139, 9418006520, 9816700520
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: admissioncell@abhilashiuniversity.ac.in , regabhilashi@gmail.com

फ्लैश बैक पहले सड़कों के बिना खच्चरों और डाक पार्सल से देशभर में फैलती थी मिठास

बंदरोल की जमीन पर जब लिखा गया 'सेब क्रांति' का पहला पन्ना

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। जिस दौर में कुल्लू घाटी में पक्की सड़कें तक नहीं थीं और फलों को खच्चरों की पीठ पर लादकर पार्सल के माध्यम से बाहर भेजा जाता था, उसी समय यहां सेब क्रांति की शुरुआत हुई थी। वर्ष 1870 में कुल्लू के बंदरोल में अंग्रेज अधिकारी कैप्टन आरसी ली ने सेब की आठ विदेशी किस्मों के पौधे रोपे थे। उनका यह प्रयास आगे चलकर हिमाचल की पहचान बनने वाले सेब उद्योग की नींव साबित हुआ।

कुल्लू में 19वीं शताब्दी में लगाए गए सेब के पौधे। (फाइल फोटो)

कैप्टन आरसी ली ने बंदरोल में 33 एकड़ जमीन खरीदकर 'बंदरोल ऑर्चर्ड' स्थापित किया था। उन्होंने इंग्लैंड और यूरोप से लाई गई वाल्डविन, स्टेफैड, पिपिन, वाइन सेब, उथलो, न्यूटन, ग्रीन स्मिथ और विंटर जैसी किस्मों के पौधे लगाए। इसके अलावा नाशपाती की विलियम फेवरेट, वार्टलेट, ईस्टर वेवर और डैनी ड्यू कॉमिस जैसी किस्में भी यहां विकसित की गईं। इसके बाद कुल्लू में स्थानीय लोगों ने भी सेब की खेती को अपनाना शुरू किया। उपाध्याय लक्ष्मीकांत ने करीब 30 बीघा क्षेत्र में सेब का बगीचा लगाया और वर्ष 1896 में इसे पंजीकृत करवाया। वहीं, कैप्टन एटी बेनिन ने मनाली में 60 बीघा जमीन पर डेवोनशायर से लाए गए 200 सेब के पौधे लगाए। बाद में कई अन्य ब्रिटिश नागरिकों ने रायसन, मनाली, नग्गर और बजौरा क्षेत्रों में सेब के बाग विकसित किए। जिस क्षेत्र में पाधा बंसी लाल ने सेब का बगीचा लगाया, वह आगे चलकर 'सेऊबाग' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

अनंत ज्ञान स्पैशल

शुरुआती समय में परिवहन साधनों के अभाव के कारण सेब खच्चरों और कुलियों के जरिए बाहर भेजे जाते थे। बाद में पार्सल व्यवस्था से कुल्लू के सेब देशभर के बाजारों तक पहुंचने लगे। यही सफर आज हिमाचल की आर्थिक पहचान का अहम हिस्सा बन चुका है।

◆ 1870 में एक अंग्रेज अधिकारी कैप्टन आरसी ने कुल्लू में लगाया था सेब का पहला बगीचा

स्व. स्टोक्स का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं

बहुत से लोगों की यह धारणा थी कि सेब की बागवानी हिमाचल में स्व. सत्यानंद स्टोक्स द्वारा शुरू की गई थी, जो कि सही नहीं है। हालांकि, स्व. स्टोक्स का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। स्टोक्स अमरीकन थे, इसलिए उन्होंने सेब के पौधे अमरीका की नर्सरियों से मंगवाए। उन्होंने यह काम वर्ष 1916 में किया था। उनके द्वारा मंगवाई गई सेब की वैरायटियों में गोल्डन, रैड और रॉयल डिलीशियस भी थीं जो हिमाचल की जलवायु के बहुत ही अनुकूल निकलीं और कुल्लू में अंग्रेजों द्वारा मंगवाई गई इंगलिश किस्मों से ज्यादा लोकप्रिय हो गईं तथा अब तक लोकप्रिय हैं।

> **कुल्लू** जिला में वर्तमान समय में करीब 27 हजार हेक्टेयर भूमि में सेब की पैदावार होती है। सेब जिला के बागवानों की आर्थिकी की रीढ़ है। हालांकि जिला में अब प्लम, जापानी फल सहित अन्य उत्पादों की भी पैदावार हो रही है लेकिन सेब ही यहां के लोगों की आर्थिकी का साधन है।
>
> -राजकुमार, उपनिदेशक उद्यान विभाग जिला कुल्लू

नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक चौ. रामचंद भाटिया का निधन

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य चौधरी रामचंद भाटिया का बुधवार दोपहर 3 बजे 82 वर्ष की उम्र में डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, टांडा में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। चौधरी रामचंद भाटिया पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्हें 12 जुलाई को बढ़ती आयु से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं एवं अन्य जटिल चिकित्सीय परिस्थितियों के चलते टांडा में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहु-विषयक टीम ने उनकी लगातार निगरानी करते हुए उपचार किया तथा उन्हें आईसीयू में भी रखा गया। तमाम चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद उनकी सेहत में सुधार नहीं हो सका। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार वीरवार प्रातः 11 बजे उनके पैतृक गांव अमतराड़ स्थित मोक्षधाम में किया जाएगा।

◆ पैतृक गांव अमतराड़ में आज होगा अंतिम संस्कार

जनसेवा, सादगी और लोगों से आत्मीय जुड़ाव उनकी पहचान रही। क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा। उनके निधन पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज मेहता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा टांडा अस्पताल के प्राचार्य ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

शोक संदेशों में कहा गया कि चौधरी रामचंद भाटिया ने अपने सार्वजनिक जीवन में क्षेत्र के विकास, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जो समर्पण दिखाया, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उनका सरल, विनम्र और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व तथा समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें हमेशा लोगों की स्मृतियों में जीवित रखेगी।

प्रदेश को सीआरआईएफ के तहत 239.45 करोड़ स्वीकृत

पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह बोले-बागवानी क्षेत्र की सड़कें होंगी मजबूत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश को केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि 2026-27 के तहत 239.45 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। इस राशि से छैला–नेरिपुल–यशवंत नगर–कुमारहट्टी सड़क तथा टिक्कर–जरोल–खमाड़ी सड़क के उन्नयन का कार्य किया जाएगा। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह स्वीकृति प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग के लगातार प्रयासों का परिणाम है तथा परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

मंत्री ने बताया कि स्वीकृत राशि में से 203.52 करोड़ रुपये छैला–



नेरिपुल–यशवंत नगर–कुमारहट्टी सड़क के उन्नयन और 35.93 करोड़ रुपये टिक्कर–जरोल–खमाड़ी सड़क के पहले पैकेज से छूटे 16 किलोमीटर हिस्से के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से विशेष रूप से सेब उत्पादक क्षेत्रों और रामपुर क्षेत्र के किसानों–बागवानों को अपनी उपज के परिवहन में बड़ी राहत मिलेगी तथा सड़क संपर्क और अधिक मजबूत होगा।

विक्रमादित्य ने कहा कि ठियोग, कोटखाई, जुब्बल, रोहड़ू और चौपाल जैसे प्रमुख बागवानी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होने से सेब सहित अन्य बागवानी उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंच सकेंगे, परिवहन लागत घटेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों–बागवानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश सरकार केंद्र सरकार के साथ सकारात्मक समन्वय बनाए रखेगी।

प्रदेश स्कूल कांप्लेक्स प्रणाली में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान

◆ 5 अगस्त को बैठक में 12 सदस्यीय समिति करेगी मंथन

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में लागू स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रणाली की व्यापक समीक्षा और आवश्यक संशोधन की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शिक्षा विभाग ने निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है, जिसमें शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। समिति प्रदेशभर से सुझाव लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसके आधार पर सरकार स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रणाली में आवश्यक बदलावों पर अंतिम निर्णय लेगी। समिति में अतिरिक्त निदेशक स्कूल बीआर शर्मा, संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा), उपनिदेशक स्कूल शिक्षा शांता चौहान (सदस्य सचिव) सहित हिमाचल प्रदेश न्यू टीचर्स एसोसिएशन, प्राइमरी टीचर फेडरेशन, प्रिंसिपल एसोसिएशन, स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन, राजकीय अध्यापक संघ, टीजीटी (साइंस), टीजीटी (आर्ट्स) और सीएंडवी फेडरेशन के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। समिति की पहली बैठक 5 अगस्त को होगी, जिसमें स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रणाली के क्रियान्वयन, प्राथमिक विद्यालयों पर इसके प्रभाव, शिक्षकों की व्यावहारिक कठिनाइयों और संभावित संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस बीच हिमाचल प्रदेश प्राइमरी टीचर फेडरेशन का क्रमिक अनशन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। बुधवार को मंडी जिला अध्यक्ष बाबूराम कौंडल, महासचिव अतुल लखनपाल, मुकेश पवार, चंद्रमणि ठाकुर और विजय कुमार क्रमिक अनशन पर बैठे। शिक्षक संगठन स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रणाली में व्यावहारिक सुधार और प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। माना जा रहा है कि समिति की सिफारिशों के बाद सरकार इस पूरे मुद्दे पर आगे की नीति और अंतिम निर्णय लेगी।

न्यूज ब्रीफ

दिल्ली में मंत्री गडकरी से मिले हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान, चंबा। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने बुधवार को केंद्र सरकार के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क संपर्क और अधोसंरचना विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। भेंट के दौरान विशेष रूप से पठानकोट-चम्बा-भरमौर सड़क परियोजना को लेकर चर्चा की गई। हर्ष महाजन ने परियोजना का कार्य प्रारंभ करने तथा इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अंतर्गत लाने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। हर्ष महाजन ने कहा कि पठानकोट-चम्बा-भरमौर मार्ग हिमाचल प्रदेश के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस सड़क परियोजना के सुदृढ़ होने से चम्बा और भरमौर सहित प्रदेश के दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्रों में सड़क संपर्क बेहतर होगा। साथ ही पर्यटन, व्यापार, स्थानीय अर्थव्यवस्था और आम जनता की आवाजाही को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हिमाचल प्रदेश में सड़क एवं आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों को केंद्र सरकार के समक्ष निरंतर प्रभावी ढंग से उठाया जाता रहेगा, ताकि प्रदेश की सड़क, परिवहन और अधोसंरचना संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा सके।

266 ग्राम चरस के साथ युवती समेत तीन अरेस्ट

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में नाकाबंदी के दौरान एक कार से 266 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मामले में एक युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में कार नंबर पीबी-01सी-3358 को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से 266 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह (31) निवासी गांव गोविंदगढ़ डाकघर सनेटा जिला मोहाली पंजाब, सीमा वर्मा निवासी गांव और डाकघर कुंभरा तहसील एसएएस नगर जिला मोहाली तथा मोहम्मद मोनिस निवासी दरिया चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कसा शिकंजा

अनंत ज्ञान, भौर। नाचन विधानसभा क्षेत्र के पुलिस थाना धनोटू ने रात्रि के समय शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। पुलिस टीम ने बीएसएल परियोजना की नहर के समीप चौक पुल पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के दस्तावेज जांचे गए तथा नशे की आशंका होने पर उनकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाए जाते हैं। पुलिस के अनुसार रात्रि के समय लोग जल्द घर पहुंचने की जल्दबाजी में रहते हैं और यदि कोई व्यक्ति शराब के नशे में वाहन चलाता है तो दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से रात्रिकालीन जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित होने के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा भी बनी रहे।

पुलिस के 13 अधिकारियों को मिलेगा मानद उच्च पद

अनंत ज्ञान

◆ मुख्यमंत्री सुक्खू की घोषणा पर अमल, समर्पित सेवाओं को मिलेगा सम्मान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश सरकार ने पुलिस कर्मियों की निष्ठा, अनुशासन और दीर्घकालीन सेवाओं को सम्मान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश पुलिस के 13 पात्र अराजपत्रित अधिकारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन अगले उच्च पद का मानद रैंक प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की घोषणा के अनुरूप यह सम्मान उप–निरीक्षकों, सहायक उप–निरीक्षकों और मुख्य आरक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं की औपचारिक पहचान के रूप में दिया जाएगा।

राज्य पुलिस विभाग के अनुसार रिकांगपिओ में आयोजित राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद पुलिस मुख्यालय ने 12 मई, 2026 को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की थी। इसके तहत सेवा अभिलेखों की जांच, पात्रता और स्क्रीनिंग की पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई। राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की संस्तुति पर प्रथम चरण में 13 अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें उप–निरीक्षकों को मानद निरीक्षक, सहायक उप–निरीक्षकों को मानद उप–निरीक्षक तथा पात्र मुख्य आरक्षक को मानद सहायक उप–निरीक्षक का मानद पद दिया जाएगा।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह मानद पद किसी वित्तीय या पेंशन लाभ के लिए नहीं होगा, बल्कि दशकों तक पुलिस सेवा में दिए गए समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के सम्मान का प्रतीक होगा। बता दें कि इस पहल से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को सम्मानजनक विदाई मिलेगी, वहीं वर्तमान पुलिस कर्मियों में भी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

प्रदेश में कल से खुलेगा एग्री मशीनरी पोर्टल

आधुनिक कृषि उपकरणों पर किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। कृषि विभाग 31 जुलाई से वर्ष 2026–27 के लिए एग्री मशीनरी पोर्टल शुरू करने जा रहा है। इसके माध्यम से किसान आधुनिक कृषि यंत्रों और उपकरणों पर सरकारी अनुदान के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी होगी। पोर्टल के जरिए किसानों को पहाड़ी क्षेत्रों के अनुरूप आधुनिक कृषि मशीनरी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे खेती अधिक सुविधाजनक, कम खर्चीली और लाभदायक बन सके।

जानकारी के अनुसार किसान 31 जुलाई से 20 अगस्त, 2026 तक कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 21 अगस्त को लॉटरी प्रणाली के माध्यम से पात्र किसानों का चयन किया जाएगा। लघु एवं सीमांत किसानों के साथ–साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिला किसानों को कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत पावर टिलर, पावर वीडर सहित कई आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे खेती के कार्य समय पर और अधिक दक्षता के साथ पूरे किए जा सकें।

यहां की भौगोलिक परिस्थितियों और छोटे खेतों को ध्यान में रखते हुए कम वजन और छोटे आकार के आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन मशीनों के उपयोग से खेती की लागत कम होगी, श्रम की बचत होगी, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार आएगा और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। आधुनिक कृषि यंत्र बहुफसली और सघन खेती को भी बढ़ावा देंगे।

पंजीकृत कंपनियों के स्वीकृत मॉडल खरीदने की अपील

किसानों से अपील की गई है कि वे केवल भारत सरकार से पंजीकृत कंपनियों के स्वीकृत मॉडल के कृषि उपकरण ही खरीदें, ताकि अनुदान प्राप्त करने और भविष्य में मशीनों के रखरखाव या अन्य तकनीकी समस्याओं के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। योजना का उद्देश्य प्रदेश में कृषि के मशीनीकरण को नई गति देना और किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है।

हमीरपुर में 90 पदों के लिए इंटरव्यू 7 अगस्त को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में 7 अगस्त को लघु रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें 90 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस लघु रोजगार मेले में एसआईएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को 18,000 रुपये से लेकर 24 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा।

हमीरपुर के कैहडरू में टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर 2 को लोगों को नोटिस जारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। तहसील हमीरपुर के अंतर्गत राजस्व मुहाल कैहडरू में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर 2 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इन नोटिसों में दोनों लोगों को अवैध कार्यों को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शिक्षा मंत्री रोहित ने किया जिला स्तरीय कौड़ी प्रतियोगिता का शुभारंभ, बोले–

कौड़ी खेल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला–2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कौड़ी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कौड़ी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। हजारों वर्षों के इतिहास से जुड़े इस पारंपरिक खेल को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जब हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था, तब प्रदेश की अलग पहचान का सबसे बड़ा आधार यहां की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराएं और विरासत थीं। इसलिए हमारी संस्कृति और पारंपरिक खेलों को जीवित रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चंबा ही नहीं, बल्कि शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भी अलग–अलग स्वरूपों में इस प्रकार के पारंपरिक खेल खेले जाते रहे हैं। सरकार ऐसे खेलों के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित मेलों में से एक है और ऐसे ऐतिहासिक मेले में कौड़ी जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कोड़ी खेल एसोसिएशन द्वारा इस खेल को पुनर्जीवित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए अध्यक्ष डॉ. संजीव सूरी एवं पूरी टीम को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जिला चम्बा की 128 टीमें और 700 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला तथा अब तक के इतिहास में पहली बार कोड़ी खेल की इतनी विशाल जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इससे इस पारंपरिक खेल को नई ऊर्जा और नई पहचान मिलेगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ने कौड़ी खेल एसोसिएशन को अपनी ऐच्छिक निधि से 52 हज़ार रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि यह राशि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधायक नीरज नैयर ने भी कौड़ी खेल एसोसिएशन को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

सिपाही से निजी काम करवाने के आरोप में एएसआई निलंबित

निजी वाहन धुलवाने पर पुलिस मुख्यालय की सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने अनुशासनहीनता और गंभीर आरोपों के मामले में ट्रैफिक, टूरिस्ट एंड रेलवे पुलिस में तैनात एक एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के आदेशों के अनुसार संबंधित एएसआई पर विभागीय निर्देशों की अवहेलना, कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा अधीनस्थ पुलिस कर्मी से निजी कार्य करवाने और मानसिक प्रताड़ना देने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। निलंबन अवधि के दौरान एएसआई का मुख्यालय चौथी भारतीय रिजर्व बटालियन जंगलबेरी (हमीरपुर) निर्धारित किया गया है तथा मामले में नियमित विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार एएसआई का 24 जून 2026 को चौथी आईआरबी जंगलबेरी तबादला किया गया था, लेकिन आरोप है कि उन्होंने निर्धारित समय के भीतर नई तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं किया। पुलिस मुख्यालय ने इसे हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम–2007 और सेवा संबंधी निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए धारा–89 के तहत निलंबन की कार्रवाई की। आदेश में संबंधित कमांडेंट को नियमानुसार विभागीय जांच पूरी कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की शुरुआत शिमला रेलवे पुलिस थाने में तैनात एक कांस्टेबल चालक की शिकायत से हुई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि एएसआई ने उस पर निजी वाहन धुलवाने का दबाव बनाया, मना करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया तथा पारिवारिक परिस्थितियों की अनदेखी की। कांस्टेबल ने यह भी कहा कि उसकी पत्नी गर्भावस्था के नौवें महीने में है और उसका उपचार शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल में चल रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निलंबन और विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

भर्ती कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सुक्खू सरकार पर करारा तमाचा : जयराम

असंवैधानिक नीति पर कोर्ट के फैसले को बताया सरकार के लिए बड़ा झटका

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें कानून–2024 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा राज्य सरकार की याचिका खारिज किया जाना सुक्खू सरकार की असंवैधानिक नीतियों पर करारा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करते हुए ऐसा कानून बनाया, जिसे पहले हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वीकार नहीं किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा में इस विधेयक का विरोध करते हुए पहले ही इसे संविधान के विपरीत बताया था और अब न्यायालय के फैसले ने उस आशंका को सही साबित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार स्वयं को कर्मचारी हितैषी बताती है, लेकिन उसके निर्णय लगातार कर्मचारियों के अधिकारों को प्रभावित करने वाले साबित हो रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों से जुड़ी वित्तीय देनदारियों को भविष्य की सरकारों पर डालने के उद्देश्य से ऐसे कानून बना रही थी। उन्होंने दावा किया कि हाल के वर्षों में सरकार के कई फैसलों और कानूनों को न्यायालयों ने असंवैधानिक या अवैध ठहराया है। साथ ही मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपनी हर विफलता के लिए भाजपा और मीडिया को जिम्मेदार ठहराने की आदत बना चुके हैं, जबकि कई मामलों में तथ्य स्वयं सरकार के आधिकारिक दस्तावेजों से सामने आए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा संशोधन विधेयक–2026 पारित होने का भी स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि यह कानून परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता को मजबूत करेगा तथा पेपर लीक और परीक्षा में धांधली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का रास्ता साफ करेगा।

पर्यटन विकास

नरसिंह नारायण मंदिर और महाराजा रणजीत सिंह के किलों को जोड़ने की तैयारी

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को धार्मिक, ऐतिहासिक और साहसिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में नरसिंह नारायण मंदिर पीपलू और सोलहसिंगी धार के टीले पर स्थित महाराजा रणजीत सिंह के ऐतिहासिक किलों को एक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का रोडमैप खंड विकास अधिकारी के.एल. वर्मा द्वारा तैयार किया जा रहा है, जिसमें धार्मिक पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर, खेल पर्यटन और एडवेंचर पर्यटन को एक साथ जोड़ने की रणनीति बनाई जा रही है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि इस योजना का पहला चरण नरसिंह नारायण मंदिर पीपलू के लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार का है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आठ आधुनिक कमरे, एक विशाल बहुउद्देश्यीय हाल, लंगर व्यवस्था के लिए दो अलग–अलग भवन तथा महिला और पुरुषों के लिए पृथक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इससे दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

कुटलैहड़ को पर्यटन योजना के तहत पीपलू में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बन रहे खेल स्टेडियम को भी इस परियोजना से जोड़ा जाएगा। खेल प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के ठहरने के लिए मंदिर परिसर में बनाए जा रहे कमरों का उपयोग किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को सुरक्षित और सुविधा जनक आवास उपलब्ध होगा तथा खेल गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि धार्मिक पर्यटन और खेल पर्यटन का यह अनूठा मॉडल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को खेलों के साथ–साथ रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।



कुटलैहड़ की सोलहसिंगी धार के टीले पर महाराजा रणजीत सिंह का किले।

सोलहसिंगी धार के किले तक बनेगा संपर्क मार्ग

कुटलैहड़ क्षेत्र योजना के दूसरे चरण में सोलहसिंगी धार के टीले पर स्थित महाराजा रणजीत सिंह के ऐतिहासिक किले को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने की तैयारी है। वर्तमान में किलों तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों भूमि संबंधी विवादों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। इसके बाद किलों तक पक्का और सुरक्षित संपर्क मार्ग तैयार किया जाएगा ताकि पर्यटक आसानी से वहां पहुंच सकें। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह के किले क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर हैं। इनका संरक्षण और विकास कर इन्हें पर्यटन से जोड़ना क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देगा।

न्यूज ब्रीफ

इंदौरा पुलिस ने नाबालिग को परिजनों से मिलाया

अनंत ज्ञान, इंदौरा। पुलिस थाना इंदौरा ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए बिहार निवासी 16 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि इंदौरा बस अड्डे के पास एक स्थानीय महिला को बालक रोता हुआ मिला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बालक से जानकारी जुटाकर उसके बिहार निवासी होने का पता लगाया और संबंधित थाना बेहरा, जिला दरभंगा से संपर्क कर परिजनों को सूचित किया। मंगलवार को परिजनों के पहुंचने के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बालक को उनके हवाले कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार जताया।

वर्क परमिट दिलाने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी। लक्जमबर्ग का वर्क परमिट दिलाने के नाम पर 1.07 लाख रुपये की ठगी के आरोप में लॉर्ड्स ऑफ वीजा, मोहाली के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस थाना खुंडियां में पीड़ित सुजान सिंह की शिकायत पर आरोपी एजेंसी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार संबंधित एजेंसी का कार्यालय और घटना स्थल पुलिस थाना मटौर, मोहाली के क्षेत्राधिकार में आता है, इसलिए मामले को आगामी जांच के लिए मटौर थाना स्थानांतरित कर दिया गया है। एसपी संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच प्रक्रिया जारी है।

चालक ने एएसआई से हाथापाई कर वर्दी फाड़ी

अनंत ज्ञान, पठानकोट। पठानकोट में अवैध माइनिंग सामग्री ले जा रहे टिप्पर चालक ने पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास किया और सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार हलेड़कलां टोल प्लाजा के पास माइनिंग विभाग द्वारा पकड़े गए अवैध रेत-बजरी से भरे टिप्परों की निगरानी की जा रही थी। तड़के चालक ने टिप्पर भगाने का प्रयास किया और पुलिस कर्मियों पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की। पीछा करने पर उसने सरकारी ईआरवी गाड़ी को टक्कर मार दी। पुलिस द्वारा पकड़ने का प्रयास करने पर आरोपी ने एएसआई से हाथापाई कर उनकी वर्दी फाड़ दी और फरार हो गया। पुलिस ने टिप्पर कब्जे में लेकर चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पालमपुर कॉलेज का निरीक्षण समिति ने किया दौरा

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की निरीक्षण समिति ने दौरा किया। उप प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने समिति का स्वागत किया। निरीक्षण का उद्देश्य महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सों की संबद्धता प्रदान करने के लिए शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना था। समिति ने बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम, बीसीए, बीबीए और पीजीडीसीए सहित अन्य पाठ्यक्रमों की सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब और अन्य व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया गया। समिति में विश्वविद्यालय के नामित सदस्य और विषय विशेषज्ञ शामिल रहे।

डाडासीबा में स्मार्ट मीटरों के विरोध में खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। रियासत डाडासीबा किसान सभा की बैठक सपूल खड्ड में अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में किसानों ने सरकार द्वारा टाटा/एसएसवाई कंपनी के माध्यम से लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटरों का विरोध किया। किसानों ने कहा कि सही तरीके से चल रहे पुराने मीटर हटाकर नए मीटर लगाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने स्मार्ट मीटरों से बिजली बिल बढ़ने, गलत रीडिंग और तकनीकी समस्याओं की आशंका जताई। किसान सभा ने सरकार से बिना सहमति स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रोकने की मांग की। साथ ही जबरन मीटर लगाने पर जनजागरण अभियान और आंदोलन की चेतावनी दी।

विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, कोटला। वन परिक्षेत्र ज्वाली के गुरियाल बीट, भोल खास में बुधवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीएफ नूरपुर निशांत पाराशर ने की। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों, वन मित्रों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। राजकीय उच्च विद्यालय लार्थ के विद्यार्थियों ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का महत्त्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया

दो छात्रों के लापता होने पर लिया संज्ञान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेद व्यास परिसर बलाहर के दो नाबालिग छात्रों के लापता होने के मामले में जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) कांगड़ा ने संज्ञान लिया है। समिति ने देहरा पुलिस से मामले की रिपोर्ट तलब की है। दोनों छात्र सोमवार को घर से संस्थान के लिए निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की, जिसमें उनके बैग लोअर सुनहेत के पास ब्यास नदी किनारे मिले। पुलिस प्रशासन की मदद से नदी क्षेत्र में खोज अभियान चला रही है। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा ने बताया कि समिति मामले पर नजर बनाए हुए है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

तकनीकी कौशल से बढ़ेंगी रोजगार संभावनाएं

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में इन्फोहेल्स टेक्नोलॉजीज शाहपुर द्वारा भविष्य के करियर में आईटी एवं एआई की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया, आईटी क्षेत्र में करियर संभावनाओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्त्व से अवगत करवाना था। विशेषज्ञों ने बताया कि आज तकनीक शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, व्यवसाय और डेटा एनालिटिक्स सहित हर क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विद्यार्थियों को डिजिटल और तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन में प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

थुरल में श्रद्धा से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

अनंत ज्ञान, डरोह। गायत्री महिला मंडल थुरल की ओर से गायत्री शक्तिपीठ थुरल में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, जप और हवन-यज्ञ से हुआ। पूर्ण आहुति के साथ विश्व शांति और लोक कल्याण की कामना की गई। युग सेनानी जगदीश बाशल ने गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने का पर्व है। इस अवसर पर भजन-कीर्तन भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पदोन्नति पर रोक से कर्मियों में नाराजगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन जिला कांगड़ा ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मांग पत्र सौंपा। संघ ने वरिष्ठ सहायकों की पदोन्नति पर लगी रोक हटाने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण और विभागीय नीतियों में सुधार की मांग उठाई। जिला प्रधान अश्वनी कुमार पलिया और महासचिव पंकज राणा ने बताया कि वरिष्ठ सहायकों की अधीक्षक ग्रेड-दो पद पर पदोन्नति करीब तीन वर्षों से लंबित है। उन्होंने पात्र कर्मचारियों के शीघ्र नियमितीकरण और विशेष भत्तों में वृद्धि की भी मांग की। संघ ने मंत्री से जल्द सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई।

सालन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 2 अगस्त को

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत बलोह के गांव सालन में 2 अगस्त 2026 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अरला की ओर से पंचायत परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में क्षेत्रवासियों के लिए निःशुल्क मधुमेह जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके लिए परीक्षण खाली पेट किया जाएगा। डॉक्टरों की सलाह पर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। अस्पताल प्रबंधन ने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी देंगे।

जापानी फल क्लस्टर के लिए 25 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि चिन्हित

अब 35 हेक्टेयर में होगी खेती, अंदरली मलां में दस हेक्टेयर में तैयार किया जा रहा क्लस्टर

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। शिवा प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न फलों के उत्पादन व क्लस्टर तैयार करने पर फोकस किया जा रहा है। इसी कड़ी में जापानी फल क्लस्टर के लिए उद्यान विभाग ने अतिरिक्त करीब 25 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की है, जबकि जिला कांगड़ा के अंदरली मलां में पिछले वर्ष से जापानी फल कलस्टर में पौधरोपण शुरू किया जा चुका है। जहां 5 हजार पौधे रोपित किए जा चुके हैं, जबकि शेष पौधे इस वर्ष सर्दियों में रोपित किए जाएंगे। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि जिला कांगड़ा में 25 हेक्टेयर में जापानी फल की खेती होगी।

गौरतलब है कि जापानी फल (जिसे पर्सिमॉन या खुरमा और स्थानीय रूप से अमरफल या अमलुक भी कहते हैं) एक पौष्टिक फल है, जो दिखने में टमाटर जैसा और पकने पर शहद जैसा मीठा होता है। यह भारत के पहाड़ी इलाकों जैसे हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में उगाया जाता है।

◆ **5 हजार पौधे किए रोपित सर्दियों में होगा शेष पौधरोपण**

शिवा परियोजना में नई फसलों पर फोकस

उद्यान विभाग जिला कांगड़ा के उपनिदेशक डॉ. अलक्ष पठानिया ने बताया कि शिवा परियोजना के तहत नई फसलों पर फोकस किया जा रहा है। इसी कड़ी में जापानी फल का कलस्टर तैयार किया जा रहा है, इसके लिए उद्यान विभाग ने अंदरली मलां को चुना है। जहां 10 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। जापानी फल कलस्टर में करीब 5 हजार पौधे रोपित किए जा चुके हैं, जबकि शेष पौधारोपण इस वर्ष किया जाएगा। जापानी फल के पौधों का रोपण सर्दियों में किया जाता है।

मंडी में भी हैं जापानी फल क्लस्टर: अलक्ष

बकौल डॉ. अलक्ष पठानिया इसके अलावा जापानी फल उत्पादन के लिए करीब 25 हेक्टेयर भूमि अतिरिक्त चिन्हित की गई है। जहां पर अगले सर्दियों के सीजन में पौधारोपण किया जाएगा। चिन्हित भूमि का कुछ हिस्सा अंदरली मलां में हैं, जबकि कुछ हिस्सा अन्यत्र है। जिला मंडी में भी जापानी फल के कलस्टर तैयार किए गए हैं, जिनका अधिकतर क्षेत्र अंदरली मलां क्षेत्र के साथ लगता है। इसके अलावा सुंदरनगर में भी जापानी फल के कलस्टर स्थापित किए गए हैं।

कांगड़ा जिला में बरसात से 128 करोड़ के नुकसान का आकलन

◆ **बारिश से कांगड़ा में 33 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्तः डीसी**

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में इस बार बरसात से अब तक करीब 128 करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। सबसे अधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग को हुआ है। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि बरसात के कारण जिले में 33 पक्के घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 39 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 39 मवेशियों के नुकसान की भी रिपोर्ट दर्ज की गई है।

डीसी ने बताया कि घरों को सबसे अधिक नुकसान बोह वैली क्षेत्र में हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवारों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जहां भी बरसात से नुकसान हो रहा है, वहां एसडीएम और तहसीलदारों के माध्यम से प्रभावित लोगों को तुरंत राहत उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड और जल शक्ति विभाग को हुए नुकसान की भरपाई के लिए विभागों की मांग के अनुसार धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है। मौसम विभाग की ओर से जारी यलो अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। बोह वैली के राहत शिविर में रह रहे प्रभावित लोगों के लिए मेडिकल कैंप भी लगाया गया है, ताकि संक्रमण से जुड़ी बीमारियों से बचाव किया जा सके।

डीसी ने बताया कि आपदा प्रभावित परिवारों को किराए के मकान में रहने पर सरकार की ओर से प्रतिमाह 5 हजार किराया सहायता दी जाएगी। स्कूल खुलने के बाद प्रभावितों के लिए दीर्घकालीन पुनर्वास योजना तैयार की जाएगी। प्रभावित परिवारों के राशन कार्ड बनवाए जा चुके हैं और उन्हें एलपीजी सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

फेल से कंपार्टमेंट में आए छात्रों को राहत, शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का परीक्षा का 'स्पेशल चांस' देने का ऐलान

अनंत ज्ञान

◆ **10वीं के 222 और 12वीं के 155 परीक्षार्थियों का एक साल बर्बाद होने से बचा**

ब्यूरो धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने उन सैकड़ों विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है, जो मार्च-2026 की बोर्ड परीक्षाओं में फेल हो गए थे, लेकिन री-इवैल्यूएशन के बाद उनकी उम्मीदें फिर से जाग गई हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनका परिणाम पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बाद 'फेल' से 'कंपार्टमेंट' या 'एसेंशियल इम्प्रूवमेंट' की श्रेणी में बदला है, उन्हें बोर्ड परीक्षा पास करने के लिए एक 'वन-टाइम स्पेशल चांस' (एकमुश्त विशेष अवसर) देने जा रहा है। बोर्ड का यह संवेदनशील निर्णय उन छात्रों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है, जो जुलाई में हुई अनुपूरक परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए थे।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस अहम फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2026 में आयोजित 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं (जमा दो) की नियमित परीक्षाओं के बाद कई छात्रों ने अपने अंकों से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था। जब इन आवेदनों का संशोधित परिणाम घोषित हुआ, तो मैट्रिक के 222 और जमा दो के 155 परीक्षार्थियों का परिणाम सुधरकर 'अनुत्तीर्ण' से ' ज़रूरी सुधार/कम्पार्टमेंट में तब्दील हो गया। इन 377 विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी दुविधा यह खड़ी हो गई थी कि जब तक उनका यह संशोधित परिणाम आया, तब तक जुलाई 2026 में आयोजित होने वाली अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) या द्वितीय परीक्षा संपन्न हो चुकी थी। परिणाम देरी से आने के कारण ये छात्र उस परीक्षा में बैठने से पूरी तरह चूक गए थे। ऐसे में इन विद्यार्थियों का एक पूरा शैक्षणिक वर्ष दांव पर लगा था। विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने और उनके शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए, शिक्षा बोर्ड ने इन सभी पात्र परीक्षार्थियों को यह विशेष मौका देने का न्यायसंगत निर्णय लिया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि शिक्षा बोर्ड हमेशा से विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है और विद्यार्थी-केंद्रित निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस विशेष परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया कैसे होगी व परीक्षा की तिथियां क्या होंगी, इस संबंध में एक विस्तृत अधिसूचना बोर्ड द्वारा जल्द ही आधिकारिक तौर पर जारी की जाएगी।

सुक्खू सरकार की उपेक्षा से केंद्रीय विश्वविद्यालय अधर में लटकाः कल्याण भंडारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर को लेकर चल रहे विवाद पर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय केवल भवन निर्माण की परियोजना नहीं, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य और हिमाचल की प्रतिष्ठा से जुड़ा महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा सरकार से जवाब मांगा जाना प्रशासनिक विफलता और लापरवाही को दर्शाता है। भंडारी ने आरोप लगाया कि सरकार ने वन संरक्षण अधिनियम सहित जरूरी प्रक्रियाओं को समय पर पूरा नहीं किया, जिसके कारण विश्वविद्यालय परिसर का निर्माण कानूनी अड़चनों में फंस गया है।उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2023 में ही सरकार ने 30 करोड़ रुपये की देय राशि जमा करवा दी होती तो परिसर का निर्माण काफी आगे बढ़ चुका होता और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया होता। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा से जुड़े इतने महत्वपूर्ण मुद्दे को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा गया, जिससे धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों के विकास को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विवि को लेकर केवल वर्तमान कांग्रेस सरकार ही नहीं, बल्कि पूर्व भाजपा सरकारों का रवैया भी उदासीन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों प्रमुख दलों ने राजनीति को प्राथमिकता दी और छात्रों व जनता के हितों की अनदेखी की।

गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करना जीवन का सौभाग्यः विपिन परमार

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। भाजपा नेता एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न संतों और आध्यात्मिक गुरुओं से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है, जो मनुष्य को ज्ञान, संस्कार और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। परमार ने श्री गोविंद आश्रम परौर में श्री प्रेमानंद महाराज सहित अन्य संतों के दर्शन किए तथा भवारना, नौरा और शांतल में भी संतों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर उन्होंने गुरु रविदास जी के संदेशों को भी समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

आईएसआई प्रमाणित उत्पादों की खरीद से गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करें: एडीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा बुधवार को उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडीसी विनय कुमार ने कहा कि आईएसआई प्रमाणित उत्पादों की खरीद से उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीआईएस मानक चिह्न उत्पादों के भारतीय मानकों के अनुरूप होने की पुष्टि करता है। कार्यक्रम में बीआईएस परवाणु शाखा के संयुक्त निदेशक सुभम तिवारी ने अधिकारियों को आईएसआई, बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क और हॉलमार्क की पहचान व महत्व की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सोने के आभूषण खरीदते समय हॉलमार्क और एचयूआईडी कोड की जांच करने की अपील की।

करुणामूलक नीति में 3 लाख आय सीमा हो खत्म

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश करुणामूलक संघ ने करुणामूलक नीति में वार्षिक 3 लाख रुपये आय सीमा समाप्त कर सभी पात्र आश्रितों को एकमुश्त नौकरी देने की मांग उठाई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र अत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मीडिया सलाहकार नरेश चौहान और मुख्य सचिव से मिलकर समस्याओं से अवगत करवाया है। उन्होंने कहा कि आय सीमा के कारण कई परिवार नौकरी से वंचित हो रहे हैं। संघ ने सभी 3234 आश्रितों को समान दृष्टि से देखते हुए वन टाइम सेटलमेंट के तहत नियुक्तियां देने और पूर्व में रिजेक्ट किए गए 2542 मामलों पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

आईटीआई शाहपुर में 63 युवाओं का चयन

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर में आयोजित परिसर चयन प्रक्रिया में जीएनए एक्सल लिमिटेड होशियारपुर ने 77 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए, जिसमें 63 युवाओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थी अगस्त माह में कंपनी में कार्यभार संभालेंगे। प्रक्रिया कंपनी के अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई। संस्थान के प्रधानाचार्य अभियंता रवि कुमार ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवाना है। चयनित युवाओं को 20,000 रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ पीएफ, ईएसआई, रहने और भोजन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी नेक राम ठाकुर ने चयन प्रक्रिया का संचालन किया।

4 दिन बंद रहेंगी सुनारों की दुकानें

अनंत ज्ञान, प्रागपुर। उपमंडल देहरा में स्वर्णकार संघ देहरा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्र के स्वर्णकारों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30, 31 जुलाई तथा 1 और 2 अगस्त 6 को क्षेत्र की सभी सुनारों की दुकानें बंद रहेंगी। संघ प्रवक्ता अविनाश सेठी ने बताया कि इस निर्णय के तहत ढलियारा, परागपुर, रक्कड़, बढ़ल, लंबीपुखर, नैहरनपुखर, सुनहेत, देहरा, हरिपुर, बनखंडी, नलसुहा, खबली, मुहल, डाडासीबा, गरली और ध्वाला सहित अन्य क्षेत्रों के स्वर्णकार अपनी दुकानें बंद रखकर समर्थन करेंगे।

बोह आपदा में त्वरित राहत कार्यों को लेकर पठानिया की सराहना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश कुमार पटाकू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीना ठाकुर, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष वाली राम, पूर्व प्रधान अजय बबली, एससी प्रकोष्ठ महासचिव प्रभात चंद और युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांश कटोच ने संयुक्त बयान में विधायक केवल सिंह पठानिया के कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पहली बार विधायक बनने के बावजूद उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधायक केवल सिंह पठानिया ने जनसेवा की मिसाल पेश की है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि बरसात से पहले ही संभावित प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए विधायक ने डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित कर विभागीय अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस व पंचायत स्तर पर समितियां गठित कर कार्यकर्ताओं को राहत कार्यों में सहयोग और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। नेताओं ने कहा कि बोह आपदा के दौरान पूर्व तैयारी और त्वरित नेतृत्व से राहत कार्यों में तेजी आई।

कैलाश आश्रम गुजरेहड़ा में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा

अनंत ज्ञान

पालमपुर। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के हिमालयन योग व ध्यान केंद्र कैलाश आश्रम गुजरेहड़ा, गोपालपुर में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरु परंपरा में आने वाले सभी गुरुओं का स्मरण कर श्रद्धालुओं ने उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और गुरु ज्ञान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजा के साथ हुआ। इसके साथ ही श्रावण मास के उपलक्ष्य में रुद्र पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी ज्ञानेश्वर के साथ आए वेद पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से रुद्राभिषेक संपन्न करवाया।

इस पावन अवसर पर जिला कांगड़ा सहित दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रुद्र पूजा में भाग लिया और सामूहिक ध्यान किया। कार्यक्रम के अंत में महासत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें आश्रम परिसर शिव भजनों और मंत्रोच्चारण से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया। बताया गया कि श्रावण मास में धर्मशाला, गगल, कांगड़ा, ठाकुरद्वारा और पालमपुर सहित कई स्थानों पर रुद्र पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्वामी ज्ञानेश्वर जी और वेद पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक करवाया जाएगा। श्रावण मास में श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करते हैं।

इलाज का दावा खारिज करना बीमा कंपनी को पड़ा महंगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला उपभोक्ता विवाद आयोग कांगड़ा ने स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए बीमा धारक के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने कंपनी को उपचार खर्च के 58,729 रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने, 20 हजार रुपये मानसिक प्रताड़ना और 15 हजार रुपये वाद खर्च के भुगतान के आदेश दिए हैं। परिवादी गुरदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में परिवार का स्वास्थ्य बीमा करवाया था। अगस्त 2023 में उनके पुत्र अगम कहलोन के उपचार पर 58,729 रुपये खर्च हुए, लेकिन कंपनी ने अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता न होने का हवाला देकर दावा खारिज कर दिया। आयोग ने चिकित्सकीय दस्तावेजों और डॉक्टर के प्रमाणपत्र के आधार पर माना कि मरीज को भर्ती कर उपचार देना आवश्यक था। आयोग ने कहा कि भर्ती का निर्णय उपचार करने वाले चिकित्सक का अधिकार है, बीमा कंपनी का नहीं। दावा खारिज करना सेवा में कमी है।

फिर दरका कांगड़ा संग्रहालय का पिछला हिस्सा

भूस्खलन से बढ़ा खतरा, जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। लगातार हो रही बारिश के बीच धर्मशाला स्थित कांगड़ा संग्रहालय के पीछे एक बार फिर भूस्खलन होने से सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी हो गई हैं। भूस्खलन के कारण पहाड़ी से मलबा और एक विशाल पेड़ नीचे आ गिरा। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि या वाहन क्षतिग्रस्त नहीं हुआ, लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है।

लगातार हो रही बारिश के बीच संग्रहालय परिसर में दोबारा हुए भूस्खलन ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब स्थानीय लोगों और कर्मचारियों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है, ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को किसी बड़े नुकसान से बचाया जा सके।

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि इस स्थान पर पहले भी लैंडस्लाइड हुई थी, जिसके बाद लोक निर्माण विभाग को तुरंत रेस्टोरेशन का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए थे और विभाग ने काम भी शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि अब उसी स्थान के आगे फिर से लैंडस्लाइड हुई है, जिससे ऊपर मौजूद संपत्तियों पर खतरा बढ़ गया है। डीसी ने कहा कि लोनिवि को तुरंत मौके पर जाकर स्थिति का दोबारा आकलन करने और तत्काल किए जा सकने वाले सुरक्षा उपायों की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बिना देरी के आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

पिछले साल भी हुआ था भूस्खलन : कुलवंत

कांगड़ा कला संग्रहालय में तैनात होमगार्ड जवान कुलवंत सिंह ने बताया कि सुबह करीब 8:35 बजे भूस्खलन हुआ, जिसके तुरंत बाद संबंधित विभागों को सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हुए भूस्खलन के बाद सुरक्षा दीवार का निर्माण तो किया गया, लेकिन कार्य अभी भी अधूरा है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा दीवार नीचे से मजबूत तरीके से बनाई जाती तो स्थिति अधिक सुरक्षित होती। उन्होंने आशंका जताई कि यदि इसी तरह बारिश जारी रही तो संग्रहालय परिसर को खतरा बढ़ सकता है।

पत्थर गिरने के बाद हुआ भूस्खलन : चंदेल

धर्मशाला बस अड्डा इंचार्ज विनोद चंदेल ने बताया कि सुबह करीब 8:15 से 8:20 बजे के बीच पहाड़ी से छोटे-छोटे पत्थर गिरने शुरू हुए और कुछ ही मिनटों में भूस्खलन हो गया। इस दौरान एक बड़ा पेड़ नीचे गिरा, लेकिन सौभाग्य से वह किसी वाहन या व्यक्ति पर नहीं गिरा। उन्होंने बताया कि खतरे को देखते हुए बस अड्डे के पास खड़े वाहनों को पहले ही सुरक्षित स्थान पर हटा दिया गया था। घटना की सूचना तत्काल क्षेत्रीय प्रबंधक और संबंधित विभागों को दे दी गई।

बस स्टैंड की ओर संग्रहालय को खतरा: मलकोटिया

कांगड़ा संग्रहालय की क्यूरेटर डॉ. रितु मलकोटिया ने बताया कि सुबह कार्यालय पहुंचने पर भूस्खलन की जानकारी मिली, जिसके बाद प्रशासन और संबंधित विभागों को सूचित किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी इस क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, जिसके बाद सुरक्षा कार्य शुरू किए गए थे, लेकिन इस बार बस अड्डे की ओर वाले हिस्से में नया खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि संग्रहालय भवन को भी खतरा बना हुआ है और करोड़ों रुपये की ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल के 39 विद्यार्थियों ने जिला शतरंज स्पर्धा में लहराया परचम

प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट के विद्यार्थियों ने पठानकोट डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी रणनीतिक सोच, एकाग्रता तथा प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में वंशिका गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मानस्वी ने अंडर-13 गर्ल्स वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-13 बॉयज वर्ग में तेजेश्वर ने चौथा और अनिरुद्ध ने पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं, आरव महाजन को कम आयु में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए यंगेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शतरंज विद्यार्थियों में धैर्य, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। निदेशक सनी महाजन ने भी सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं बौद्धिक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दे रहा है।

बरसात के बाद पक्की होगी डूग्घा के बसंदेहड़ा गांव की सड़क : बिट्टू

सुनील शर्मा बिट्टू बसंदेहड़ा गांव का दौरा करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने डूग्घा क्षेत्र के गांव बसंदेहड़ा (लाहड़) का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, हैंडपंप और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगें उनके समक्ष रखीं।

सुनील शर्मा बिट्टू ने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात समाप्त होते ही गांव की सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही हैंडपंप के पानी की जांच करवाई जाएगी और रिपोर्ट सही आने पर इसे विद्युत मोटर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इससे पहले, गांववासियों मोनू, दीना नाथ, अमर सिंह, पवन वर्मा, विजय कुमार, पिंकी देवी, बबीता देवी और अन्य लोगों ने सुनील शर्मा बिट्टू का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा अपनी समस्याएं एवं मांगें उनके समक्ष रखीं।

गुणवत्ता के दावों की खुली पोल, 6 साल में ही बदहाल हुआ चैनेलाइल्ड नाला

घटिया निर्माण के आरोप, जगह-जगह टूटा लेंटल और बाहर निकला सरिया बना खतरा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। छह साल पहले मिनी सचिवालय की बगल में चैनेलाइज्ड किए गए नाले की गुणवत्ता अब तत्कालीन नगर परिषद की लापरवाही की पोल खोल रही है। चैनेलाइजेशन के लिए किया निर्माण घटिया दर्जे का था। इसका पता अब चल रहा है। अब बरसात के मौसम में डाला गया लेंटल कई जगहों पर किसी भी समय 'धड़ाम' होकर गिर सकता है। जगह-जगह पर सर यह निकल चुके हैं। लेंटर उखड़ चुका है, जिन लोगों की सुविधा के लिए यह निर्मित हुआ था, अब वे परेशान हो रहे हैं।

दीगर बात यह है कि न केवल जिला प्रशासन की नाक तले, बल्कि तत्कालीन नगर परिषद के नुमाइंदों के लिए भी इस तरह का घटिया काम उनकी जवाब देही को 'बट्टा' लग रहा है। मिनी सचिवालय के ठीक पिछवाड़े, ट्रेजरी के पास से यह नाला शुरू होता है और नीचे हथली खड्ड तक पहुंचता है। किसका तकरीबन 500 मीटर लंबा काम तब हुआ था, लेकिन जो हुआ वह अब महसूस हो रहा है। इस पर गाड़ी लेकर चलना खतरे से खाली नहीं है। क्योंकि बरसात के इस मौसम में कभी भी कहीं भी लेंटर धड़ाम होने की स्थिति में पहुंच चुका है। इसका मुकम्मल तौर पर सारा दोष तत्कालीन नुमाइंदों और उन ठेकेदारों के अलावा नगर परिषद के तत्कालीन तकनीकी अधिकारियों और कर्मचारी के सिर ही मढ़ा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि उन्हीं की जवाबदेही थी। इस नाले का चैनेलाइजेशन का काम अभी अधूरा है। फिर से थोड़ा बहुत शुरू तो हुआ है। लेकिन अंजाम तक कब पहुंचेगा, इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

फिलहाल तो लोग यहां के यही चाह रहे हैं कि इसकी रिपेयर हो जाए और जो खतरा हर समय बरकरार है उसे फिलहाल राहत भी मिल जाए और गाड़ियों का आसानी से यहां से आना-जाना बन जाए। क्योंकि कई जगह लोगों ने खुद टूटे हुए लेंटर और निकले हुए सरिया के ऊपर से गाड़ी निकालने के लिए लकड़ी के टुकड़े डाले हुए हैं।

निकले हुए सरिया जो गुणवत्ता की पोल खोल रहे। अनंत ज्ञान

जल्द होगा मरम्मत कार्य : कमिश्नर

नगर निगम के कमिश्नर राकेश शर्मा का कहना है कि उनके ध्यान में यह सारा मामला आ चुका है और अब जल्दी ही मुरम्मत का काम शुरू होगा।

गुरु पूर्णिमा पर पूर्व सीएम धूमल से मिले भाजपा नेता, लिया आशीर्वाद

पूर्व सीएम धूमल से मुलाकात करते हुए भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

संजीव चौहान, टौणी देवी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल, वीरेंद्र ठाकुर, पवन शर्मा, तिलक राज बहल, चमन ठाकुर,रमेश चौहान,हरनाम सिंह, अजय रिंकू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर नेताओं ने प्रो. धूमल को अपना मार्गदर्शक एवं गुरु मानते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। गुरु पूर्णिमा के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। गुरु ही अपने अनुभव, ज्ञान और संस्कारों से व्यक्ति को सही दिशा प्रदान करते हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रो. धूमल के नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा की भावना से उन्हें निरंतर प्रेरणा मिलती रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनका मार्गदर्शन भविष्य में भी कार्यकर्ताओं को समाज एवं संगठन की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर सभी ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में गुरु-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ बनाए रखने का संदेश भी दिया।

न्यूज ब्रीफ

एसपी बलवीर सिंह ने छात्रों से किया संवाद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय बड़सर का दौरा कर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और स्टाफ के साथ संवाद किया। इस दौरान नशे के दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और करियर विकल्पों पर चर्चा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, कानून पालन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। एसपी ने प्रदेश सरकार के नशा मुक्त हिमाचल अभियान की जानकारी देते हुए युवाओं से इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

पंचायत घरों को सोलर पावर सिस्टम से जोड़ें: गर्ग

अनंत ज्ञान, बड़सर। विकासखंड कार्यालय बिझड़ी में नव निर्वाचित ग्राम पंचायत प्रधानों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें एडीसी हमीरपुर अभिषेक गर्ग ने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों की बेहतर योजना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने पंचायत घरों को सोलर पावर सिस्टम से संचालित करने, बच्चों के लिए हर्बल पार्क विकसित करने और पंचायत भवनों पर हिमाचली संस्कृति को दर्शाती पेंटिंग करवाने के सुझाव दिए। कार्यशाला में डीडीओ अस्मिता ठाकुर, डीपीओ बबीता गुलरिया और बीडीओ राजेश कुमार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान, उपप्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

पेंशनर्स संघ ने लंबित मांगों पर किया मंथन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ, बल्ह खंड इकाई की मासिक बैठक बुधवार को डडौर में खंड प्रधान मंगत राम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ ने जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनरों तथा 25 हजार रुपये तक बेसिक पेंशन पाने वाले पेंशनरों को संशोधित पेंशन देनदारियों के भुगतान पर सरकार का आभार जताया। साथ ही शेष लंबित पेंशन एरियर, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। महंगाई भत्ते की पांच लंबित किस्तें जारी न होने पर भी पेंशनरों ने नाराजगी व्यक्त की।

कंगना रनौत का बयान शर्मनाक : अनीता वर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। सांसद कंगना रनौत के बयान को लेकर महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे शर्मनाक, असंवेदनशील और युवाओं का अपमान बताया। अनीता वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं और बेटियों के प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांत, संस्कारी और सौहार्दपूर्ण परंपराओं वाला राज्य है। यहां से चुने गए प्रतिनिधियों के शब्दों और आचरण में जिम्मेदारी झलकनी चाहिए। उन्होंने भाजपा नेतृत्व से भी इस मामले पर आत्ममंथन करने की मांग की। अनीता वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में केवल चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता और भाषा भी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कंगना रनौत से अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करने की मांग की।

हमीरपुर में हैप्पिनेस प्रोग्राम आज से

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। आर्ट ऑफ लिविंग, हमीरपुर द्वारा 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम चौहान हाउस, हाउस नंबर 69, नजदीक कालिया मार्ट, हीरानगर हमीरपुर में आयोजित होगा। इसमें प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योग और ध्यान सहित तनावमुक्त व आनंदमय जीवन जीने की तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य, ऊर्जा, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होगा। आर्ट ऑफ लिविंग ने इच्छुक नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। यह जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी जोगिंदर ठाकुर ने दी।

गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, धनेटा। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रीतम चंद ने गुरु-शिष्य परंपरा, अनुशासन और जीवन में सफलता के लिए गुरु मार्गदर्शन की आवश्यकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि मां प्रथम गुरु होती हैं, जबकि शिक्षक जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने गुरुजनों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

हमीरपुर में फ्यूचर यूथ लीडरशिप बूट कैंप कल से

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मेरा युवा भारत (माय भारत), जिला हमीरपुर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत 31 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक जिला पंचायत संसाधन केंद्र, हमीरपुर में तीन दिवसीय आवासीय फ्यूचर यूथ लीडरशिप बूट कैंप आयोजित किया जाएगा। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के चयनित युवाओं को नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, संचार कौशल, टीम वर्क, निर्णय क्षमता, योग, फिटनेस, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। जिला युवा अधिकारी दीपमाला ठाकुर ने चयनित युवाओं से समय पर पहुंचकर शिविर का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

लखनपाल बजट का श्रेय लेते हैं, देरी पर मुख्यमंत्री को घेरते हैं: रूबल सिंह

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। एचपीएमसी एवं नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लगातार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक को भाजपा के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से पहले अपनी पार्टी में चल रहे कथित मतभेदों को संभालना चाहिए।

रूबल सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि अपनी पार्टी की अंदरूनी खींचतान से ध्यान हटाने के लिए विधायक लगातार प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब भी लखनपाल पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग ठाकुर का विरोध करते रहे और अब कांग्रेस सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़सर में बनने जा रहे बस स्टैंड को लेकर विधायक अब श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि पहले मेहरे-बड़सर के नाम को लेकर लोगों को भ्रमित किया गया। जमीन के मुद्दे को उठाकर भी जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

रूबल सिंह ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र की पेयजल समस्या पुरानी है और भाखड़ा पेयजल योजना के पूरी तरह शुरू होने के बाद इसका स्थायी समाधान हो जाएगा। उन्होंने विधायक द्वारा लगाए जा रहे 'जंगलराज' के आरोपों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उनके पास कोई तथ्य हैं तो उन्हें जनता के सामने रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी सड़कों की मरम्मत एक साथ संभव नहीं है। सरकार चरणबद्ध तरीके से खराब सड़कों की मरम्मत करवा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन विकास कार्यों का बजट मंजूर हो जाता है, उनका श्रेय विधायक लेने लगते हैं, जबकि देरी होने पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगा दिए जाते हैं। रूबल सिंह ठाकुर ने विधायक से पूछा कि उन्होंने बड़सर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से अब तक कितनी बार मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए सरकार के साथ समन्वय जरूरी है।

नेपाली मूल की महिला का ग्रामीणों ने किया अंतिम संस्कार

अनंत ज्ञान, गलोड़। गलोड़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत हड़ेटा में व्यापरीयों और ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल पेश की है। यहां नेपाली मूल की एक असहाय महिला की मृत्यु होने पर ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से उसका अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान रामकली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह चार-पांच महीने पहले ही वह अपनी बेटी के पास हड़ेटा में रहने के लिए आई थी। बीते कुछ दिनों से वह बीमार चल रही थी और बुधवार सुबह उसने दम तोड़ दिया।

परिजनों के असहाय होने और साधन न होने पर स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों ने मानवता का परिचय दिया। दुकादारों और ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से लकड़ी, कफन और अन्य सामग्री की व्यवस्था कर श्मशान घाट में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया। इस पुनीत कार्य में योगेश लखनपाल, राजन शर्मा, देव राज, राज कुमार, बांकु शर्मा, सतपाल, नवीन, अश्वनी कुमार,सन्नी सहित अन्य ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया।

छात्र हितों पर एबीवीपी का सरकार को अल्टीमेटम, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की हमीरपुर इकाई ने छात्र हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो जिला हमीरपुर में व्यापक छात्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिला मीडिया संयोजक जतिन धीमान, विभाग संयोजक एवं एचपीटीयू इकाई अध्यक्ष भवानी सिंह तथा जिला संयोजक हर्ष चौहान ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई अहम मुद्दों की लगातार अनदेखी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू) में पिछले दो वर्षों से कुलपति (वीसी) का पद रिक्त पड़ा है, जिसके कारण प्रशासनिक फैसलों में देरी हो रही है और विद्यार्थियों की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा। विश्वविद्यालय का पूरा तंत्र फिलहाल एडहॉक व्यवस्था के सहारे चल रहा है तथा रिक्त पद भी नहीं भरे जा रहे हैं।

परिषद नेताओं ने बताया कि ऊना में आयोजित एबीवीपी की राज्य कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश के शैक्षणिक और सामाजिक परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा के बाद दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें शिक्षा व्यवस्था की कमियों को दूर करने, छात्र हितों की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों के समाधान की मांग प्रमुख रही। एबीवीपी ने एचपीटीयू में स्थायी कुलपति की शीघ्र नियुक्ति, विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बढ़ाई गई फीस वापस लेने की मांग उठाई। परिषद ने विशेष रूप से रिवैल्यूएशन शुल्क 300 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए किए जाने को छात्र विरोधी निर्णय बताते हुए इसे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ करार दिया।

परिषद ने कहा कि यदि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हितों से जुड़े इन मुद्दों पर जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। परिषद ने दोहराया कि वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

कांग्रेस नेताओं को लगा लेना चाहिए चश्मा तब दिखेगा बड़सर का विकास : लखनपाल

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। भाजपा की आक्रोश रैली के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों पर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को अच्छे डॉक्टर से आंखों की जांच करवाकर चश्मा लगवा लेना चाहिए, तभी उन्हें बड़सर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की वास्तविक तस्वीर दिखाई देगी। विधायक ने कहा कि भाजपा की आक्रोश रैली पार्टी का लोकतांत्रिक आंदोलन था, जिसमें दोनों मंडलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह रैली प्रदेश सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और क्षेत्र की समस्याओं के विरोध में आयोजित की गई थी।

भाखड़ा पेयजल योजना को लेकर लखनपाल ने कहा कि इसकी शुरुआत और प्रक्रिया पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने दावा किया कि योजना के टेंडर भी उसी समय किए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार बनने के बाद योजना की गति धीमी हुई है। उन्होंने सरकार से योजना की प्रगति और शेष कार्यों का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की।

जल शक्ति विभाग में नियुक्तियों को लेकर विधायक ने आरोप लगाया कि बड़सर क्षेत्र के योग्य युवाओं की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही संबंधित दस्तावेज और प्रमाण सार्वजनिक किए जाएंगे तथा चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की। विकास कार्यों का श्रेय लेने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार योजनाएं सरकार के समक्ष रखते हैं। यदि उन योजनाओं को मंजूरी मिलती है तो जनता को इसकी जानकारी देना उनका दायित्व है। उन्होंने जजरी, बलड़ा और करलोटी सड़क परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि इसकी डीपीआर उनके कार्यकाल में तैयार हुई और नाबार्ड से करीब 9.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली।

सीएम से मुलाकात के सवाल पर लखनपाल ने कहा कि वह बड़सर की समस्याओं को लेकर तीन बार मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंप चुके हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और अन्य मुद्दों को विधानसभा में भी लगातार उठाया गया है। उन्होंने भाजपा में गुटबाजी के आरोपों को भी खारिज करते हुए कहा कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है। विधायक ने कांग्रेस नेताओं को चुनौती दी कि यदि उनके पास आरोपों के समर्थन में तथ्य और दस्तावेज हैं तो उन्हें जनता के सामने रखें।

नादौन के अमतर बेला की कुमकुम ने पहले प्रयास में की सेट परीक्षा उत्तीर्ण

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन के अमतर बेला की प्रतिभाशाली छात्रा कुमकुम ने प्रथम प्रयास में ही एचपी-टेट (संस्कृत) परीक्षा में 150 में से 146 अंक लेकर उत्तीर्ण कर क्षेत्र, माता-पिता, गुरुजनों को गौरवान्वित किया है। कुमकुम के पिता तरसेम सिंह पेशे से चालक (ड्राइवर) हैं तथा माता सुषमा देवी गृहिणी हैं। विशेष बात यह है कि विज्ञान संकाय से शिक्षा आरंभ करने के बावजूद कुमकुम ने संस्कृत विषय को अपनाकर अल्प समय में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कुमकुम ने वर्ष 2021 में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन से .2 (नॉन-मेडिकल) उत्तीर्ण की। संस्कृत अध्यापक आचार्य नरेश मलोटिया से प्रेरित होकर उन्होंने संस्कृत को अपने उच्च अध्ययन का आधार बनाया। इसके उपरांत उन्होंने सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय डोहगी से वर्ष 2024 में शास्त्री परीक्षा 91.29 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की। वर्तमान में वह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से संस्कृत में एम.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। कुमकुम के संस्कृत अध्यापक आचार्य नरेश मलोटिया ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कुमकुम छठी से दसवीं कक्षा तक अत्यंत अनुशासित, विनम्र, परिश्रमी और मेधावी छात्रा रही हैं।

खाद्यान्न गुणवत्ता पर सख्ती, एडीसी ने दिए लगातार सैंपलिंग और टेस्टिंग के निर्देश

अनंत ज्ञान

◆ कहा- हमीरपुर में 3421 निरीक्षणों में लिए गए 75 सैंपल

ब्यूरो, हमीरपुर। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) अभिषेक गर्ग ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों और नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को जिले में खाद्यान्नों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फील्ड में लगातार सैंपलिंग और टेस्टिंग करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने कहा कि उचित मूल्य की सभी 320 दुकानों पर शिकायत नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं, ताकि उपभोक्ता खाद्यान्नों की गुणवत्ता या उपलब्धता से जुड़ी किसी भी समस्या की तुरंत शिकायत कर सकें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की पहली छमाही में जिले में भारतीय खाद्य निगम और राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के गोदामों, आटा मिलों तथा उचित मूल्य की दुकानों में 3421 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 75 खाद्यान्न सैंपल लिए गए, जिनमें से केवल एक सैंपल गुणवत्ता जांच में फेल पाया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में 2089 निरीक्षण किए गए, जिनमें अनियमितता मिलने पर पांच मामलों में 9252 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

एडीसी ने बताया कि जिले में 1,53,647 राशन कार्डों से जुड़े 5,48,675 उपभोक्ताओं को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं 10 गैस एजेंसियों के माध्यम से 1,63,150 उपभोक्ताओं को रसोई गैस की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को सभी क्षेत्रों में सिलेंडरों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी राशन कार्ड धारकों की आधार और मोबाइल सीडिंग पूरी हो चुकी है, जबकि 96 प्रतिशत राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी भी पूरी कर ली गई है। बैठक में उचित मूल्य की नई दुकानों के प्रस्तावों और आवेदनों पर भी चर्चा की गई। पात्र और उपयुक्त आवेदनों को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया।

कृषि को लाभकारी बनाने के लिए उचित मूल्य और प्राकृतिक खेती जरूरी: डॉ. रमेश डोगरा

अनंत ज्ञान, भोरंज। राष्ट्रीय किसान संगठन ने किसानों की समस्याओं के समाधान और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों से व्यापक सुधार लागू करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रमेश डोगरा ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस व दीर्घकालिक नीतियों की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का उचित और लाभकारी मूल्य समय पर मिलना चाहिए। इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था को प्रभावी बनाने और खरीद प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि लागत कम करने, बेहतर बीज, गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, सिंचाई सुविधाओं और आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। डॉ. डोगरा ने प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और जल संरक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और उत्पादन लागत कम होगी। उन्होंने कृषि अनुसंधान, आधुनिक तकनीक, डिजिटल सेवाओं और युवाओं को कृषि से जोड़ने के लिए ड्रोन, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही चुनौतियों को देखते हुए फसल बीमा योजनाओं को प्रभावी बनाने और प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का समय पर मुआवजा देने की मांग की। डॉ. डोगरा ने कहा कि संगठन हर जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करेगा।

शिलान्यास 3.65 करोड़ की परियोजना का विधायक सुरेश कुमार ने किया शिलान्यास

बस्सी चौक पर बनेगा आधुनिक व्यावसायिक केंद्र

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए बुधवार को बस्सी चौक पर करीब 3.65 करोड़ की लागत से बनने वाले व्यावसायिक केंद्र (ब्लॉक-प्रथम) और पार्किंग परियोजना का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत भोरंज के युवाओं, छोटे व्यापारियों और स्थानीय दुकानदारों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विधायक सुरेश कुमार ने विधिवत भूमि पूजन कर परियोजना की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना भोरंज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि तीन चरणों में बनने वाली इस योजना के तहत दो मंजिला आधुनिक व्यावसायिक परिसर तैयार किया जाएगा, जिसमें करीब 115 दुकानें बनाई जाएंगी। इससे स्थानीय युवाओं और व्यापारियों को अपने कारोबार के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत छोटे वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे बस्सी चौक, मिनी सचिवालय और सिविल अस्पताल क्षेत्र में लगने वाले जाम तथा पार्किंग की समस्या का समाधान होगा।

विधायक सुरेश कुमार को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल और स्थानीय खोखा धारकों के साथ चर्चा एवं सहमति के बाद इस परियोजना को आगे बढ़ाया गया है।

विधायक ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य किया जा रहा है। सम्मू स्थित सुंदर ताल का सौंदर्यीकरण, नया बस स्टैंड निर्माण और सिविल अस्पताल भोरंज में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या छह से बढ़कर करीब 20 हो गई है तथा भविष्य में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण भी प्रस्तावित है।

◆ व्यापारियों और युवाओं को मिलेगा नया अवसर

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद भोरंज में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर सुधार कार्य जारी हैं तथा बस्सी-भोरंज, भोरंज-बुलह, भोरंज-उपरला और बेलग चौक-बस्सी से मनोह मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि लोगों को जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा, बीडीओ कुलवंत सिंह, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता राजेंद्र पठानिया, ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल सहित अन्य गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

स्वामी प्रणवानंद ने की सनातन धर्म की व्याख्या

अनंत ज्ञान, मंडी। प्रणव आश्रम विकास सभा, ढांगू, नेरचौक (जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश) में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूज्य गुरुदेव स्वामी प्रणवानंद जी महाराज के सानिध्य में भव्य सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुचरणों में नमन कर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में पूज्य गुरुदेव ने सनातन धर्म की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए बताया कि हमारे शास्त्रों, यज्ञ, मंत्र एवं ध्यान के पीछे गहरा वैज्ञानिक आधार निहित है, जो मानव जीवन, स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, सकारात्मक एवं अनुशासित बनाने वाली वैज्ञानिक जीवन-पद्धति है।

भुगतान होने पर चहके किसानों के चेहरे

अनंत ज्ञान, मंडी। हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीता राम वर्मा, बल्ह के प्रधान देव राज, सचिव कृष्ण चंद चौधरी, राज्य उपप्रधान देवी रूप सैनी तथा राज्य सहसचिव राम कृष्ण ने उपनिदेशक कृषि मंडी, रामचंद्र चौधरी, बल्ह उपमण्डल के विषयवाद विशेषज्ञ विजय कुमार तथा कृषि विकास अधिकारी मुंशी लाल, केंद्रीय बीज भंडार के प्रभारी मान सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी किशोरी लाल शर्मा का बल्ह के प्रगतिशील किसानों ने रूप सिंह मायाराम बहादुर सिंह सीताराम सुंदर सिंह धनीराम हेम सिंह ने प्रियोरमेन्ट के भुगतान पर खुशी जाहिर की है। डॉ. सीता राम वर्मा ने कहा कि जून माह में आधार बीज का सैंपल मंडी भेजा था। जुलाई माह में किसानों के खाते में पैसे डाले गए हैं। डॉ. सीता राम वर्मा ने उपनिदेशक कृषि मंडी और एसएमएस प्रभारी केंद्रीय बीज भंडार भंगरोटू वास्तव में किसान हितैषी हैं। इससे पूर्व के कृषि उपनिदेशक मंडी नवंबर-दिसंबर में भुगतान करते थे।

सरकाघाट की मंजू ने पास किया एचपी सेट

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोंटा, सरकाघाट की विज्ञान संकाय की अध्यापिका मंजू देवी ने एचपी सेट परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस सफलता को उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम माना जा रहा है। वे अपने कार्यक्षेत्र में एक उत्कृष्ट, समर्पित और प्रेरणादायक अध्यापिका के रूप में जानी जाती हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने और उनमें सीखने की रुचि पैदा करने के लिए उनका प्रयास सराहनीय रहा है। जानकारी के अनुसार, मंजू देवी मूल रूप से जिला हमीरपुर के बराड़ा क्षेत्र की निवासी हैं, जबकि उनका ससुराल ग्राम पंचायत अपर बरोट, डाकघर फतेहपुर, सरकाघाट जिला मंडी में है।

बड़ोह में आवारा कुत्ते ने अधिवक्ता को काटा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर के बड़ोह वार्ड नंबर-5 में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर अधिवक्ता अमर चंद ठाकुर ने उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर को शिकायत सौंपकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में अधिवक्ता अमर चंद ठाकुर ने बताया कि बीते रोज सुबह बड़ोह क्षेत्र में एक आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और काट लिया। घटना में घायल होने के बाद उन्हें सिविल अस्पताल सुंदरनगर में उपचार कराना पड़ा, जहां एंटी-रेबीज टीके भी लगाए गए। उन्होंने कहा कि बड़ोह वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और रात के समय आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हाल के दिनों में कुत्तों के हमले और लोगों का पीछा करने जैसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्रशासन से इस मामले को जनहित और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय मानते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। वहीं मामले पर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।

अब एसडीएम ऑफिस सुंदरनगर में मनाई जाएगी मुंशी प्रेमचंद की जयंती

अनंत ज्ञान, महादेव। एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद जयंती कार्यक्रम को जरूरी कारणों से अब वहां आयोजित नहीं किया जाएगा। अब यह कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर के सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राकेश कंवर (भारतीय प्रशासनिक सेवा) शिक्षा सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार होंगे। भाषा संस्कृति विभाग व सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गंगा राम राजी ने सभी साहित्यकारों का सादर आमंत्रित किया है।

सरकाघाट-मंडी बस सेवा के रूट को बढ़ाने और समय बदलने की उठी मांग

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट-मंडी बस सेवा के समय और मार्ग में बदलाव की मांग को लेकर ग्राम पंचायत भद्रवाड़ और रिस्सा के ग्रामीणों ने प्रशासन व हिमाचल पथ परिवहन निगम से जल्द निर्णय लेने की अपील की है। ग्राम पंचायत भद्रवाड़ के उपप्रधान चमन लाल शर्मा की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम और एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि वर्तमान में सुबह 7 बजे सरकाघाट से चलने वाली बस को 20 मिनट पहले यानी सुबह 6:40 बजे रवाना किया जाए तथा बस सेवा का मार्ग छात्र से आगे बढ़ाकर सुराहणी-गरौड़ू कैंची मोड़ तक किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा करने से बस समय पर मंडी पहुंचेगी और लगभग 5 किलोमीटर मार्ग विस्तार से करीब 300 ग्रामीणों को नियमित सरकारी परिवहन सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने बताया कि भद्रवाड़ और रिस्सा पंचायत के कई गांव आज भी सरकारी बस सेवा से वंचित हैं। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सरकारी कार्यालयों और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में स्थानीय लोगों ने भी पूरा सहयोग दिया है, इसलिए जनहित में इस मांग को जल्द स्वीकार किया जाना चाहिए। एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया गया है।

राहत : कोटरोपी में एनएचएआई ने तैयार किया अस्थायी डायवर्जन

सभी वाहनों के लिए यातायात बहाल, भूस्खलन का खतरा अब भी बरकरार

अनंत ज्ञान

पधर। लगातार बारिश के बीच कोटरोपी में भूस्खलन से उत्पन्न संकट के बीच बुधवार को बड़ी राहत मिली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर अस्थायी डायवर्जन का निर्माण पूरा कर लिया है, जिसके बाद छोटे और बड़े सभी वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई। मार्ग खुलने से मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने वाले हजारों यात्रियों, मालवाहक वाहनों और सब्जियों से लदी गाड़ियों को राहत मिली है। हालांकि यातायात बहाल होने के बावजूद कोटरोपी क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा पूरी तरह टला नहीं है। कुछ वर्ष पहले हुए बड़े भूस्खलन से निकली मिट्टी लगातार बारिश के कारण अब भी बह रही है। इसके अलावा वर्षा का पानी मिट्टी के नीचे से अपना रास्ता बना रहा है, जिससे अंदर ही अंदर मिट्टी का कटाव और रिसाव जारी है। इसी कारण एनएचएआई द्वारा डाली गई पुली के एक ओर के दोनों छोर हवा में लटक गए हैं, जिससे क्षेत्र की भू-स्थिरता को लेकर चिंता बनी हुई है। एनएचएआई की टीमें लगातार मौके पर डटी रहीं और दो मशीनों की मदद से युद्धस्तर पर कार्य करते हुए अस्थायी डायवर्जन तैयार किया। इसके बाद सभी प्रकार के वाहनों के लिए मार्ग खोल दिया गया, हालांकि प्रशासन ने चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और मौसम की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। उधर, वैकल्पिक घटासनी-झटिंगरी-घोघराधार मार्ग भी मंगलवार रात भूस्खलन के कारण बंद हो गया था, जिसे बुधवार सुबह बहाल किया गया। मार्ग बंद रहने के कारण यात्री वाहन, मालवाहक ट्रक और सब्जियों से लदी गाड़ियां पूरी रात विभिन्न स्थानों पर फंसी रहीं। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने कोटरोपी घटनास्थल के दोनों ओर गृह रक्षक (होमगार्ड) के जवान तैनात किए हैं, जो यातायात व्यवस्था और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। वहीं पधर-नौहली-जोगिन्द्रनगर मार्ग की स्थिति भी पूरी तरह सामान्य नहीं है। सड़क की खराब हालत के कारण कई वाहन रातभर पधर और आसपास के क्षेत्रों में रुके रहे। बुधवार सुबह जवानों की निगरानी में वाहनों को सुरक्षित तरीके से निकाला गया। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, मौसम और सड़क की स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा करने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

कोटरोपी में क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर अस्थायी डायवर्जन का निर्माण करती एनएचएआई की मशीनरी।

सुंदरनगर के पुराना बाजार में नाबालिग से दुष्कर्म

अनंत ज्ञान

◆ पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में पोक्सो के तहत मामला दर्ज

सुंदरनगर। नगर परिषद सुंदरनगर के पुराना बाजार क्षेत्र में एक प्रवासी नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार बिहार के समस्तीपुर के रहने वाली शिकायतकर्ता माता ने आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग पुत्री ने उन्हें बताया कि बीती 25 जुलाई की शाम करीब 4:30 बजे वह घर की बालकनी में कपड़े सुखाने गई थी।

उस समय घर के अन्य सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान नीचे के कमरे में रहने वाले परिचित युवक ने उसे इशारे से नीचे बुलाया। युवती पहले वापस कमरे में चली गई, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा बालकनी में आने पर आरोपी ने फिर उसे बुलाया। आरोप है कि जब वह उसके कमरे में पहुंची तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जबरन अंदर खींच लिया। विरोध करने पर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी ने उसका मुंह बंद कर दिया और दोनों हाथ कसकर पकड़ लिए, जिससे उसे चोट और दर्द हुआ। घटना के बाद आरोपी कमरे को बंद कर मौके से फरार हो गया। जानकारी देते हुए एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 74, 127(2) और पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है तथा पुलिस विभिन्न पहलुओं से साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।



'मंडी-500' धरोहर अध्ययन यात्रा को कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान

◆ इंटेक और इतिहास विभाग के संयुक्त आयोजन में नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने जानी मंडी की ऐतिहासिक विरासत

मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग द्वारा 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष समारोह में कुलपति आचार्य प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने 'मंडी-500 : इतिहास के साक्ष्य, स्मारक और समाज' विषयक धरोहर अध्ययन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जीवन ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण की नई शुरुआत है तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर राज्य पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण इतिहास विभाग के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि धरोहर अध्ययन यात्राएं विद्यार्थियों में स्थानीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी विकसित करती हैं। अध्ययन यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने चौहट्टा, भूतनाथ मंदिर, विक्टोरिया केसरी पुल, पंचवक्त्र महादेव मंदिर सहित मंडी नगर की ऐतिहासिक धरोहरों का अध्ययन किया। भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) मंडी चैप्टर के कन्वीनर नरेश मल्होत्रा, सह-कन्वीनर अनिल शर्मा तथा सत्य महेश ने ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास, स्थापत्य, सांस्कृतिक महत्व और संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कमल कांत शर्मा, राजीव वैद्य, निशि कपूर, पुष्पा ठाकुर, हितेश वैद्य और प्रेम वर्षा सहित इंटेक के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

डॉ. कैलाश की सेवा ही बनी पहचान, सहज व्यवहार से जीत रहे पशुपालकों का विश्वास

नेरचौक पॉलीक्लिनिक में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी पहुंच रहे पशुपालक

अनंत ज्ञान

मनोज सोनी, नेरचौक। किसी भी सरकारी अधिकारी की वास्तविक पहचान उसके पद से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और कार्यशैली से होती है। मिनी सचिवालय नेरचौक परिसर से सटे पशु पॉलीक्लिनिक में कार्यरत पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश ठाकुर अपनी सरलता, सहज उपलब्धता और सेवाभावी कार्यशैली के कारण पशुपालकों के बीच विशेष पहचान बना चुके हैं। उनके विनम्र व्यवहार और समर्पित सेवाओं के चलते यह चिकित्सालय आज बल्ह क्षेत्र ही नहीं, बल्कि आसपास के अनेक ग्रामीण इलाकों के पशुपालकों के लिए भरोसे का प्रमुख केंद्र बन गया है। पॉलीक्लिनिक नेरचौक में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पशुपालक अपने बीमार पशुओं को उपचार के लिए लेकर पहुंचते हैं। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के कारण पशुओं के सामान्य और जटिल रोगों का उपचार आधुनिक पद्धति से किया जाता है। पशुओं के गर्भाधान, टीकाकरण, रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक दवाइयों की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से पशुपालकों को काफी राहत मिल रही है। चिकित्सालय में मिलने वाली परामर्श सेवाएं भी पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। जानकारों के अनुसार मंडी जिले में यह अपनी तरह का प्रमुख पशु पॉलीक्लिनिक है, जहां विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। यही कारण है कि बल्ह क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से भी लोग अपने पशुओं का उपचार कराने यहां पहुंचते हैं। समय पर उपचार मिलने से पशुधन की उत्पादकता बढ़ रही है और पशुपालकों का आर्थिक नुकसान भी कम हो रहा है।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी

डॉ. कैलाश ठाकुर का मानना है कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी है। ऐसे में प्रत्येक पशुपालक को समय पर बेहतर चिकित्सा, सही परामर्श और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। यही सेवाभाव और सहज कार्यशैली उन्हें पशुपालकों के बीच लोकप्रिय बना रही है तथा नेरचौक पशु पॉलीक्लिनिक को जिले के प्रमुख पशु चिकित्सा केंद्रों में स्थापित कर रही है।

समाजसेवी परमानंद ने जरूरतमंद को दी व्हीलचेयर

अनंत ज्ञान

राजेंद्र राजन, जयदेवी। विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत घीड़ी के गांव कोटला निवासी देवीराम व उनकी पुत्रवधू को समाजसेवी परमानंद तेली ने व्हीलचेयर एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध करवाकर समाजसेवा की मिसाल पेश की है।देवीराम जी स्वयं गठिया रोग से पीड़ित हैं और पिछले लगभग सात महीनों से बिस्तर पर हैं। वहीं उनकी पुत्रवधू इंद्रा देवी भी पिछले लगभग 16 वर्षों से एक अज्ञात बीमारी से पीड़ित हैं। बीमारी के कारण उनके पांव एवं टांगें काम नहीं करतीं, जिसके चलते वह लंबे समय से बिस्तर पर हैं। परिवार की इस कठिन परिस्थिति को देखते हुए समाजसेवी परमानंद तेली ने उनकी सहायता के लिए पहल की।

समाजसेवी परमानंद तेली लंबे समय से गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने समेकित क्षेत्रीय कौशल, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान, सुंदरनगर से संपर्क किया तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करवाने के बाद देवीराम तथा उनकी पुत्रवधू के लिए व्हीलचेयर एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए।

उपकरण उपलब्ध होने के बाद समाजसेवी परमानंद तेली स्वयं उनके घर पहुंचे और व्हीलचेयर सहित अन्य सहायक उपकरण उन्हें प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने परिवार का हालचाल भी जाना तथा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। परमानंद तेली ने बताया कि समाज के जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों तक आवश्यक सहायता पहुंचाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को व्हीलचेयर या अन्य सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, उन्हें संबंधित संस्थानों एवं विभागों से जोड़कर सहायता उपलब्ध करवाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी समाजसेवी परमानंद तेली ने ग्राम पंचायत घीड़ी के अन्य जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया है। क्षेत्र के लोगों ने उनके इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है।

नाचन में टूटी व उथली नालियों से घर-आंगन तक पहुंच रहा कूड़ा

अनंत ज्ञान

◆ बारिस के पानी संग प्लास्टिक व अन्य कचरा खेतों तक पहुंचने से बढ़ी परेशानी

◆ ग्रामीणों ने लगाई समस्या के समाधान की गुहार, उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में सड़क किनारे बनी नालियों की बदहाल स्थिति लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। बरसात के दौरान टूटी व उथली नालियों से गंदे पानी के साथ प्लास्टिक और अन्य कूड़ा-कचरा बहकर घर-आंगन तथा खेतों तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात से पहले नालियों की समय पर और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं होने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है, जिससे प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है।

ग्राम पंचायत महादेव में कई स्थानों पर झाड़ियां कूड़े-कचरे से अटी पड़ी हैं। सार्वजनिक मार्गों और धनोटू सब्जी मंडी के आसपास भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। महादेव-घूकनू मार्ग के किनारे बनी नाली का बड़ा हिस्सा जर्जर और मिट्टी से दब चुका है। इसके चलते बरसाती पानी के साथ प्लास्टिक की बोतलें, पैकेट और अन्य अपशिष्ट बहकर रिहायशी क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, जिससे दुर्गंध फैलने के साथ वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या से संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय निवासी विरेंद्र कुमार, मल्लू, कृति, अर्शवीर सिंह, क्रांति, कमल, नर्मदा, भगत सिंह, पार्वती, ध्रुव और भीमू ने उपायुक्त मंडी से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

आस्था

गुरु वंदना, ब्यास पूजन, आशीर्वचन, महाप्रसाद और नाम संकीर्तन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

गुरु महिमा के जयघोष से गूंज उठी पुरानी मंडी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पुरानी मंडी स्थित चातुर्मास कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न हुआ। महंत स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में मंडी तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्यास पूजन एवं गुरु पादुका पूजन से हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अर्पित की। इसके उपरांत गुरु वंदना प्रस्तुत की गई तथा पूरे परिसर में गुरु महिमा के जयघोष गूंजते रहे।

महंत स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर सत्य, ज्ञान और आत्मबोध के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।

उन्होंने सेवा, सदाचार, संयम और संस्कारपूर्ण जीवन अपनाने का संदेश देते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर बाद आयोजित गुरु पूर्णिमा नाम संकीर्तन में भजन-कीर्तन और गुरु स्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सेवाभाव से जुड़े कार्यकर्ताओं तथा सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और गुरु परंपरा के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

प्रदेश ब्राह्मण सभा मंडी ने आयोजित किया गुरुपूजन व सम्मान समारोह

अनंत ज्ञान, मंडी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा मंडी खंड द्वारा संस्कार सदन, जेल रोड स्थित सभा भवन में धार्मिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास पूजन, भगवान परशुराम पूजन तथा हवन-यज्ञ से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम मंडी के महापौर सुरजीत ठाकुर उपस्थित रहे, जबकि वरिष्ठ उपमहापौर जितेंद्र शर्मा (जॉनी) और स्थानीय पार्षद गुरदीप कौर भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस अवसर पर सभा ने अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में पूर्व राज्य प्रधान गुणप्रकाश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष त्रिपवन शर्मा, पूर्व महिला विंग अध्यक्ष गीता शर्मा तथा लता शर्मा शामिल रहे। वक्ताओं ने समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम के समापन पर श्रावण मास के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं के लिए खीर का भंडारा आयोजित किया गया। समारोह में सभा के प्रधान हरीश शर्मा, महासचिव प्रकाश चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष गीतांजलि शर्मा, महिला विंग से चंपा शर्मा, माया शर्मा, मंजुला शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष सूर्यराज कटोच, मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा तथा धर्म संसद के अध्यक्ष बी. डी. सनेजा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

महिला ने ननद के घर से गहने चोरी होने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

◆ सुंदरनगर थाना क्षेत्र के नाल चुरढ़ की घटना, पुलिस में केस दर्ज, जांच शुरू

सुंदरनगर। पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत नाल चुरढ़ क्षेत्र में एक महिला ने अपनी ननद के घर से सोने के आभूषण चोरी होने का आरोप पड़ोसी पर लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार किरणा कुमारी पत्नी दुर्गा दास निवासी ख्यूरी, डाकघर राजगढ़, तहसील बल्ह ने शिकायत में बताया कि वह अपनी ननद के घर गांव नाल, डाकघर चुरढ़ गई हुई थी। इसी दौरान वह घर की छत पर सूखे कपड़े लेने गई। छत से उसने देखा कि पड़ोसी उनके घर से बाहर निकल रहा था। नीचे आने पर उसकी आठ वर्षीय बेटी ने बताया कि उक्त व्यक्ति मोबाइल चार्जर मांगने के बहाने घर में आया था और ननद के कमरे में रखे उसके पर्स को टटोल रहा था। इसके बाद जब शिकायतकर्ता ने अपना पर्स देखा तो उसमें रखा लगभग चार से पांच ग्राम का सोने का मंगलसूत्र, करीब आठ ग्राम का सोने का चाक तथा पांच से छह ग्राम के सोने के कान के कांटे गायब मिले। महिला का आरोप है कि पूरे दिन घर में आरोपी के अलावा कोई अन्य व्यक्ति नहीं आया था, इसलिए उसे उसी पर चोरी का संदेह है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए
–स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

ई–20 पर बढ़ता विवाद

देश में जब भी कोई बड़ी नीति लागू होती है, उसका असर केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं रहता, वरन आम नागरिकों के जीवन, जेब और विश्वास पर भी पड़ता है। हाल ही में नीट पेपर लीक विवाद ने शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। भले ही वह मामला अब सुर्खियों से कुछ दूर हो गया हो, लेकिन संस्थाओं पर भरोसे की बहस अभी खत्म नहीं हुई है। इसी बीच अब ई–20 इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर देश में एक नई बहस तेज हो गई है। यह विवाद नीति निर्माण, जनभागीदारी और पारदर्शिता का है।

दिल्ली के ट्रांसपोर्ट संगठनों ने ई–20 पेट्रोल के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। जंतर–मंतर पर प्रदर्शन से लेकर 31 जुलाई को वाहन मार्च, 1 अगस्त को राष्ट्रीय टाउनहॉल और 4 अगस्त को संसद मार्च जैसे कार्यक्रम यह संकेत दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा राष्ट्रीय बहस का केंद्र बन सकता है। सोशल मीडिया पर भी ई–20, फ्यूल पॉलिसी और ट्रांसपोर्ट प्रोटेस्ट हैशटैग लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। साफ है कि अब यह विवाद डिजिटल दुनिया से निकलकर सड़कों तक पहुंच चुका है।

सरकार का पक्ष स्पष्ट है। उसका कहना है कि ई–20 भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी, कार्बन उत्सर्जन घटेगा और पर्यावरण को लाभ मिलेगा। साथ ही गन्ना, मक्का और अन्य फसलों से बनने वाले इथेनॉल की मांग बढ़ने से किसानों की आय में भी इजाफा होगा। लंबे समय से भारत जैव ईंधन को बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रहा है और सरकार इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम मानती है, लेकिन दूसरी ओर लाखों वाहन मालिकों, टैक्सी चालकों, ट्रक ऑपरेटरों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों की चिंताएं भी कम नहीं हैं।

उनका आरोप है कि ई–20 ईंधन के इस्तेमाल से कई वाहनों का माइलेज कम हो रहा है, इंजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और मेंटेनेंस खर्च बढ़ रहा है। विशेष रूप से पुराने मॉडल के वाहनों के मालिकों का कहना है कि उनकी गाड़ियां ई–20 के लिए डिजाइन नहीं की गई थीं। ऐसे में यदि बाजार में सामान्य पेट्रोल की उपलब्धता धीरे–धीरे कम होती है तो उनके सामने अतिरिक्त आर्थिक बोझ खड़ा हो सकता है। यही वजह है कि आज सबसे बड़ा सवाल केवल तकनीक का नहीं अपितु विकल्प का है। यदि कोई उपभोक्ता ई–20 पेट्रोल नहीं चाहता, तो क्या उसके पास सामान्य पेट्रोल चुनने का अधिकार रहेगा? क्या सभी पेट्रोल पंपों पर दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे? यदि किसी वाहन में ई–20 के कारण तकनीकी खराबी आती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? इन सवालों के जवाब अभी भी आम लोगों तक स्पष्ट रूप से नहीं पहुंचे हैं।

दरअसल, किसी भी नीति की सफलता केवल उसके उद्देश्य पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि जनता उसे कितनी अच्छी तरह समझती और स्वीकार करती है। भारत में कई बार अच्छी नीतियां केवल इसलिए विवादों में घिर गईं, क्योंकि उनके बारे में पर्याप्त संवाद नहीं हुआ। ई–20 के मामले में भी यही स्थिति दिखाई देती है। सरकार लगातार इसके फायदे गिना रही है, लेकिन लोगों की आशंकाओं का समाधान उतनी प्रभावी तरीके से नहीं हो पा रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ई–20 से जुड़े प्रभाव वाहन के मॉडल, इंजन तकनीक और निर्माता की सिफारिशों पर भी निर्भर करते हैं। नए वाहनों में इसे ध्यान में रखकर तकनीक विकसित की जा रही है, लेकिन करोड़ों पुराने वाहन आज भी सड़कों पर चल रहे हैं। ऐसे में एक समान नीति लागू करने से पहले संक्रमणकाल की स्पष्ट रणनीति आवश्यक है। यदि वाहन मालिकों को इंजन अपग्रेड कराना पड़े या नए वाहन खरीदने की नौबत आए तो इसका आर्थिक असर मध्यम वर्ग और छोटे परिवहन व्यवसायियों पर सबसे अधिक पड़ेगा।

आज की प्रमुख हस्ती

चुनाव सुधारों के लिए समर्पित अधिकारी

नवीन चावला भारत के एक प्रतिष्ठित पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और देश के 16वें मुख्य चुनाव आयुक्त रहे हैं। उनका जन्म 30 जुलाई 1945 को हुआ था। भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में लंबे समय तक सेवा देने वाले नवीन चावला ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और देश की चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने में योगदान दिया।



नवीन चावला
जन्म : 30 जुलाई 1945
मृत्यु : 1 फरवरी 2025

नवीन चावला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारतीय प्रशासनिक सेवा से जुड़े। उन्होंने सरकारी सेवा में रहते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। अपनी प्रशासनिक क्षमता, नीतिगत समझ और कार्यशैली के कारण उन्होंने केंद्र सरकार में कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं।

वर्ष 2005 में नवीन चावला को भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्होंने 21 अप्रैल 2009 को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभाला। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने देश में निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उनके नेतृत्व में निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता और चुनाव प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए।

मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नवीन चावला का कार्यकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण दौर माना जाता है। उन्होंने चुनावों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और मतदान प्रक्रिया को आसान बनाने की दिशा में काम किया। उनके कार्यकाल में तकनीक के उपयोग और चुनावी व्यवस्थाओं में सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

प्रशासनिक सेवा के अलावा नवीन चावला सामाजिक विषयों में भी रुचि रखते रहे हैं। उन्होंने लेखन के क्षेत्र में भी योगदान दिया है और मदर टेरेसा के जीवन पर पुस्तक लिखी है। उनके लेखन में मानवीय मूल्यों और समाज सेवा के विचारों को प्रमुखता मिली है।

30 जुलाई को जन्मे नवीन चावला का जीवन प्रशासनिक सेवा, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सार्वजनिक जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने सरकारी सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए देश की व्यवस्था को मजबूत करने में भूमिका निभाई। वे उनास्सी वर्ष की उम्र में 1 फरवरी 2025 को स्वर्ग को प्राप्त हुए।

कविता

सैलाब

प्रवीण राणा आलमपुरी, गांव व ड़ाकघर आलमपुर साईं, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)

कुछ यूं आता है बरसात में सैलाब,
ताश के पत्तों–से बिखर जाते हैं सारे ख्वाब ।
पेड़, पौधे, घर–मकान, मिट जाते हैं नामोनिशान,
कुदरत के कहर के आगे बेबस हो जाता इंसान।
नदियां–नाले लांघ जाते हैं अपने सारे किनारे,
डूब जाते हैं उम्मीदों के छोटे–छोटे सहारे।
पुश्तों की कहानियां समेटे ये घर–मकान,
आंख झपकते ही बन जाते हैं वीरान।
आंखों में आंसू जहन में बेबस ख्याल होते हैं,
अपनों से बिछड़ने के लाखों सवाल होते हैं।
फिर भी हिम्मत से अपनी किश्ती वह कभी नहीं डुबोते
जो गिरकर भी इंसान जीने का हौसला नहीं खोते।
कुदरत देती है इम्तिहान, पर सबक भी सिखाती है,
मुश्किलों की हर रात के बाद नई सुबह भी आती है।
बुलंद हौसलों के साथ अगर आगे बढ़ें हम और आप,
हर सैलाब के बाद फिर सज उठें जिंदगी और ख्वाब ।

नीट आंदोलन पर सियासत और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उठे नए सवाल

माननीय सर्वोच्च न्यायलय फैसले खिलाफ अपराधिक पृष्ठभूमि बाले आंदोलनकारियों की पैरवी सीजेपी नेताओं द्वारा अब किए जाना उन्हें भारी पड़ सकता है।आंदोलनकारी छात्रों को अपना नीट परीक्षा रद्द हुआ एडमिट कार्ड दिखाने में कतई गुरेज नहीं होना चाहिए।इस प्रकिया से गुजरने बाले छात्रों पर कोई केस दर्ज नहीं होगा ऐसा केंद्र सरकार का दावा है।सर्वोच्च न्यायलय का फैसला सर्वोपरी जिसका प्रत्येक भारतीय को सम्मान करना चाहिए।केंद्र सरकार ने माना की छात्र देश का भविष्य इसलिए उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जाएगा।सोशल मीडिया प्लेट फार्म कम्पनी मेटा ने छात्र आंदोलन में अपनी गैर जिम्मेदाराना भूमिका निभाई है।कम्पनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोशल मीडिया में दिए संदेश को डिलीट करके लोगों को सोचने पर मजबूर किया है।सोशल मीडिया प्लेट फार्म ने छात्रों की नादानी भरे बिडियो को बढ़ चड़कर वायरल करके आग में पेट्रोल डालने का ज्यादा काम किया है।

सुखदेव सिंह, नूरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गंदी,अभद्र और अश्लील गालियां सोशल मीडिया पर सुनने बाला व्यक्ति तानाशाह नहीं हो सकता है।अगर यूँ कहें की ऐसा व्यक्ति सहनशीलता का परिचायक जिसने इतना कुछ सहने बाबजूद भी ऐसे छात्रों खिलाफ कुछ नहीं बोला।हम बात कर रहे दिल्ली में चले काकरोच जनता पार्टी आंदोलन की।आंदोलन में कुछेक छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लिखाफ गंदी गालियां,सोलग्न और अश्लील पोस्ट लिखकर उनका उपहास उड़ाया जिसको लेकर बहस छीड गई है।बिपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तानाशाह,हिटलर बताता क्या यह स्वीकार करने योग्य बात है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों की गलतियों को नजर अंदाज करके देशहित में आंदोलित छात्रों की तमाम मांगें मानकर बिपक्षी नेताओं के मुहं पर जोरदार तमाचा मारा है।राफेल खरीद मौक़े पर भी प्रधानमंत्री को पूरे देश में चोर कहकर उनके खिलाफ अभियान चलाया गया था।चौकीदार चोर कहकर भी कुछ नेता अपने मन की भड़ास निकाल लेते प्रधान सेवक को नेता जितना अपशव्द कहते उनकी उतनी ही लोक प्रियता बढ़ रही है।नीट प्रश्न पत्र लीक मामले को जंतर मंतर पर उठाने बाले कुछेक छात्रों को अविभावकों से मिले संस्कारों की चर्चा भी सोशल मीडिया में जारी है।

युवा किसी भी देश की रीड की हड्डी समान होते हैँ।युवा जितना सशक्त,मजबूत और गुणवान होगा वही देश उन्नति करता है।अपनी मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन करना छात्रों का कानूनी अधिकार है।आंदोलन की आड़ में प्रधानमंत्री की मृतक मां,सेना,पुलिस और सनातन धर्म खिलाफ सार्वजानक मंचों से गालियां निकालने से तातपर्य की ऐसे छात्रों का सही मार्गदर्शन जरूरी है।क्या ऐसे दिशाहीन छात्र समाज,राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैँ?।केंद्र सरकार ने आंदोलन की आड़ में चल रही राजनीति को भांपकर छात्रों की तमाम् मांगों को मान लिया है।बिपक्षी नेता इसे अपनी जीत बताकर केंद्र सरकार को बैकफुट पर लाने का दावा कर रहे हैँ।छात्रों का आंदोलन था और बिपक्ष के नेता खुशियां मना रहे हैँ।नेताओं को छात्र आंदोलन से दूर रहना जरूरी चाहिए।

केंद्र सरकार ने मागें मानकर आंदोलन बेशक खत्म करवा दिया जो उसकी दूरदर्शिता का प्रमाण है।आंदोलन में उपद्रव मचाने बालों की दिक्क़तें बढ़ती जा रही हैँ।सुरक्षा एजेंसियां जंतर मंतर पर हुए उपद्रव की गहनता से जांच में जुट गई हैँ।आंदोलन में छात्रों को भोजन परोसने बालों,अशांति फैलाने बालों खिलाफ पुलिस सख्ती से पूछताश कर रही हैँ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेरवी मनाकर समोसे बाँटने बाली लड़की ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती सुनाकर अपना दर्द बयान किया है।एक अन्य छात्र आंदोलनकारी ने भाजपा,सेना खिलाफ बोलने पर क्षमा मांगी है।एक युवती भी पुलिस कर्मचारी को ठंडा मारकर पछतावा कर रही हैँ।कुल मिलाकर सुरक्षा एजेंसियां आंदोलन का हिस्सा बने तमाम लोगों की पड़ताल करने में जुटी हैँ।समाज ऐसे लोगों को स्वयं सबक सिखाने जा रहा जिन्होंनें सेना,पुलिस और देश खिलाफ आवाज बुलंद की।एजेंसियों की जांच जैसे आगे बढ़ेगी बिपक्ष के नेताओं की दिक्क़तें भी बढ़ सकती हैँ।

आंदोलन की आड़ में केंद्र सरकार खिलाफ मोर्चा खोलने बाले नेताओं का नाम डरे हुए छात्र भी सार्वजनिक कर सकते हैँ?। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर वह नेता कैंडल मार्च निकाल् रहे जिनकी पार्टी की राज्य सरकारों में अनगिनत पेपर लीक हो चुके हैँ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट प्रश्न पत्र लीक मामले आड़ जांच फास्ट ट्रेक कोर्ट से करवाए जाने का लिया निर्णय छात्रहित में हैँ।फास्ट ट्रेक कोर्ट में ऐसे मामलों की सुनवाई जल्दी होती है।आज जरूरत शिक्षा प्रणाली को पारदर्शिता पूर्ण सशक्त बनाने की जिससे युवाओं का भविष्य सुनहरी बन सके।काकरोच जनता पार्टी द्वारा दिल्ली में इतना बड़ा आंदोलन करना लोकतंत्र का प्रमाण है।लोकतंत्र में अपनी मांगों के लिए लड़ना कानूनी अधिकार है।

अपनी मांगों को मनवाने के लिए हमें फ्रीडम आफ स्पीच भी मर्यादित रखनी चाहिए।केंद्र सरकार को फ्रीडम आफ स्पीच पर सख्त कानून बनाना चाहिए।भारत एक ऐसा देश जिसमें प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति और उपमुख्यमंत्री तक को जनता गालियां देकर अपनी भड़ास निकलती जो गलत है।न्यूज चैनलों पर धर्म बिशेष,जातिवाद आदि बिषयों पर डिबेट भी बंद होनी जरूरी है।आज मीडिया में सिर्फ आरोप,प्रतारोप की चर्चा सबसे अधिक रहती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

लुटेरी दुल्हनों का जेवरात लेकर शादी के बाद फरार होना विश्वास के रिश्तों पर सबसे बड़ा हमला

भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि सात जन्मों का पवित्र बंधन माना जाता है। अग्नि को साक्षी मानकर लिए गए सात फेरे विश्वास, समर्पण और जीवनभर साथ निभाने के वचन का प्रतीक हैं। लेकिन हाल के वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों से लगातार सामने आ रही घटनाओं ने इस पवित्र रिश्ते पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। कई मामलों में नई नवेली दुल्हन शादी के कुछ ही घंटे या कुछ दिनों के भीतर घर के जेवरात, नकदी और कीमती सामान लेकर फरार हो जाती है। इससे न केवल एक परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद होता है, बल्कि विवाह जैसी सामाजिक संस्था में लोगों का भरोसा भी डगमगाने लगता है।

प्रो, मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय बड़सर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसी घटनाएँ अब अपवाद नहीं रहीं। कई मामलों में पुलिस जांच से पता चलता है कि कुछ विवाह पहले से ही सुनियोजित धोखाधड़ी का हिस्सा थे। फर्जी पहचान, नकली दस्तावेज, बिचौलियों का नेटवर्क और झूठी पारिवारिक जानकारी के सहारे शादी कराई जाती है। जैसे ही मौका मिलता है, दुल्हन जेवरात और नकदी लेकर गायब हो जाती है। बाद में पता चलता है कि उसके पीछे पूरा गिरोह स[ि]य था, जिसने कई राज्यों में इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया है।

सबसे दुखद पहलू यह है कि ऐसे अपराध केवल धन की चोरी नहीं हैं, बल्कि विश्वास की भी चोरी हैं। जिस परिवार ने नई बहू का स्वागत बेटी की तरह किया, उसी परिवार को कुछ ही दिनों में पुलिस थाने और अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचती है, मानसिक तनाव अलग से झेलना पड़ता है। कई परिवार कर्ज लेकर शादी करते हैं और ऐसी घटना के बाद वर्षों तक आर्थिक संकट से उबर नहीं पाते।लेख का प्रारूप पंजाब केसरी की संपादकीय शैली को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

शादी के बाद जेवरात लेकर घर से फरार होने की बढ़ती घटनाएँ- विश्वास के रिश्तों पर

गहराता संकट

विवाह भारतीय समाज में केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र और सामाजिक बंधन माना जाता है। यह रिश्ता विश्वास, सम्मान, जिम्मेदारी और पारदर्शिता की मजबूत नींव पर खड़ा होता है। लेकिन हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं, जहाँ विवाह के कुछ ही दिनों बाद नवविवाहित दूल्हा या दुल्हन घर के

ऐसी घटनाओं का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि समाज में विश्वास का संकट पैदा हो रहा है। अब परिवार रिश्ता तय करने से पहले कई बार सोचने लगे हैं। जहाँ पहले आपसी परिचय और सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार पर विवाह तय हो जाते थे, वहीं अब लोगों को हर जानकारी की पुष्टि करनी पड़ रही है। इसका असर उन हजारों ईमानदार परिवारों पर भी पड़ रहा है, जिनका इन घटनाओं से कोई संबंध नहीं है।

इस समस्या के पीछे कई कारण हैं। बेरोजगारी, तेजी से धन कमाने की लालसा, गिरते नैतिक मूल्य, अपराधी गिरोहों की स[ि]यता तथा वैवाहिक वेबसाइटों और सोशल मीडिया का दुरुपयोग प्रमुख कारणों में शामिल हैं। कई बार परिवार बिना पर्याप्त जांच–पड़ताल के केवल दिखावे, जल्दबाजी या बिचौलियों के भरोसे रिश्ता तय कर लेते हैं। यही लापरवाही बाद में भारी नुकसान का कारण बनती है।

हालाँकि यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि किसी एक–दो घटनाओं के आधार पर पूरे समाज या किसी वर्ग विशेष पर आरोप लगाना उचित नहीं है। अधिकांश विवाह आज भी विश्वास, प्रेम और जिम्मेदारी के साथ सफलतापूर्वक निभाए जा रहे हैं। अपराध करने वाले कुछ लोग पूरे समाज की छवि को धूमिल कर देते हैं। इसलिए समस्या का समाधान पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि सतर्कता और कानून के प्रभावी [ि]यान्वयन में है।

पुलिस और प्रशासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों की त्वरित जांच होनी चाहिए तथा यदि किसी संगठित गिरोह की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बच्चों के सपनों को स्वाहा करता ऊंची कुर्सियों का खेल

परीक्षा का दिन किसी विद्यार्थी के लिए केवल एक तारीख नहीं होता, वह वर्षों की तपस्या का परिणाम होता है। उस दिन परीक्षा कक्ष में केवल प्रश्नपत्र नहीं खुलता, बल्कि किसी माँ की अनगिनत प्रार्थनाएँ, किसी पिता की अधूरी इच्छाएँ और किसी बच्चे के सुनहरे भविष्य की आशाएँ भी खुलती हैं। लेकिन जब वही प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले बाज़ार में बिकने लगे, तब समझ लीजिए कि केवल कागज़ नहीं लीक हुआ, बल्कि इस देश की शिक्षा व्यवस्था का विश्वास भी रिस गया है।

डॉ अंकिता चौधरी
(सह–प्राध्यापक)
अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी (हि .प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पेपर लीक का सबसे बड़ा शिकार वह विद्यार्थी नहीं होता जो परीक्षा दोबारा देता है, बल्कि वह होता है जिसका विश्वास मर जाता है। वह बच्चा जिसने रातों की नींद, त्योहारों की खुशियाँ और अपने सपनों को दाँव पर लगाकर पढ़ाई की, अचानक यह महसूस करने लगता है कि उसकी मेहनत की कोई कीमत नहीं। उसके मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है—क्या इस देश में सफलता अब परिश्रम से नहीं, बल्कि पहुँच और पैसे से तय होगी? जब मेहनत करने वाला स्वयं को असहाय और बेबस महसूस करने लगे, तब केवल एक परीक्षा नहीं हारती, बल्कि पूरे समाज की नैतिकता हारने लगती है।

दुखद यह है कि ऐसे अपराध किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं होते। इनके पीछे अक्सर एक ऐसा तंत्र खड़ा दिखाई देता है, जहाँ जिम्मेदार पदों पर बैठे कुछ लोग अपने कर्तव्य को भूलकर कुर्सी को कमाई का साधन बना लेते हैं। जिस कुर्सी पर बैठकर भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, वहीं से यदि भविष्य बेचा जाने लगे, तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के साथ विश्वासघात है। शिक्षा किसी भी राष्ट्र की सबसे पवित्र व्यवस्था मानी जाती है। यदि उसी व्यवस्था में ईमानदारी का

स्थान सौदेबाजी ले ले, तो राष्ट्र की नींव धीरे–धीरे कमजोर होने लगती है।

पेपर लीक केवल कानून तोड़ने का अपराध नहीं है; यह उस छात्र की आत्मा पर प्रहार है जिसने अपनी पूरी ईमानदारी से संघर्ष किया। यह उस किसान पिता के पसीने का अपमान है जिसने खेत गिरवी रखकर या बेचकर कोचिंग की फीस भरी। यह उस मजदूर माँ के त्याग का अपमान है जिसने अपनी जरूरतों को भूलकर बच्चे की किताबें खरीदीं। यह उस परिवार की उम्मीदों का गला घोंट देना है जिसने हर सुबह अपने बच्चे को यह विश्वास दिलाया कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जब वही बच्चा परिणाम से पहले ही व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाने लगे, तब समझ लेना चाहिए कि सबसे बड़ी क्षति अंकों की नहीं, विश्वास की हुई है।

सबसे भयावह स्थिति तब होती है जब दोषी ऊँचे पदों और प्रभावशाली कुर्सियों के पीछे छिप जाते हैं। कानून का भय यदि केवल आम नागरिक तक सीमित रह जाए और प्रभावशाली लोग बच निकलें, तो न्याय का अर्थ ही समाप्त हो जाता है। लोकतंत्र में कुर्सी सम्मान देती है, लेकिन उससे कहीं अधिक उत्तरदायित्व भी देती है। यदि वही उत्तरदायित्व बिक जाए, तो राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी—उसका युवा—निराशा के अंधकार में धकेल दिया जाता है। युवा जब व्यवस्था पर से भरोसा खो देता है, तब वह केवल एक परीक्षा से नहीं हारता, बल्कि उसके भीतर भविष्य के प्रति विश्वास भी टूटने लगता है।

आज देश में लाखों विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। कोई डॉक्टर बनने का सपना देखता है, कोई शिक्षक, कोई इंजीनियर, कोई प्रशासनिक अधिकारी और कोई सैनिक। इन सपनों के पीछे केवल व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं होती, बल्कि पूरे परिवार का संघर्ष जुड़ा होता है। अनेक परिवार आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने का प्रयास करते हैं। ऐसे में यदि एक प्रश्नपत्र कुछ लालची लोगों की वजह से लीक हो जाए, तो उसकी कीमत केवल परीक्षा रद्द होने तक सीमित नहीं रहती। उसकी कीमत लाखों युवाओं का टूटा हुआ मनोबल चुकाता है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

गुरु का मार्गदर्शन ही सफलता और संस्कार की असली कुंजी

भारतीय संस्कृति में गुरु को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गुरु केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाला पथप्रदर्शक होता है। बदलते समय के साथ तकनीक ने शिक्षा के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। आज इंटरनेट, गूगल, यूट्यूब और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे साधनों के माध्यम से दुनिया भर की जानकारी कुछ ही क्षणों में उपलब्ध हो जाती है। ऐसे में कई लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि क्या अब गुरु की आवश्यकता पहले जैसी रह गई है? इसका उत्तर स्पष्ट है—गुरु की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई, बल्कि पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। कारण यह है कि जानकारी और ज्ञान में बहुत बड़ा अंतर होता है, और इस अंतर को समझाने का कार्य केवल गुरु ही कर सकता है।

डॉ. कौमार्या मनोज

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज का समय सूचना विस्फोट का युग है। हर व्यक्ति के मोबाइल में हजारों पुस्तकें, वीडियो और लेख मौजूद हैं। लेकिन इतनी अधिक जानकारी के बीच सही और गलत का चुनाव करना सबसे कठिन कार्य बन गया है। विद्यार्थी, युवा और नौकरीपेशा लोग अक्सर इस उलझन में रहते हैं कि क्या सीखें, किस दिशा में आगे बढ़ें और अपने जीवन का लक्ष्य कैसे तय करें। ऐसे समय में गुरु एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। वह केवल जानकारी नहीं देता, बल्कि व्यक्ति की क्षमता, रुचि और परिस्थितियों के अनुसार सही दिशा का चयन करने में सहायता करता है। गुरु अनुभव के आधार पर यह समझाता है कि सफलता केवल अधिक जानकारी से नहीं, बल्कि सही निर्णय और निरंतर प्रयास से मिलती है।

वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र का निर्माण करना भी है। आज सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि प्राप्त करना आसान हो गया है, लेकिन ईमानदारी, अनुशासन, धैर्य और संस्कार जैसे गुण विकसित करने में वर्षों लगते हैं। यही कार्य



गुरु करता है। वह केवल विषय का ज्ञान नहीं देता, बल्कि जीवन के मूल्यों से भी परिचित कराता है। एक शिक्षक, माता–पिता, प्रशिक्षक, वरिष्ठ अधिकारी या कोई अनुभवी व्यक्ति भी गुरु का ही रूप होता है, जो हमें कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेना सिखाता है। गुरु हमें असफलता से घबराने के बजाय उससे सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

आज मानसिक स्वास्थ्य भी एक गंभीर विषय बन चुका है। प्रतियोगिता, करियर का दबाव, अकेलापन और भविष्य की चिंता के कारण अनेक युवा तनाव और अवसाद का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में गुरु केवल सलाहकार नहीं, बल्कि एक संवेदनशील श्रोता भी होता है। वह विद्यार्थियों और युवाओं की समस्याओं को समझकर उनका मनोबल बढ़ाता है और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कई बार एक गुरु के कुछ प्रेरक शब्द किसी व्यक्ति के पूरे जीवन की दिशा बदल देते हैं।

तकनीक के इस युग में गुरु का स्वरूप भी बदला है। आज अनेक शिक्षक डिजिटल माध्यमों से लाखों विद्यार्थियों तक ज्ञान पहुँचा रहे हैं। ऑनलाइन कक्षाएँ, शैक्षिक वीडियो, प्रेरक व्याख्यान और उपयोगी पुस्तकें भी ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत बन चुकी हैं। फिर भी इन सभी साधनों का सही उपयोग तभी संभव है, जब व्यक्ति में सीखने की जिज्ञासा और सही मार्ग चुनने की समझ हो। यही समझ गुरु प्रदान करता है। तकनीक साधन हो सकती है, लेकिन उसका उद्देश्य और उपयोग तय करने वाला गुरु ही होता है। भारतीय गुरु–शिष्य परंपरा का मूल उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाना है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

ऊपरी शिमला में मोबाइल नेटवर्क डावांडोल

कॉल ड्रॉप और धीमे इंटरनेट से लोग परेशान, गांवों में संचार व्यवस्था लगातार बिगड़ रही

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाओं की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। एयरटेल, जियो और बीएसएनएल तीनों कंपनियों के उपभोक्ता कॉल ड्रॉप, कमजोर सिग्नल और बेहद धीमी इंटरनेट स्पीड की समस्या से जूझ रहे हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर सामान्य फोन कॉल तक पूरी नहीं हो पा रही है, जबकि कंपनियां 4जी और 5जी सेवाओं के विस्तार का दावा कर रही हैं। जानकारी के अनुसार कोटखाई, जुब्बल, रोहड़ू, चौपाल, नेरवा, रामपुर, कुमारसैन, नारकंडा, बाघी, रतनाड़ी, कुफरी ठियोग तथा आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से नेटवर्क की समस्या लगातार बढ़ी है। एक स्थान पर नेटवर्क मिलता है तो कुछ दूरी तय करते ही सिग्नल पूरी तरह गायब हो जाते हैं। इंटरनेट स्पीड इतनी धीमी हो जाती है कि ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, सरकारी सेवाएं और डिजिटल भुगतान तक प्रभावित हो रहे हैं। बीएसएनएल की सेवाएं पहले से कमजोर मानी जा रही थीं, लेकिन अब एयरटेल और जियो के उपभोक्ता भी इसी तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ने के बावजूद दूरसंचार कंपनियों ने नेटवर्क क्षमता और आधारभूत ढांचे का उसी अनुपात में विस्तार नहीं किया है। सीमित टावरों और उपलब्ध स्पेक्ट्रम पर बढ़ते ट्रैफिक का दबाव पड़ने से नेटवर्क ओवरलोड की स्थिति बन रही है। पर्याप्त फाइबर बैकहॉल और नए टावरों के अभाव में कॉल ड्रॉप, कमजोर सिग्नल और इंटरनेट स्पीड में गिरावट जैसी समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों, छात्रों और बागवानों पर पड़ रहा है।

लोगों ने नेटवर्क क्षमता बढ़ाने और नए टावर लगाने की उठाई मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि दूरसंचार कंपनियों और संबंधित विभागों को ऊपरी शिमला के ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क क्षमता बढ़ाने, नए मोबाइल टावर स्थापित करने तथा फाइबर नेटवर्क का विस्तार करने की दिशा में जल्द प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उनका कहना है कि डिजिटल सेवाओं के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क अब केवल सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कारोबार और आपदा के समय संचार का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। खराब नेटवर्क व्यवस्था से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विदेशी सेब पौधों की क्वारंटीन पर सवाल

अधूरी व्यवस्था से बढ़ सकता है विदेशी रोगों व अज्ञात कीटों का खतरा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले सेब उद्योग पर एक नया गंभीर खतरा मंडराने की आशंका जताई जा रही है। विदेशों से आयातित बड़ी संख्या में सेब के पौधों की क्वारंटीन प्रक्रिया, वैज्ञानिक परीक्षण और जैव सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। यदि आयातित पौध सामग्री की निर्धारित जांच और निगरानी में किसी भी स्तर पर चूक हुई तो इसके दूरगामी परिणाम प्रदेश की पूरी बागवानी पर पड़ सकते हैं। ऐसे में इस पूरे मामले ने बागवानों और बागवानी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान विदेशों से करीब 35 लाख सेब के पौधे हिमाचल लाए गए हैं। इन पौधों के लिए निर्धारित क्वारंटीन प्रक्रिया और वैज्ञानिक निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आयातित पौध सामग्री की पूर्ण जांच और जैव सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किसी भी फल उत्पादक राज्य के लिए अनिवार्य होता है, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी वर्षों तक चलने वाले नुकसान का कारण बन सकती है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विदेशों से आयातित फलदार पौधों को सामान्यतः 12 से 18 माह तक क्वारंटीन निगरानी में रखा जाता है, ताकि उनमें बैक्टीरिया, वायरस, फफूंद अथवा बाहरी कीटों की मौजूदगी का वैज्ञानिक परीक्षण किया जा सके। यदि यह प्रक्रिया पूरी होने से पहले पौधे बागवानों तक पहुंच जाते हैं तो उनके साथ ऐसे रोग और कीट भी प्रदेश में प्रवेश कर सकते हैं, जिनका स्थानीय स्तर पर उपचार आसान नहीं होता। कई रोग प्रारंभिक अवस्था में दिखाई ही नहीं देते और बाद में पूरी फसल तथा बागानों को प्रभावित कर सकते हैं।

पारदर्शी निगरानी व्यवस्था की आवश्यकता पर बल

हिमाचल में सेब बागवानी लाखों परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार है। ऐसे में आयातित पौधों की गुणवत्ता, प्रमाणिकता, क्वारंटीन व्यवस्था और वैज्ञानिक परीक्षणों की पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। बागवानी विशेषज्ञ समय-समय पर चेतावनी देते रहे हैं कि बिना प्रमाणित अथवा अधूरी जांच वाले पौधों के कारण नई बीमारियां और अज्ञात कीट प्रदेश के बागानों में स्थायी रूप से फैल सकते हैं, जिन पर नियंत्रण बेहद कठिन और महंगा साबित हो सकता है।

न्यूज ब्रीफ

चमियाणा अस्पताल मार्ग पर गिरा पेड़, हादसा टला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भट्टाकुफर-चमियाणा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मार्ग पर पेड़ गिरने से बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। हिमाचल किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग की कथित लापरवाही के कारण यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि उसी समय वहां से गुजर रही एक ट्रैवलर वाहन पेड़ की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई, जिसमें मरीज, तीमारदार और अन्य यात्री सवार थे। डॉ. तंवर ने कहा कि अस्पताल मार्ग पर प्रतिदिन भारी आवाजाही रहती है, लेकिन सड़क चौड़ीकरण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई। उन्होंने पूरे मार्ग का उच्च स्तरीय तकनीकी सुरक्षा ऑडिट कराने, ढलानों के स्थिरीकरण व सुरक्षा कार्य तत्काल पूरा करने तथा कथित लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर किसान सभा लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगी।

निजी वाहन मालिकों को राहत, सीलबंद और प्रतिबंधित सड़कों के पास शुल्क में बड़ी कटौती

अनंत ज्ञान, शिमला। राजधानी शिमला में निजी वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने शिमला रोड यूजर्स एंड पेडेस्ट्रियन्स (पब्लिक सेफ्टी एंड कन्वीनियंस) संशोधन अध्यादेश, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत सीलबंद और प्रतिबंधित सड़कों के लिए निजी वाहनों के पास शुल्क में भारी कटौती की गई है। नए प्रावधानों के अनुसार, सीलबंद सड़क पर निजी वाहन के लिए प्रति सड़क वार्षिक पास शुल्क अब 15,000 रुपये से घटाकर 8,000 रुपये कर दिया गया है। वहीं, प्रतिबंधित सड़क के लिए वार्षिक शुल्क 5,000 रुपये से कम कर 3,000 रुपये प्रति सड़क प्रति वाहन निर्धारित किया गया है। अध्यादेश में वाहन मालिकों को एक और सुविधा दी गई है। अब निजी वाहन मालिक सीलबंद और प्रतिबंधित सड़कों के लिए छह माह की अवधि का पास भी बनवा सकेंगे। सीलबंद सड़क के लिए छह माह के पास का शुल्क 4,500 रुपये और प्रतिबंधित सड़क के लिए 2,000 रुपये तय किया गया है। इससे पहले छह माह या इससे कम अवधि के लिए पास बनाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। वाहन मालिकों को जरूरत कम अवधि की होने के बावजूद पूरे साल का पास बनवाना पड़ता था और पूरा शुल्क देना पड़ता था।

जुन्गा अस्पताल को आज भी है 108 एंबुलेंस का इंतजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जुन्गा तहसील की 12 पंचायतों को स्वास्थ्य सेवाएं देने वाला सिविल अस्पताल आज भी 108 नेशनल एंबुलेंस सेवा से वंचित है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को निजी या किराये के वाहनों से अस्पताल पहुंचना पड़ता है। प्रतिदिन 100 से अधिक मरीजों की ओपीडी और हर माह 100 से ज्यादा मरीजों के भर्ती होने के बावजूद अस्पताल में एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी, सफाई कर्मचारियों सहित करीब 15 पद लंबे समय से रिक्त हैं, जबकि ऑपरेशन थियेटर, अल्ट्रासाउंड और आधुनिक लैब जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। निजी डायग्नोस्टिक लैब नहीं होने के कारण मरीजों को जांच के लिए शिमला का रुख करना पड़ता है। जिला परिषद सदस्य खुश विक्रम सेन ने बताया कि जुन्गा तहसील के किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं है और सीएचसी कोटी के लिए दो वर्ष पूर्व की गई घोषणा भी अब तक अमल में नहीं आ सकी। किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने कहा कि अस्पताल में सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ और आधुनिक ऑपरेशन थियेटर की तत्काल जरूरत है। उन्होंने बताया कि 50 बिस्तर स्वीकृत होने के बावजूद केवल 25 ही क्रियाशील हैं, जिसके कारण गंभीर मरीजों को शिमला रेफर करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा शुरू करने, रिक्त पद भरने, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग की है।

बाघी के समीप कुफरी में तोड़े खड़ी गाड़ियों के शीशे

अनंत ज्ञान

- ग्रामीण इलाकों में भी नहीं सुरक्षित वाहन
- ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल
- दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले की कोटखाई तहसील के बाघी क्षेत्र के समीप स्थित कुफरी गांव में रात के अंधेरे में अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ने की घटना सामने आई है। इस घटना ने स्थानीय लोगों में चिंता और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। अब तक ऐसी घटनाएं अधिकतर शहरी क्षेत्रों में देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी वाहनों को निशाना बनाए जाने से लोगों में भय का माहौल बन गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय अज्ञात लोग गाड़ियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए, जिससे वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती रहीं तो ग्रामीण क्षेत्रों की शांति और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होंगे। घटना के बाद प्रभावित लोगों ने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवा दी है।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गहन जांच कर जल्द से जल्द दोषियों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे शरारती तत्वों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में चोरी, तोड़फोड़ और अन्य आपराधिक घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने व संवेदनशील स्थानों पर निगरानी मजबूत करने की भी मांग उठाई है।

केंद्र से मंजूर 239 .45 करोड़ से सेब बेल्ट को मिलेगी नई रफ्तार : बरागटा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने केंद्र सरकार द्वारा सीआरआईएफ 2026-27 के तहत 239.45 करोड़ की स्वीकृति को प्रदेश के लिए बड़ी सौगात करार देते हुए कहा है कि यह फैसला खास तौर पर सेब उत्पादक क्षेत्रों के बागवानों और आम जनता के लिए राहत, तरक्की और खुशहाली का नया पैगाम लेकर आया है। उन्होंने कहा कि इस मंजूरी के तहत करीब 203.52 करोड़ की लागत से छैला-नेरिपुल-यशवंत नगर-कुमारहट्टी सड़क का व्यापक उन्नयन किया जाएगा, जबकि टिकर-जरोल-खमाड़ी सड़क के सुधार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 35.93 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।

बरागटा ने कहा कि ठियोग, कोटखाई, जुब्बल, रोहड़ू और चौपाल जैसे सेब बहुल क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था इन सड़कों पर टिकी हुई है। वर्षों से बेहतर सड़क संपर्क की मांग उठती रही है और अब केंद्र सरकार की इस मंजूरी से बागवानों को अपनी फसल समय पर मंडियों तक पहुंचाने में बड़ी सहूलियत मिलेगी। परिवहन लागत कम होगी, समय की बचत होगी और सेब सहित अन्य बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता भी बरकरार रहेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क पर्यटन, व्यापार और स्थानीय विकास को भी नई रफ्तार देगा।

पीएम और सांसद का जताया आभार

बरागटा ने इस अहम मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा सांसद सुरेश कश्यप का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह फैसला प्रदेश के विकास की नई इबारत लिखेगा और बागवानों की उम्मीदों को नई ताकत देगा। यह मंजूरी राज्य के आर्थिक भविष्य, बागवानी और जनसुविधाओं को नई बुलंदी देने की एक अहम कड़ी साबित होगी।

चेतन बरागटा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के विकास को लगातार प्राथमिकता दे रही है। सड़क, आधारभूत ढांचे और संपर्क सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिनका सीधा फायदा प्रदेश की जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी और विकास की रफ्तार पहले से कहीं अधिक तेज होगी।

नीट छात्र आंदोलन और कंगना के बयानों पर रुख स्पष्ट करे भाजपा : राठौर

अनंत ज्ञान

शिमला। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और छात्र आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयानों को लेकर भी भाजपा से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है। राठौर ने बुधवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीट परीक्षा में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के बाद देशभर के छात्रों में आक्रोश पैदा हुआ। उन्होंने दावा किया कि छात्रों के आंदोलन के दबाव में केंद्र सरकार को कदम उठाने पड़े और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा।

उन्होंने केंद्र सरकार पर असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के दबाव के बिना सरकार जवाबदेही तय नहीं करती।

कार्यालय ग्राम पंचायत स्योग विकास खण्ड जिला मण्डी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत स्योग विकास खण्ड जिला मण्डी द्वारा वित् वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवयश्कता अनुसार अधिकृत विक्रेतायों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 12/08/2026 को अपराहन सायं 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यलय स्योग में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएँ दुसरे दिन दिनांक 13/08/2026 को अपराहन 1:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यलय में खोली जाएगी। निविदाओं के साथ FDR के आलावा जैसे कि चेक, एफडी केश मान्य नहीं होगा।
सामग्री का विवरण : 1. रेत (खड्ड/नदी की)प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रुशर की) प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20 mm (खड्ड नदी की) प्रति घन मीटर, 4. बजरी 40mm (खड्ड की) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 20 mm क्रशर की प्रति घन मीटर, 6. बजरी 40 mm क्रशर की प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8.पत्थर (कटस्टोन) प्रति घन मीटर, 9 पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्ठे की) प्रति 1000 न., 10. JCB मशीन द्वारा कटिंग प्रति घंटा, 11. शटरिंग पर स्केवर फीट प्रति घन मीटर, 12. क्रेट वायर मंडी से स्योग तक प्रति क्रेट, 13. सीमेंट पेवर ब्लाक 40,60, 80 MM प्रति सहित पर ब्लॉक प्रति ब्लॉक, 14. सीमेंट कैरिज पर बैंग सिविल SUPLY MANDI से WORK SITE तक प्रति बैंग, 15. लोकल पत्थर कैरिज पर CUM प्रति CUM, 16. नागरिक सूचना बोर्ड with writing 3/3 व 4/4 व 5/5 फुट प्रति बोर्ड, 17. डस्टबिन प्रति एक, 18. HUME PIPES (सीमेंट के 150mm, 300mm, 600mm, 900mm प्रति pipes
नियम व शर्ते : 1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यलय में प्राप्त की जाएगी अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकृत नहीं की जायगी।2. निविदातादाता के पास अपना पंजीकरण पेन संख्या, GST नम्बर होना आवश्यक हैं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्तांतरित M FROM जमा करवाने होंगे. M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बंधीरायल्टी वर्तमान में 60/-रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जायगी। 4. सभी करो का लेन देन सरकार के प्रावधानी अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसीफिकेशन के अनुरुप होगी।6. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए।
प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत सिरमौरी मन्दिर
विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिरमौरी मंदिर में वर्ष 2026-2027 के लिए सामग्री खरीद हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी वेंडरों से अनुरोध है कि सील बंद लिफाफे में दिनांक 04/08/26 को सांय 05:00 बजे तक अपनी निविदाएं जमा करवा दे। ताकि दिनांक 05-08-2026 को दोपहर 01:00 बजे निविदांए खोली जा सके और निम्न दर वाले वेंडर को नया वेंडर चयनित किया जा सके। फर्म का प्रदेश बिक्री कर से पंजीकृत होना अनिवार्य है। बिल के साथ रूफॉर्म भी होना अनिवार्य है।
सामग्री विवरण :- 1. Sand-Per Sq. feet, 2. Aggregate 20mm-Per Sq. Feet, 3. Aggregate 10mm-er Sq. Feet, 4. Bricks A Grade, 5. Cut Stone, 6.Cement Carriage, 7.JCB JOB Work, Road Construction/Repair of Road, 8. Wooden, Steel, Tiles, Interlock Tiles, Electricity, Carpenter etc., 9. GI Pipe, PVC Pipe, Shuttering and any others Material.
नियम व शर्ते :- 1. आवेदक के पास GST नम्बर व M-Form होना चाहिए। 2. जिस निविदादाता की कुटेशन पास होगी वह सेक्योरिटी तौर पर 100000/- का चेक जमा करेगा। यदि सामग्री देने में कोई कोताही बरती जाएंगी तो ग्राम पंचायत फर्म के चेक को सामग्री खरीद हेतु प्रयोग में ला सकती हैं। 3. कोटेशन साफ अक्षरों में मान्य होगी। कटिंग वाली कोटेशन मान्य नहीं होंगी। 4. कोटेशन बंद लिफाफे में होना चाहिए व फोन नम्बर भी होना चाहिए। 5. गलत सामग्री पाए जाने पर कोई अदायगी नही की जाएंगी। 6. सामग्री की दर DSC, PFMS व RTGS के माध्यम से की जाएगी। 7. समान की दर बराबर होने पर व कोई विवाद उत्पन होने पर कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिरमौरी मन्दिर विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत डिलमन
विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डिलमन निम्न शर्तों के आधार पर कुटेशन / निविदिका आमंत्रित करती है। कुटेशन निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती है। Fine रेत feet बजरी क्रेशर 10mm, 20mm,40mm, 60mm/feet, ईन्ट 1no./piece, JCB machine/hrs ,JCB ब्रेकर/hrs, चक्का टाइल/piece, शेटरिंग/feet, मिक्स्चर/hrs etc. 1. आवेदक के पास GST no. होना चाहिए व M-form अनिवार्य देना होगा। 2. कुटेशन साफ अक्षर में मान्य होगी, कटिं ग वाली कुटेशन मान्य नहीं होगी। 3. कुटेशन बंद लिफाफे में मो. न. सहित होनी चाहिए। 4. जिस फार्म की कुटेशन पास होगी वो सिक्योटीके तौर पर 100000-00 का चेक पंचायत में जमा करेगी। यदि बेंडर सामग्री देने में कोई कोताही करता है तो पंचायत दुसरे न. के बेन्डर से सामग्री खरीद करेगी। 5. हल्की कवालटी की सामग्री पाए जाने पर कोई अदायगी नही की जाएगी। 6. सामग्री की अदायगी पंचायत में राशि की उपलब्धता अनुसार PFMS, व RTGS के माध्यम से की जाएगी। 7. कुटेशन ग्राम पंचायत डिलमन में दिनांक 05/08/2026 तक प्राप्त होनी चाहिए। व् कुटेशनो को अगस्त माह 07/08/2026 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत बैठक में सर्वजनिक तौर पर खोली जाएगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत डिलमन
विकास खंड पच्छाद, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारा विकास खण्ड बल्ह स्थित नेर चौक तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत लोहारा विकास खंड बल्ह जिला मंडी द्वारा वित वर्ष 2026-2027 के लिये विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुरहबंद निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। निविदाएँ दिंनाक 10/08/2026 को पूर्वाहन 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पंहुच जानी चाहिए। निविदाएँ इसी दिंनाक को अपराहण 12 बजे के बाद ग्राम पंचायत के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। **सामग्री का विवरण-**1. रेत (खड्ड)-प्रति घन मीटर 2. रेत (क्रशर)-प्रति घन मीटर 3. बजरी 20एमएमए 40 एमएम (खड्ड/नदी)-प्रति घन मीटर 4. बजरी 20एमएमए 40एमएम (क्रशर)-प्रति घन मीटर 5. सोलिंग बोल्डर पत्थर- पत्थर (cut Stone)-प्रति घन मीटर 6. पकी ईंटे (मिटटी के भटे की) (2 Class)-प्रति 1000 नं., 7. मशीन द्वारा कटान (cutting through JCB मशीन)-प्रति घन मीटर, 8. Cement ढुलान Tractor / jeep / अन्य वाहन द्वारा-प्रति बैग, 9. शटरिंग दीवार- प्रति वर्ग मीटर, 10. टोर सरिया (isi Marked)- प्रति क्विंटल, 11.HD PVC PIPE- Dia 150mm, 12. PVC PVC PIPE-Dia 100mm, 13. RCC PIPE-Dia 150mm, 14. RCC PIPE-Dia 2500mm,15. RCC PIPE-Dia 3000mm,16. RCC PIPE-Dia 900mm, 17. Shuttering slab-per/M sqr, 18. दीवार लेखनी (Wall Writing)- प्रति वर्ग मीटर, **नियम व शर्तेः-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरणः पैन संख्या GST नम्बर होना आवयश्क है। 2. ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित m-from जमा करवाने होगें m- from उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबधी रायल्टी बर्तमान में मु0 रुपये प्रति घन मीटर के हिसाब से कटी जायेगी। 3. सामग्री कि आपूर्ति लोक निमार्ण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 4. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 5. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सडक तक उपलब्ध करवानी होगी। 6. पारित निविदादाता को मु. 10000/- रूपये धरोहर / सुरक्षित राशी के रूप में ग्रा0 प0 के पास जमा करने होंगे। 7. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक हि मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री कि अदायगी देय नहीं होगी। 8. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पता है तो उसकी गत समय मे दी गई सामग्री कि देय राशी का भुगतान नहीं किया जायगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी। 9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने सशर्त निविदा समान दर रहने की स्तिथि मे एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने सामग्री कि गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत /विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 10. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग कि Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार /उपरांत किया जायेगा।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत लोहारा
विकास खण्ड बल्ह स्थित नेर चौक तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

कार्यालय ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़
विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

निविदा सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ विकास खंड देहरा जिला काँगड़ा हिमाचल प्रदेश ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ विकास खंड देहरा में वित् वर्ष 2026-27 में VB-G-RAM-G मद,स्वच्छ भारत मिशन,15वां वितोयोग व अन्य सभी मदों के अंतर्गत करवाए जाने बाले विकास कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जानी अनिवार्य हैं। अतः इच्छुक व्यक्ति/ फर्म दिनांक 03-08-2026 से पहले किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ में निविदा बंद लिफाफे में स्वयं या डाक के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।
सामग्री का विवरण निम्न है :- 1)रेत क्रशर-प्रति घन मीटर, 2)बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3) बजरा क्रशर 40एमएम,60एमएम, 80एमएम-प्रति घन मीटर, 4)रेत करलुई -प्रति घन मीटर, 5) बजरी लोकल -प्रति घन मीटर, 6)पत्थर खाड़ू-प्रति नग, 7)पत्थर टूटा हुआ-प्रति नग, 8)ईंट प्रथम श्रेणी-प्रति नग, 9) बोल्डर-प्रति घन मीटर, 10) सेटरिंग लकड़ी-प्रति (SFT) या प्रति RMT, 11)सेटरिंग स्टील - प्रति (SFT) या प्रति RMT, 12)सेटरिंग स्लैव -प्रति (SFT), 13)ट्रेक्टर किराया खड से कार्य स्थल तक-प्रति फेरा, 14) ट्रेक्टर किराया सड़क से कार्य स्थल तक -प्रति फेरा, 15)लिखाई बोर्ड सामान्य/ VB-G-RAM-G मद फोटो सहित 2'×3'-प्रति बोर्ड, 16)लिखाई बोर्ड VB-G-RAM-G मद फोटो सहित 4'×3'- प्रति बोर्ड, 17)ढूलवाई सीमेंट HPSCS देहरा से -प्रति बैग, 18)स्टील (सरिया) 8/10/12/16/20एमएम-प्रति किलोग्राम, 19) पानी की टंकी प्लास्टिक 2000/1000 लीटर स्थापना सहित -प्रति टंकी, 20) कन्क्रीट पोल 5 फुट , 6 फुट -प्रति फुट, 21) कन्क्रीट बोर्ड VB-G-RAM-G मद लिखाई सहित 4'X3'- प्रति बोर्ड 22) लोहा कार्य जैसे सीढ़िया , गेट , रेलिंग आदि -प्रति किलोग्राम, 23) दरवाजा एल्यूमिनियम / लकड़ी स्थापना सहित -प्रति नग, 24) खिड़की एल्यूमिनियम / लकड़ी स्थापना सहित-प्रति नग, 25) रंग ,रोगन भवन -प्रति SFT, 26)फ्लोर व दीवार टाइल मजदूरी -प्रति SFT, 27)पेंटिंग या समान्य लिखाई -प्रति SFT, 28) JCB कार्य प्रति घंटा -प्रति घंटा, 29)मिक्सचर मशीन -प्रति दिन, 30)मिट्टी भरान या लेवेलिंग -प्रति ट्रेक्टर / टिप्पर, 31)टाइल फ्लोर 2'×2' -प्रति फुट, 32) टाइल फ्लोर 1'×1'-प्रति फुट, 33) टाइल फ्लोर 1'×1.6'-प्रति फुट, 34) ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयरन जाला कूड़ेदान स्थापित करना साइज़ 4'×2' व 3'×2' स्टैंड फिटिंग सहित -प्रति नग , 35)Fire Bricks -प्रति नंबर, 36) कंक्रीट ईट-प्रति नंबर, 37) कंक्रीट ब्लाक 4 ',6 ',8' -प्रति नंबर, 38)स्टेनलेस स्टील रेलिंग -प्रति किलोग्राम। **नोट :-** दिनांक 03/08/2026 (अपराह्न 5.00 बजे तक) के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी। निविदा खोलने का समय दिनांक 05/08/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ में सुबह 11.30 बजे। **नियम व शर्तें :-** 1 निविदादाता के पास अपना पंजीकृत जी.एस.टी नंबर होना चाहिए। 2 निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाडी जाती है, वहां तक पहुंचानी होगी। 3 निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति सात दिन के भीतर नहीं कर पाता है तो निविदादाता पर नियामानुसार कार्यवाही की जाएगी या जुर्माना किया जा सकता है। 4 एक समान दर होने पर सप्लाई आर्डर देने का अधिकार निविदा कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। 5 सामग्री कि गुणवत्ता सही न होने की दशा में निविदा को रद्द भी किया जा सकता है। 6 सप्लाईकर्ता द्वारा पंचायत को उपलब्ध करवाई गई सामग्री का X और M फॉर्म भी जमा करवाना होगा। यदि X और M फॉर्म जमा नहीं करवाता है तो उसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सप्लाईकर्ता से रॉयल्टी भी काटी जाएगी। 7 एकमुश्त 30,000 /- रूपये का बिल या वार्षिक 1 लाख का भुगतान होने पर सरकारी दरों अनुसार TDS की कटौती की जाएगी। 9 निविदा खोलते समय निविदादाता या कोई प्रॉक्सी मौके पर उपस्थित होना चाहिए अन्यथा वह निविदा नही खोली जाएगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी उप तहसील दुलैहड जिला ऊना हि0 प्र0
मिसल नम्बर-8096220/2026
तारीख मरजुआ- 29-07-2026
तारीख पैशी- 04-08-2026
श्री केबल सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी गाँव पोलियाँ-बीत उप तहसील दुलैहड जिला ऊना हिमाचल प्रदेश।
बनाम आम जनता।
मुस्त्री मुनादी नाम दरूस्ती करने बारे ईशतहार श्री केबल सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी गाँव पोलियाँ-बीत उप तहसील दुलैहड जिला ऊना हिमाचल प्रदेश। ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजार कर निवेदन किया है कि उसका नाम केबल सिंह है लेकिन राजस्व कागजात में गलती से केबल कृष्ण दर्ज हो गया है। वह उसे ठीक करवाकर केबल सिंह करवाना चाहता है।
राजस्व कागजात माल में प्राथी नाम केवल कृष्ण की बजाए केबल सिंह करने बारे आम जनता को इस ईशतहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर उक्त व्यक्ति का सही नाम दर्ज करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनाँक 04-08-2026 को इस न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करते हुए। उक्त मामला में आगामी कार्यवाही कर दी जायेगी। यह ईशतहार आज दिनाँक 29-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया है।
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी
दुलैहड जिला ऊना हिमाचल प्रदेश

अनंत Classifieds

बेदखली सूचना

मैं, जोगिन्दर सिंह (50 वर्ष) पुत्र ज्ञान चन्द पुत्र बंसी लाल बासी भाटी मौजा बोहन तहसील ज्वालामुखी जिला काँगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी लड़की आंशिका चौधरी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपनी लड़की आंशिका चौधरी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, हर्षित (18)पुत्र मनोहर सिंह निवासी गांव कुलाड़ा डाकघर डाह तहसील इन्दोरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हर्षित (HARISHIT) गलत दर्ज है। मेरा असली और सही नाम हर्षित (HARSHIT) है।

नाम परिवर्तन

मैं, शिव राम (27 वर्ष) पुत्र श्री सूरज प्रकाश निवासी गांव कुंडुनी, डाकघर बस्सी, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी, (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम शिव राम से बदलकर मोहित कुमार रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे मोहित कुमार के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, सुरजन (56 वर्ष) पुत्र श्री गंतु राम निवासी गांव कुंडुनी, डाकघर बस्सी, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी, (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सुरजन से बदलकर सूरज प्रकाश रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे सूरज प्रकाश के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी एवं तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा [हि0प्र0]
मिसल नम्बर / तहसील/रीडर/2026
तारीख पेशी
रोशन पुत्र ईल्मदीन निवासी गाँव/मुहल्ला डोभ डाकघर पलुन्ही परगना गुदियाल तहसील व जिला चम्बा (हि0 प्र0]
बनाम
आम जनता एवं ग्राम पंचायत पलुंह विकास खंड चंबा।
विषय : जन्म/मृत्यु सम्बन्धित पंजीकरण वारा।
इस अदालत में उपमंडलाधिकारी (ना0] चम्बा के कार्यालय पृष्ठांकन संख्या-2026/5689 दिनांक 15-7-2026 के माध्यम से प्राप्त दस्तावेज क्रमशः [1] जिला पंजीकरण (जन्म एवं मृत्यु) मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा के कार्यालय पत्र संख्या-HFW-B&D/CMO-CBA/2026/21020 दिनांक 15-7-2026 शपथ पत्र, अप्रप्राप्त प्रमाण-पत्र, जिसमें पार्थी गामी पुत्र बाला निवासी गाँव/मुहल्ला डोभ परगना गुदियाल तहसील व जिला चम्बा [हि0प्र0] के उसके नाना नामक रोशन की मृत्यु दिनांक [20-6-2013] किन्ही कारणों से ग्राम पंचायत पलुंह विकास खंड चंबा के कार्यालय अभिलेख में दर्ज न हुई है, जो नियमानुसार दर्ज होना अनिवार्य है। इसलिए प्राथी ने अनुरोध किया है कि, उसके नाना की मृत्यु को ग्राम पंचायत पलुंह विकास खंड चंवा के जन्म/मृत्यु रजिस्टर में दर्ज/पंजीकृत किया जाये। अतः सर्व साधारण जनता को इस ईश्तहार दवारा सूचित किया जाता है कि, प्राथी गामी पुत्र बाला निवासी गाँव/मुहल्ला डोभ परगना गुदियाल तहसील व जिला चम्बा [हि0 प्र0] के उसके नाना की मृत्यु को ग्राम पंचायत पलुंह विकास खंड चंबा के जन्म/मृत्यु अभिलेख में दर्ज करने वारा अगर किसी को आपति हो तो वह असालातन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में इश्तहार के प्रकाशन एक माह के भीतर-भीतर सुबह 10 से सायं 5.00 बजे तक दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपति न आने की सूरत में प्राथी के नाना की मृत्यु दिनांक [20-6-2013] दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित स्थानीय रजिस्टार जन्म एवं मृत्यु को पारित कर दिये जायेगे। आज दिनांक 20-7-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये है।
कार्यकारी दण्डाधिकारी
तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा हि0 प्र0.।

कार्यालय ग्राम पंचायत थिल
विकास खंड सुरानी, तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

निविदा सूचना

विषयः- ग्राम पंचायत थिल में वित वर्ष 2026 -27 के लिए सामग्री की निविदाए आमंत्रित करने वारे प्रस्ताव। यह कि ग्राम थिल वर्ष 2026-27 के लिए निम्नलिखित सामग्री की निविदाए आमंत्रित करती है, **विवरण निम्न है** -1. रेता धूला -प्रति क्युविक मीटर, 2.रेता क्रेसर -प्रति क्यूवीक मीटर, 3.रेता दरिया -प्रति क्यूवीक मीटर, 4.बजरी क्रेसर-प्रति क्यूवीक मीटर, 5. बजरा क्रेसर -प्रति क्यूवीक मीटर, 6. बजरा दरिया-प्रति क्यूवीक मीटर, 7. बोल्डर / सोलिंग - प्रति क्यूवीक मीटर, 8. मिकचर मशीन तेल सहित-प्रति दिन, 9. शटरिंग लकड़ी -प्रति Cft, 10.शटरिंग स्टील प्लेट-प्रति वर्ग फुट, 11.टूटा पत्थर-प्रति पत्थर, 12.ईट अवल -प्रति ईंट, 13. इंटरलोक टायल 40mm . 60mm, 80MM with कैरिज, 14.Jcb -प्रति घन्टा, 15.पानी का टैंकर - प्रति टैंकर, 16. लोकल सामग्री ढुलवाई -प्रति फेरा, 17. Jcb हैम्बर -प्रति घन्टा। यह कि निविदा दाता के पास GST न0 होना अनिवार्य है ,जीएसटी की प्रति साथ संलग्न होनी चाहिए व एम फार्म भी देना होगा। 2 निविदाएं दिनांक 5/07/2026 तक बंद लिफ़ाफ़े में या डाक द्वारा कार्यालय में पंहुच जानी चाहिए। 3 निविदाएं 10/07/2026 को 11 बजे पंचायत बैठक में खोली जाएगी। 4 मटीरियल की दर जीएसटी सहित होगी अलग से देय नहीं होगी। 5 अंतिम अदायगी मूल्यांकन उपरांत की जाएगी। कुटेशनदाता को 40,000/- की राशी बंधक धन राशी प्रधान ग्राम पंचायत थिल के नाम पर जमा करनी होगी। अगर कोई फर्म समय पर सामग्री सप्लाई नहीं करता है तो अमानत राशी जब्त कर ली जाएगी। जहां तक टैक्टर योग्य मार्ग होगा वहाँ सामग्री आपूर्तिकर्ता को उसी रेट पर सामग्री देनी होगी जो कुटेशन में दर्शाया गया है। सामग्री आपूर्तिकर्ता को सप्लाई आडर देने के सात दिन के भीतर या पंचायत के निर्देशानुसार पूर्ति करनी होगी ,समय अनुसार आपूर्ति न होने पर कुटेशन को बिना नोटिस दिए रद्द करने का अधिकार पंचायत को पूरा अधिकार होगा। अत : सीमेंट जिस फर्म से कैरिज करवाया जाएगा पंचायत उसे अदायगी करने के लिए स्वतंत्र होगी। समय का ध्यान रखा जाएगा जिस में फर्म स्वयं जिमेंवार होगी। कुटेशन खुलने वाले दिन बैंडर का हाजिर होना आवश्यक है।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत थिल
विकास खंड सुरानी, तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत टिप
विकास खंड सुरानी, तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

निविदा सूचना

विषयः- ग्राम पंचायत टिप में वित वर्ष 2026 -27 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित करने वारे प्रस्ताव। यह कि ग्राम टिप वर्ष 2026-27 के लिए निम्नलिखित सामग्री की निविदाए आमंत्रित करती है , **विवरण निम्न है - 1.** रेता धूला -प्रति क्युविक मीटर, 2. रेता क्रेसर -प्रति क्यूवीक मीटर, 3. रेता दरिया-प्रति क्यूवीक मीटर, 4.बजरी क्रेसर -प्रति क्यूवीक मीटर, 5. बजरा क्रेसर-प्रति क्यूवीक मीटर, 6.बजरा दरिया -प्रति क्यूवीक मीटर, 7.बोल्डर / सोलिंग-प्रति क्यूवीक मीटर, 8. मिकचर मशीन तेल सहित-प्रति दिन, 9. शटरिंग लकड़ी - प्रति Cft, 10. शटरिंग स्टील प्लेट -प्रति वर्ग फुट, 11.टूटा पत्थर -प्रति पत्थर, 12.ईट अवल-प्रति ईंट, 13. इंटरलोक टायल 40mm, 60mm, 80mm with कैरिज,14. Jcb -प्रति घन्टा,15.पानी का टैंकर-प्रति टैंकर,16.लोकल सामग्री ढुलवाई -प्रति फेरा, 17. Jcb हैम्बर -प्रति घन्टा। यह कि निविदादाता के पास GST न0 होना अनिवार्य है, जीएसटी की प्रति आवेदन के साथ संलग्न होनी चाहिए व एम फार्म भी देना होगा। 2 निविदाएं दिनांक 03/08/2026 तक बंद लिफाफे में या डाक द्वारा कार्यालय में पंहुच जानी चाहिए 3.निविदाएं 05/08/2026 को 11 वजे पंचायत बैठक में खोली जाएगी। 4. मटीरियल की दर जीएसटी सहित होगी अलग से देय नहीं होगी। 5. अंतिम अदायगी मूल्यांकन उपरांत की जाएगी। कुटेशन दाता को 40,000/- की राशी बंधक धन राशी प्रधान ग्राम पंचायत टिप के नाम पर जमा करनी होगी। अगर कोई फर्म समय पर सामग्री सप्लाई नहीं करता है तो अमानत राशी जब्त कर ली जाएगी। जहां तक टैक्टर योग्य मार्ग होगा वहाँ सामग्री आपूर्तिकर्ता को उसी रेट पर सामग्री देनी होगी जो कुटेशन में दर्शाया गया है। सामग्री आपूर्तिकर्ता को सप्लाई आडर देने के सात दिन के भीतर या पंचायत द्वारा निर्देशानुसार आपूर्ति करनी होगी ,समय अनुसार आपूर्ति न होने पर कुटेशन को बिना नोटिस दिए रद्द करने का अधिकार पंचायत को पूरा अधिकार होगा। अतः सीमेंट जिस फर्म से कैरिज करवाया जाएगा पंचायत उसे अदायगी करने के लिए स्वतंत्र होगी। समय का ध्यान रखा जाएगा जिस में फर्म स्वयं जिमेंवार होगी। कुटेशन खुलने वाले दिन बैंडर का हाजिर होना अवश्य है।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत टिप
विकास खंड सुरानी, तहसील खुंडियां जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

मनाली में प्रदेश का पहला बंजी जंपिंग टावर शुरू

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया उद्घाटन, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

अनंत ज्ञान

मंत्री विक्रमादित्य सिंह का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

एम बोकटापा, मनाली। पर्यटन नगरी मनाली के धमसू क्षेत्र में प्रदेश का पहला 235 फीट ऊंचा बंजी जंपिंग टावर शुरू हो गया है। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस परियोजना के शुरू होने के साथ ही हिमाचल प्रदेश के साहसिक पर्यटन (एडवेंचर टूरिज्म) के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

इस अवसर पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाओं वाला राज्य है। धमसू में स्थापित यह बंजी जंपिंग टावर राज्य में एडवेंचर टूरिज्म को नई पहचान देगा और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह बंजी जंपिंग के लिए ऋषिकेश की अलग पहचान है, उसी प्रकार भविष्य में मनाली भी इस गतिविधि के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में जाना जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है और इस तरह की पहल से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। बंजी जंपिंग परियोजना के संचालक अंशुल भारद्वाज ने बताया कि टावर की ऊंचाई 235 फीट है तथा इसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशिक्षित विशेषज्ञों की निगरानी में सभी गतिविधियां संचालित होंगी ताकि पर्यटकों को सुरक्षित और रोमांचक अनुभव मिल सके। उन्होंने बताया कि बंजी जंपिंग के अलावा यहां स्काई डिनर, स्काई वॉक और किड्स बंजी जंपिंग जैसी आकर्षक गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी।

इससे यह स्थान केवल रोमांच प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि परिवारों और बच्चों के लिए भी नया पर्यटन केंद्र बनेगा। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों का मानना है कि धमसू में इस अत्याधुनिक एडवेंचर सुविधा के शुरू होने से मनाली के पर्यटन को नई गति मिलेगी और यहां आने वाले पर्यटकों को पारंपरिक पर्यटन स्थलों के साथ एक नया रोमांचक अनुभव भी मिलेगा।

मनाली की सड़कों के सुधार के लिए 8 करोड़ मंजूर, वामतट-ओल्ड मनाली मार्ग होंगे दुरुस्त

अनंत ज्ञान, मनाली। लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मनाली दौरे के दौरान क्षेत्र की सड़कों के सुधार के लिए 8 करोड़ रुपये मंजूर करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग के सुधार के लिए 5 करोड़ रुपये और ओल्ड मनाली से गौशाल सड़क के लिए 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सर्किट हाउस मनाली में आयोजित जनसमस्या निवारण कार्यक्रम में पर्यटन कारोबारियों और स्थानीय लोगों ने सड़कों की खराब हालत का मुद्दा उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने ओल्ड मनाली पुल निर्माण में तेजी लाने, गौशाल सड़क की मरम्मत और मनाली बाईपास कार्य जल्द पूरा करने की मांग रखी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के बाद सड़क सुधार कार्य युद्धस्तर पर शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर से पहले प्रमुख सड़कों को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री जी! चोखंग-नैनगाहर सड़क की हालत खस्ता

विक्रमादित्य सिंह से मिले युवा कांग्रेस लाहौल-स्पीति के पूर्व अध्यक्ष दीपक ठाकुर

अनंत ज्ञान

मंत्री विक्रमादित्य सिंह को सड़क की समस्या बारे अवगत करवाते हुए दीपक ठाकुर। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल घाटी के चोखंग और नैनगाहर सड़क की लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा अब मुखर होने लगा है। मार्ग की बदहाली को लेकर युवा कांग्रेस लाहौल-स्पीति के पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात की और सड़क के शीघ्र एवं स्थायी सुधार की पुरजोर मांग उठाई है। दीपक ठाकुर ने मंत्री को अवगत कराया कि यह सड़क क्षेत्र के लिए किसी जीवनरेखा से कम नहीं है, लेकिन वर्तमान में इसकी हालत बेहद दयनीय हो चुकी है।

उन्होंने मंत्री को बताया कि चोखांग-नैनगाहर सड़क के साथ बहने वाली नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क कई स्थानों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाती है। नदी के लगातार हो रहे कटाव के कारण यह मार्ग बार-बार बाधित होता है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विशेषकर बरसात के मौसम में यहां के हालात और अधिक गंभीर हो जाते हैं, जहां से गुजरना लोगों के लिए जोखिम भरा साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग केवल कुछ गांवों को आपस में जोड़ने का जरिया नहीं है, बल्कि इसी रास्ते से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नीलकंठ महादेव के दर्शन के लिए हर साल बड़ी संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। सड़क की खस्ताहाली के चलते तीर्थयात्रियों, स्थानीय किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को हर दिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र की गतिविधियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

दीपक ठाकुर ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से आग्रह किया कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस सड़क के स्थायी सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। उन्होंने मांग की कि नदी के कटाव को रोकने के लिए सुरक्षा दीवार और अन्य जरूरी इंजीनियरिंग कार्य जल्द से जल्द शुरू किए जाएं, ताकि लोगों को सुरक्षित व निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही, उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार इस महत्वपूर्ण मार्ग की गंभीरता को समझते हुए जल्द ही धरातल पर ठोस कार्रवाई करेगी, जिससे लाहौल घाटी के लोगों और नीलकंठ महादेव आने वाले यात्रियों को इस समस्या से स्थायी राहत मिल सकेगी।

विधायक अनुराधा ने करपट में 30 लाख से बना सामुदायिक भवन किया लोकार्पित

चांगुट और उडगौस पुल का निरीक्षण करती हुई विधायक अनुराधा।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो केलांग। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने उप विकास खंड उदयपुर के करपट में 30 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन बाढ़ जैसी आपदा के समय करपट गांव के लोगों के अस्थायी पुनर्वास के लिए उपयोगी रहेगा।

विधायक ने कहा कि करपट क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जारी हैं तथा बार-बार बाढ़ में बहने वाले डौंडल (करपट) पुल का स्थायी समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने आमजन को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया। इसके बाद उन्होंने चांगुट और उडगौस पुल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रधान रंजना, समिति सदस्य अंजली, जिला अध्यक्ष दौरजे लारजे, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमला ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल ठाकुर, महासचिव अरुण, जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर राहुल, छेरिंग राम, अर्जुन, जितेन्द्र, धीरज, गोपाल, गांव के गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिया फुट ब्रिज के पुनर्निर्माण की मांग तेज

2023 की बाढ़ में टूटा था ब्रिज, ग्रामीणों ने जल्द निर्माण की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

2023 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुआ जिया फुट ब्रिज। अनंत ज्ञान

भुंतर। वर्ष 2023 की विनाशकारी बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए जिया फुट ब्रिज के पुनर्निर्माण की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। भुंतर सुधार समिति ने लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन सौंपकर पुल का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग उठाई। मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग कुल्लू के अधीक्षण अभियंता (एसई) को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शाढ़ाबाई रेस्ट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान समिति के संस्थापक मेघ सिंह कश्यप ने बताया कि जिया फुट ब्रिज वर्षों से स्थानीय ग्रामीणों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन रहा है। वर्ष 2023 की बाढ़ में पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद जिया गांव के स्कूली बच्चों, कॉलेज विद्यार्थियों, किसानों, बागवानों और आम लोगों को रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जिया संगम में धार्मिक आयोजनों और शाही स्नान के दौरान आने वाले देवी-देवताओं तथा श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। फोरलेन पुल के नीचे से देवी-देवताओं की पालकियां नहीं गुजरतीं, जिससे उन्हें करीब पांच किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है।

मेघ सिंह कश्यप ने बताया कि आजादी के बाद बने लकड़ी के फुट ब्रिज ने क्षेत्र के लोगों के जीवन को आसान बनाया था। इससे विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज और किसानों-बागवानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिली। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद एक बार फिर क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि जिया में फोरलेन के दो पुल मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग करने पर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि समिति पहले भी इस मांग को सरकार के समक्ष उठा चुकी है। मंगलवार को दोबारा मंत्री को समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री के आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों में जिया फुट ब्रिज के पुनर्निर्माण को लेकर नई उम्मीद जगी है।

रोहली-कडू नाला के बीच एसकेटीटी सड़क आज-कल रहेगी बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने संसारीनाला-किलाड़-थिरोट-तादी (एसकेटीटी) सड़क के किलोमीटर 80.900 रोहली-कडू नाला के बीच 30 और 31 जुलाई को सभी वाहनों की आवाजाही बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में किए जाने वाले सुरक्षा कार्यों को देखते हुए लिया गया है।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने बताया कि भूस्खलन के कारण यह क्षेत्र संवेदनशील और जोखिमपूर्ण हो गया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित स्थल पर मलबा हटाने और आवश्यक सुरक्षा कार्य किए जाएंगे।

जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों, पर्यटकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस अवधि में उक्त मार्ग से यात्रा करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों की योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि कार्य पूरा होने और मार्ग को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। प्रशासन ने सभी से सहयोग और दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

केलांग-युरनाथ की सड़कों के सुधार को लेकर मंत्री से मिले पंचायत प्रधान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। जिला लाहुल-स्पीति की ग्राम पंचायत केलांग और ग्राम पंचायत युरनाथ की सड़कों के सुधार तथा क्षेत्रीय विकास को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात कर विभिन्न मांगें उठाईं। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत केलांग के प्रधान सोनम जंगपो ने पंचायत क्षेत्र की कई सड़कों के चौड़ीकरण, टायरिंग, रखरखाव और सुरक्षा कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क सुविधा स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

वहीं, ग्राम पंचायत युरनाथ के प्रधान अशोक मियास ने पंचायत क्षेत्र में लंबित सड़क एवं आधारभूत विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दोनों पंचायतों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक एवं सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाने और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

◆ ग्रामीणों ने सड़क विकास को लेकर विक्रमादित्य सिंह के समक्ष रखी मांगें

न्यूज ब्रीफ

लुहरी में कार से 288 बोतल अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, आनी। पुलिस चौकी लुहरी की टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कार से 288 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक लायक राम टीम के साथ गश्त पर थे, तभी उन्हें अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली। लुहरी चौक में नाकाबंदी कर कार नंबर एचपी 30 बी 5200 की तलाशी ली गई, जिसमें 240 बोतल देशी शराब, 24 बोतल रॉयल स्टैग और 24 बोतल थंडर वर्ड बीयर मिली। पुलिस ने वाहन जब्त कर घनश्याम निवासी करसोग के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दलाश में ढाबे से चरस और अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, आनी। पुलिस थाना आनी की टीम ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत दलाश क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक ढाबे से 88 ग्राम चरस और 16 पेटियां अवैध देशी शराब बरामद की हैं। डीएसपी आनी राजीव मेहता ने बताया कि पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में संजीत कुमार के ढाबे पर तलाशी ली, जहां से मादक पदार्थ और शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ड़) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बरामद सामग्री के स्रोत और उपयोग की जानकारी जुटा रही है।

दामिनी शर्मा अध्यक्ष, एशले भंडारी बने उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान, आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी में बुधवार को सत्र 2026-27 के लिए रेड रिबन क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब समन्वयक डॉ. पुष्पा गुलेरिया ने बताया कि रेड रिबन क्लब महाविद्यालय में एड्स जागरूकता के लिए व्याख्यान, रैली और विश्व एड्स दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित करता है। नई कार्यकारिणी में दामिनी शर्मा को अध्यक्ष, एशले भंडारी को उपाध्यक्ष, छयाल सिंह को सचिव, नेहा को सह सचिव तथा समय ठाकुर को मीडिया प्रभारी चुना गया। प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए समाज और विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

संस्कृत कॉलेज में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। श्री व्यास संस्कृत महाविद्यालय कुल्लू में छात्रों द्वारा आषाढ़ी पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, गुरु स्तोत्र पाठ एवं गुरुअष्टोत्तरशतनाम स्तोत्रम् का पाठ किया गया। छात्रों ने महाविद्यालय के संस्थापक माध्वानंद स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. ओम कुमार शर्मा ने छात्रों को आशीर्वचन देते हुए गुरु के महत्व और भारतीय संस्कृति में गुरु परंपरा के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से प्राप्त शिक्षा का सदुपयोग कर समाज कल्याण में योगदान देने का आह्वान किया।

हलान दो पंचायत ने चलाया पौधरोपण अभियान, लगाए देवदार के 100 पौधे

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। ग्राम पंचायत हलान दो द्वारा बुधवार को पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। पंचायत प्रधान कमल कांत और उपप्रधान ललित शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना पतलीकूहल के आसपास के क्षेत्रों में देवदार के करीब 100 पौधे लगाए गए। अभियान में पंचायत पदाधिकारियों के साथ इंदिरा महिला मंडल पतलीकूहल और नीलकंठ युवक मंडल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस नेक कार्य के लिए वन विभाग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है और ग्रामीणों से भी अधिक से अधिक पौधारोपण कर पंचायत क्षेत्र को हरा-भरा बनाने में सहयोग देने की अपील की।

सीएचसी पतलीकूहल में 70 फीसदी स्टाफ की कमी सीमित कर्मियों के सहारे चल रही 24 घंटे आपात सेवा

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। कुल्लू-मनाली के मध्य स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पतलीकूहल क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। यह अस्पताल न केवल आसपास की पंचायतों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता है, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं, पर्यटन सीजन में आने वाले पर्यटकों तथा सेब सीजन के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले बागवानों और मजदूरों के लिए भी जीवनरक्षक केंद्र की भूमिका निभाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं लगातार संचालित की जा रही हैं, लेकिन यह पूरी व्यवस्था भारी स्टाफ की कमी के बीच सीमित कर्मचारियों के भरोसे चल रही है।

30 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में निर्धारित मानकों के अनुसार 6 चिकित्सक, 8 पैरामेडिकल कर्मचारी और 4 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होने चाहिए। इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त सफाई कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड भी आवश्यक हैं। लेकिन वर्तमान में अधिकांश पद खाली पड़े हैं और अस्पताल लगभग 70 प्रतिशत मैनपावर की कमी के बावजूद अपनी सेवाएं जारी रखे हुए है।

सीएचसी पतलीकूहल में कार्यरत चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारी सीमित संसाधनों के बीच दिन-रात मरीजों की सेवा कर रहे हैं। ओपीडी के साथ-साथ 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं भी इन्हीं कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही हैं। दुर्घटना में घायल मरीजों, अचानक बीमार होने वाले लोगों और रात के समय आने वाले आपातकालीन मामलों का उपचार भी यही स्टाफ संभालता है। लगातार बढ़ते कार्यभार के कारण स्वास्थ्य कर्मियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहता है, फिर भी वे सेवाओं में कोई कमी न आने देने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पतलीकूहल अस्पताल का महत्व लगातार बढ़ रहा है। मनाली और कुल्लू के बीच यह सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। इसके बावजूद चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट, सफाई कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों की कमी लंबे समय से बनी हुई है।

सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण अस्पताल परिसर और वार्डों की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है, जबकि सुरक्षा गार्डों के अभाव में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भी चुनौती बनी रहती है। वहीं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी का असर मरीजों की देखभाल और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ता है।

प्रदेश के कई अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी

पतलीकूहल की स्थिति अकेली नहीं है। प्रदेश के अनेक सरकारी अस्पताल चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में लोगों ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सीएचसी पतलीकूहल सहित सभी सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। उनका कहना है कि जब सीमित स्टाफ के साथ भी अस्पताल 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करा सकता है, तो पर्याप्त मैनपावर मिलने पर यहां की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावी बन सकती हैं।

एनएच-305 चौड़ीकरण को लेकर सर्वे शुरू

राजमार्ग सीमा का हुआ भौतिक निरीक्षण, अतिक्रमण चिन्हित करने में जुटी टीम

अनंत ज्ञान

एनएचएआई और रजस्व अधिकारी निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

आनी। राष्ट्रीय राजमार्ग-305 (एनएच-305) के चौड़ीकरण एवं विकास कार्य को गति देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने आनी क्षेत्र में विस्तृत सर्वेक्षण अभियान शुरू कर दिया है। सर्वे के दौरान राजमार्ग की निर्धारित सीमा में आने वाले संभावित अतिक्रमणों का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा प्रभावित भवनों, दुकानों व अन्य निर्माणों का रिकॉर्ड तैयार किया गया।

संयुक्त टीम में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहायक अभियंता, एनएच-305 के एसडीओ ज्ञान भारती सहित तकनीकी अधिकारियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। आधुनिक सर्वे उपकरणों की सहायता से राजमार्ग की सीमाओं का मिलान करते हुए उन स्थानों की पहचान की गई, जहां अतिक्रमण अथवा अवैध निर्माण होने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि यह सर्वे राजमार्ग परियोजना की आगामी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके आधार पर प्रभावित संपत्तियों की सूची तैयार की जा रही है, ताकि आगे की प्रशासनिक कार्रवाई नियमानुसार की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले में सरकारी अभिलेखों और निर्धारित मानकों के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

सर्वे के दौरान स्थानीय लोगों और व्यापारियों में भी हलचल रही। कई लोगों ने अपनी संपत्तियों से संबंधित जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की, जबकि कुछ ने राजमार्ग की वास्तविक सीमा और मापदंडों को लेकर सवाल भी पूछे। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग करने और किसी भी तरह की भ्रांतियों से बचने की अपील की। एनएच-305 प्रदेश का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जो पर्यटन, व्यापार और स्थानीय परिवहन की दृष्टि से अहम माना जाता है।

इसके चौड़ीकरण से यातायात व्यवस्था में सुधार, दुर्घटनाओं में कमी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। प्रशासन का कहना है कि सर्वे का उद्देश्य किसी को अनावश्यक परेशानी देना नहीं, बल्कि परियोजना को पारदर्शी और नियमों के अनुरूप आगे बढ़ाना है। प्रभावित होने वाले लोगों के मामलों में सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।

नराजगी | भुंतर मंडी की बोली प्रक्रिया पर सवाल, वीडियो रोकना गलत: एपीएमसी अध्यक्ष

भुंतर सब्जी मंडी में लाइव वीडियो रोकने पर बवाल

अनंत ज्ञान

भुंतर सब्जी मंडी में बोली प्रक्रिया की लाइव कवरेज रोकने का प्रयास करते हुए। अनंत ज्ञान

भुंतर। भुंतर सब्जी मंडी में बुधवार सुबह फल-सब्जियों की बोली प्रक्रिया के दौरान डिजिटल मीडिया द्वारा की जा रही लाइव वीडियो कवरेज को कथित तौर पर रुकवाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद मंडी में होने वाली बोली प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार सेब, नाशपाती सहित अन्य फल-सब्जियों की बोली के दौरान डिजिटल मीडिया द्वारा लाइव वीडियो बनाया जा रहा था। इसी बीच एक बोलीकर्ता द्वारा कथित तौर पर लाइव कवरेज रोकने का प्रयास किया गया। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लाइव प्रसारण को रुकवाने की कोशिश दिखाई दे रही है। हालांकि, वीडियो रोकने के पीछे वास्तविक कारण क्या था, यह संबंधित व्यक्ति ही स्पष्ट कर सकता है, लेकिन इस मामले ने मंडी की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा शुरू कर दी है।

किसान और बागवानों का कहना है कि वे कड़ी मेहनत और खर्च के बाद अपनी फसल मंडी तक पहुंचाते हैं। ऐसे में बोली में तय होने वाले रेट सार्वजनिक होना जरूरी है, ताकि किसानों, आढ़तियों और खरीदारों के बीच विश्वास बना रहे। लोगों का सवाल है कि यदि बोली प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है तो लाइव कवरेज या रेट सार्वजनिक होने पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए।

वहीं एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मिंया ने कहा कि मंडी में बोली प्रक्रिया सार्वजनिक होती है और किसी भी आढ़ती को वीडियो बनाने से रोकने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि समाचारों और जनहित से जुड़ी जानकारी के लिए वीडियो बनाया जाता है। यदि कोई व्यक्ति वीडियो बनाने से रोकता है तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि मामले में यदि कोई दोषी पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

किसान संगठन ने जताई नाराजगी

द लोअर कुल्लू किसान बागवान संगठन भुंतर के अध्यक्ष करतार सिंह गुलरिया ने भी घटना पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मंडी में लाइव कवरेज रोकना निंदनीय है। मीडिया द्वारा पारदर्शिता के लिए वीडियो बनाना किसानों और बागवानों के हित में है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं संदेह पैदा करती हैं और मंडी व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया खुली होनी चाहिए।

मामले में स्पष्ट स्थिति की मांग

अब सवाल यह है कि भुंतर सब्जी मंडी में बोली की लाइव कवरेज रोकने की जरूरत क्यों महसूस हुई। किसानों और बागवानों के हितों को देखते हुए मंडी प्रशासन से इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है।

जेई हत्याकांड: दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, कर्मियों ने एसपी को सौंपा प्रस्ताव

जलशक्ति विभाग के कर्मचारी एसपी से मिलते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जल शक्ति विभाग कुल्लू के कर्मचारियों ने जेई लाभ सिंह गुलेरिया हत्याकांड में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुल्लू और अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू से मुलाकात की। कर्मचारियों ने प्रशासन को प्रस्ताव सौंपकर मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में तेजी लाने की मांग की।

कर्मचारियों ने कहा कि जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाई जानी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग भी रखी।

पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की जांच पूरी गंभीरता से कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच को तेज किया जा रहा है और अगले 24 घंटों में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। जल शक्ति विभाग कर्मचारियों ने कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा और उन्हें उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का समाधान करेगी।

सोलन मंडी में सेब-नाशपाती के अच्छे दाम, खिल उठे बागवानों के चेहरे

सीजन की शुरुआत में रॉयल सेब 3,300 व नाशपाती 2,800 प्रति पेटी तक बिकी

अनंत ज्ञान

आर. मोहन चौहान, सोलन। सोलन फल मंडी में सेब और नाशपाती की आमद अब धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। सीजन की शुरुआत में ही अच्छी गुणवत्ता वाले फलों को बेहतर दाम मिलने से बागवानों में उत्साह का माहौल है। मंडी में कारोबार ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में ऊपरी क्षेत्रों से सेब की आवक बढ़ने के साथ व्यापार में और तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

बागवानों के अनुसार इस बार मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण सेब उत्पादन पर असर पड़ा है। कई क्षेत्रों में पिछले वर्षों की तुलना में कम उत्पादन हुआ है। हालांकि बाजार में मिल रहे अच्छे दामों से उत्पादन में आई कमी के नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। बागवानों का कहना है कि यदि पूरे सीजन में फलों के भाव इसी तरह बने रहे तो इस बार कारोबार संतोषजनक रह सकता है। बुधवार को सोलन फल मंडी में रॉयल वैरायटी के ए-ग्रेड सेब का अधिकतम भाव 3,300 रुपये प्रति पेटी दर्ज किया गया। वहीं औसत भाव भी बेहतर बना हुआ है।

स्पर वैरायटी का फुल बॉक्स करीब 3,000 रुपये प्रति पेटी तक बिका। गाला वैरायटी के हाफ बॉक्स ने भी 3,300 रुपये प्रति पेटी तक भाव हासिल किया, जबकि रेड गोल्ड वैरायटी 2,600 रुपये प्रति पेटी तक बिकी। मंडी में रॉयल वैरायटी की आवक अभी सीमित है, लेकिन इसकी मांग लगातार बनी हुई है। वहीं ग्रेड-बी सेब भी बागवानों को निराश नहीं कर रहा है। ग्रेड-बी सेब के दाम 1,600 से 1,700 रुपये प्रति पेटी तक रहे। कारोबारियों के अनुसार गुणवत्ता वाले सेब की मांग बाजार में अधिक है और आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ कीमतों में भी स्थिरता रहने की उम्मीद है।

नाशपाती की बिक्री भी इस बार बागवानों के लिए राहत लेकर आई है। अच्छी गुणवत्ता वाली नाशपाती 2,600 से 2,800 रुपये प्रति पेटी तक बिकी। वहीं नाशपाती के हाफ बॉक्स के भाव 1,800 से 2,000 रुपये प्रति पेटी तक रहे। व्यापारियों का कहना है कि फल की गुणवत्ता के आधार पर कीमतों में अंतर देखने को मिल रहा है। आढ़तियों के अनुसार आने वाले दिनों में ऊपरी क्षेत्रों से सेब की आवक में बढ़ोतरी होगी।

इससे मंडी में कारोबार और तेज होने की संभावना है। यदि मौसम अनुकूल रहा और फलों की गुणवत्ता बेहतर बनी रही तो बागवानों को पूरे सीजन में अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। एपीएमसी सोलन के सचिव राघव सूद ने बताया कि फल मंडी में बागवानों और कारोबारियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में सेब और नाशपाती की आवक लगातार बढ़ रही है। गुणवत्ता के आधार पर बागवानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। एपीएमसी सोलन ने कहा, बागवानों को बेहतर सुविधाएं और उपज का उचित मूल्य दिलाने के प्रयास जारी हैं।

राघव सूद, सचिव, एपीएमसी, सोलन , सोलन मंडी में सेब और नाशपाती की बिक्री। अनंत ज्ञान

मंडी में प्रमुख फलों के भाव

- रॉयल सेब (फुल बॉक्स) - 3,300 रुपए प्रति पेटी
- रेड गोल्ड सेब (फुल बॉक्स) - 2,600 रुपए प्रति पेटी
- गाला सेब (हाफ बॉक्स) - 3,300 रुपए प्रति पेटी
- स्पर सेब (फुल बॉक्स) - 3,000 रुपए प्रति पेटी
- नाशपाती (फुल बॉक्स) - 2,800 रुपए प्रति पेटी
- नाशपाती (हाफ बॉक्स) - 1,800 से 2,000 रुपए प्रति पेटी

गुरु रविदास जी ने समरस, समान और भेदभाव मुक्त समाज का दिया संदेश : संजीव कटवाल

अनंत ज्ञान

बद्दी। भारतीय जनता पार्टी के समरस संकल्प अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर बद्दी में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव कटवाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी केवल आध्यात्मिक संत ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक समानता, मानवता और समरसता के महान संदेशवाहक थे। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने पूरे जीवन में समाज से ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश था कि व्यक्ति की पहचान उसके जन्म या जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और विचारों से होती है। उन्होंने समाज में प्रेम, सेवा, सत्य और समानता की भावना को मजबूत करने का कार्य किया। संजीव कटवाल ने गुरु रविदास जी की प्रसिद्ध 'बेगमपुरा' की कल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु जी ने ऐसे आदर्श समाज का सपना देखा था, जहां किसी प्रकार का दुख, अन्याय, भेदभाव या भय न हो।

उन्होंने कहा कि आज भी गुरु रविदास जी के विचार समाज को एकता और भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गुरु रविदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज में समरसता एवं समानता की भावना को बढ़ावा दें। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, जिला प्रभारी राजपाल, सह प्रभारी संदीपनी भारद्वाज, पूर्व विधायक परमजीत सिंह, केएल ठाकुर, लखविंद्र राणा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास जी के विचारों और सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने तथा समाज में भाईचारे की भावना मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि। अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

सोलन में कवियों ने कविताओं के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य विभाग जिला सोलन के सभागार में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम और कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ सोलन डॉ. अजय पाठक ने हेपेटाइटिस से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि एक ही सीरिंज से नशा करने वालों में हेपेटाइटिस-बी का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर नजर रखने और उन्हें नशे से दूर रखने की अपील की डीआईओ डॉ. गगन ने भी बीमारी के कारणों और बचाव के उपाय बताए। कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से युवाओं को नशे से दूर रहने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक होने का संदेश दिया।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के कार्य में करें सहयोग : मनमोहन शर्मा

अनंत ज्ञान, सोलन। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि जुलाई से दिसंबर 2026 तक जिले में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण का क्षेत्रीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण का उद्देश्य श्रम बाजार से जुड़े सटीक आंकड़े जुटाना है, जिससे सरकार बेहतर नीतियां बना सके। उन्होंने नागरिकों से सर्वेक्षण टीम को सही जानकारी और सहयोग देने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सोलन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने हेपेटाइटिस-बी के कारणों, बचाव और उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे के लिए एक ही सिरिंज का उपयोग संक्रमण का बड़ा कारण है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. गगन ने जांच, टीकाकरण और रोकथाम के उपाय बताए। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन के माध्यम से नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश भी दिया गया।

बारिश से सिरमौर में अब तक सात करोड़ से अधिक का नुकसान 26 सड़कें बंद हैं: उपायुक्त

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार जिले में लोक निर्माण विभाग की 26 सड़कें बंद हैं, जबकि जल शक्ति विभाग की 26 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। बारिश से अब तक करीब सात करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है। संगड़ाह और शिलाई में सबसे अधिक सड़कें बंद हैं। प्रशासन ने विभागों को जल्द बहाली के निर्देश दिए हैं और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

नगर पंचायत राजगढ़ को मिला नया नेतृत्व विक्रम जेलदार और नरेंद्र ठाकुर ने ली शपथ

अनंत ज्ञान, राजगढ़। नगर पंचायत राजगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विक्रम जेलदार और उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। नगर पंचायत सभागार में आयोजित समारोह में एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने दोनों जनप्रतिनिधियों को संविधान के प्रति निष्ठा और दायित्वों के ईमानदारी से निर्वहन की शपथ दिलाई। अध्यक्ष विक्रम जेलदार ने नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। वहीं उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने जनहित में सभी के सहयोग से कार्य करने का संकल्प जताया। समारोह में भाजपा और कांग्रेस के नेता सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सोलन-सुबाथू मार्ग पर देवठी में फंसा ट्राला, घंटों बाधित रही आवाजाही

अनंत ज्ञान

सोलन। सुबाथू मार्ग पर बुधवार को देवठी के समीप एक भारी ट्राला सड़क के बीचों-बीच फंस गया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। ट्राला संकरी सड़क पर इस तरह अटक गया कि दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। छोटे वाहनों की आवाजाही भी रुक गई और स्थानीय लोगों सहित यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कुछ लोग जल्दबाजी में अपनी जान जोखिम में डालकर ट्राले के नीचे से निकलते नजर आए। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग खतरनाक तरीके से ट्राले के नीचे से गुजरते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सुबाथू मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बड़े वाहनों के फंसने से बार-बार जाम की स्थिति पैदा होती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने ट्राले को सुरक्षित तरीके से हटाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसी परिस्थितियों में जोखिम भरे कदम न उठाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

चंबाघाट के होटल में पुलिस का छापा, 41 ग्राम चिट्टे सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

चिट्टा सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार। अनंत ज्ञान

◆होटल में छिपा था चिट्टे का जाल, पुलिस ने खोला राज

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला पुलिस सोलन की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चंबाघाट स्थित एक होटल में छापेमारी कर 41.08 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत पंजाब निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को एसआईयू टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि चंबाघाट के समीप स्थित एक होटल में कुछ लोग नशीले पदार्थ के साथ ठहरे हुए हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए होटल में दबिश दी। टीम ने होटल के कमरा नंबर 303 की तलाशी ली, जहां ठहरे तीन व्यक्तियों के कब्जे से 41.08 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके पर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तुषार तरीखा (35) पुत्र दिनेश कुमार निवासी सुखेरा बस्ती, अबोहर, जिला फाजिल्का (पंजाब), युवराज सिंह (25) पुत्र हरभजन सिंह निवासी न्यू जनता नगर, जिला लुधियाना (पंजाब) और संदीप कौर उर्फ नेहा (35) पत्नी तुषार तरीखा निवासी अबोहर, जिला फाजिल्का (पंजाब) के रूप में हुई है।

70 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 31 जुलाई को

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन के मॉडल कैरियर सेंटर सोलन में 31 जुलाई, 2026 को 70 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि एलआईसी ऑफ इंडिया, सोलन में बीमा सखी के 50 पदों तथा तपन इंडस्ट्रीज सोलन में सेल्स मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कस्टमर और टीम लीडर के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और स्नातक निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 37 वर्ष रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार कार्यालय के पोर्टल ईईएमआईएस पर पंजीकरण कर आवेदन करना होगा। उम्मीदवार अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ 31 जुलाई को सुबह 10:30 बजे मॉडल कैरियर सेंटर सोलन पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

माजरा हॉकी छात्रावास की खिलाड़ियों ने मांगी स्वच्छता किट, सुविधाओं की कमी बनी चिंता

अनंत ज्ञान

अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब। माजरा स्थित महिला हॉकी छात्रावास में रहकर प्रदेश की करीब 30 प्रतिभाशाली महिला हॉकी खिलाड़ी अपने खेल कौशल को निखार रही हैं। ये खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। राज्य सरकार की ओर से छात्रावास में रहने और भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है, जबकि खिलाड़ियों की शिक्षा का खर्च उनके अभिभावकों द्वारा उठाया जा रहा है।

इसके बावजूद छात्रावास में रहने वाली खिलाड़ियों को व्यक्तिगत जरूरतों को लेकर एक महत्वपूर्ण समस्या सामने आई है। खिलाड़ियों को साबुन, टूथपेस्ट, टूथब्रश, बालों का तेल, शैंपू और अन्य स्वच्छता सामग्री अपने घरों से मंगवानी पड़ रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाली कई खिलाड़ियों के लिए इन आवश्यक वस्तुओं का खर्च उठाना परेशानी का कारण बन रहा है।

खेल विशेषज्ञों और अभिभावकों का कहना है कि जब सरकार खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था कर रही है, तो उनकी दैनिक स्वच्छता से जुड़ी आवश्यकताओं का ध्यान रखना भी जरूरी है। उनका कहना है कि बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितना पौष्टिक आहार और नियमित प्रशिक्षण। स्थानीय लोगों ने कहा कि माजरा हॉकी छात्रावास की खिलाड़ी पूरी लगन के साथ अभ्यास कर रही हैं और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास कर रही हैं।

ऐसे में सरकार यदि उन्हें मासिक स्वच्छता किट उपलब्ध करवाती है तो इससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उनके परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक दबाव भी कम होगा। लोगों ने प्रदेश सरकार, खेल विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि माजरा सहित प्रदेश के सभी खेल छात्रावासों में रहने वाले खिलाड़ियों को स्वच्छता किट उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाए।

गर्ल्स हॉस्टल के मैदान की हालत। अनंत ज्ञान

घर से 104 ग्राम चरस पकड़ी, माजरा पुलिस ने धरा तस्कर

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माजरा पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 104 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक एनएस नेगी ने बताया कि माजरा थाना पुलिस को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि गांव मेलियों निवासी मनवर अली अपने रिहायशी मकान से चरस बेचने का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 104 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटा रही है।

10 साल पुराने गबन मामले में फरार घोषित आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला पुलिस सोलन की पुलिस थाना दाड़लाघाट की पीओ सेल ने करीब 10 वर्ष पुराने गबन मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को पंजाब के घनोली क्षेत्र से दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनोद कुमार (33) पुत्र निक्कू राम निवासी गांव बहरन, डाकघर एवं तहसील झंडुता, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2013 में पुलिस थाना दाड़लाघाट में अभियोग संख्या 73/2013 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 406 और 407 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था, लेकिन सुनवाई के दौरान आरोपी लगातार न्यायालय में पेश नहीं हुआ। न्यायालय के बार-बार समन जारी करने के बावजूद आरोपी की गैरहाजिरी जारी रही, जिसके बाद न्यायालय ने 12 जून 2026 को उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। इसके बाद दाड़लाघाट थाना की पीओ सेल आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। गुप्त सूचना और निगरानी के आधार पर पुलिस टीम ने 26 जुलाई 2026 को पंजाब के घनोली क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अब पुलिस थाना दाड़लाघाट में अभियोग संख्या 59/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 और 269 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

रेणुका बांध विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा के लिए समिति मजबूती से संघर्षरत : ठाकुर

अनंत ज्ञान

नाहन। श्री रेणुका जी बांध विस्थापित संघर्ष समिति की अहम बैठक अध्यक्ष विजय ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 200 से अधिक विस्थापित परिवारों ने भाग लिया और पुनर्वास, हाउसलेस ग्रांट सहित लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान समिति के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए योगी ठाकुर को सर्वसम्मति से नया महासचिव चुना गया।

इससे पहले महासचिव पद पर कार्यरत शुभम आर्य ने निजी कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दिया, जिसे समिति ने स्वीकार कर उनके योगदान की सराहना की। बैठक में हाउसलेस ग्रांट को लेकर हुई प्रगति को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। समिति के प्रयासों से पात्र विस्थापित परिवारों के 89 आवेदन भरवाए गए हैं। समिति पदाधिकारियों ने इसे लंबे संघर्ष के बाद मिली बड़ी सफलता बताया। नवनियुक्त महासचिव योगी ठाकुर ने कहा कि समिति प्रभावित परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की भूमि और मकान श्री रेणुका जी बांध परियोजना से प्रभावित हुए हैं, उन्हें उचित पुनर्वास, हाउसलेस ग्रांट और अन्य वैधानिक अधिकार दिलाने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। बैठक में समिति के संस्थापक सदस्य विनोद ठाकुर, सलाहकार पुरानचंद शर्मा, सतपाल तोमर, कमल, बीडीसी सदस्य सुखदेव शर्मा, वार्ड सदस्य रणदीप तोमर, कमल राज चौहान सहित बड़ी संख्या में विस्थापित परिवार मौजूद रहे। समिति ने संगठन को मजबूत कर मांगों को सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने का निर्णय लिया।

कराड़ाघाट स्कूल में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वास्थ्य विभाग की पहल, जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश

अनंत ज्ञान

अर्की। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय कराड़ाघाट में विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस के कारणों, लक्षणों, बचाव, समय पर जांच, उपचार और टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संयोजक डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सर्विसेज, सिविल अस्पताल अर्की रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हेपेटाइटिस एक गंभीर बीमारी है, जो मुख्य रूप से शरीर के महत्वपूर्ण अंग लीवर को प्रभावित करती है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी संक्रमण समय पर पता न चलने और उचित उपचार न मिलने पर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। डॉ. शांडिल ने विद्यार्थियों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखना, संक्रमित सुई या ब्लेड का उपयोग नहीं करना, केवल सुरक्षित रक्त का प्रयोग करना और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार टीकाकरण करवाना हेपेटाइटिस से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय हैं।

उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस-बी से बचाव के लिए टीकाकरण एक प्रभावी माध्यम है और सभी को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हेपेटाइटिस से बचाव, स्वच्छता और टीकाकरण से संबंधित आकर्षक संदेश प्रस्तुत किए। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ हेपेटाइटिस के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी साझा की। इसके अलावा समूह चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हेपेटाइटिस से जुड़े सवाल पूछे और विशेषज्ञों से उनके जवाब प्राप्त किए। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को बीमारी की सही जानकारी और इससे बचाव के व्यावहारिक उपायों को समझने का अवसर मिला।

विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाचार्य श्री रक्षा शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग और विशेष रूप से डॉ. विजय कुमार शांडिल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अवसर पर शीश राम, देवेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, हिमेश शर्मा, कौशल्या देवी और कल्पना ठाकुर सहित विद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना और समाज में हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता का प्रसार करना रहा।

कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं। अनंत ज्ञान

प्राइवेट गाड़ियों में अवैध टैक्सी चलाने पर कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

नाहन। सिरमौर टैक्सी मैक्सी ऑपरेटर्स सोसायटी नाहन ने जिले में प्राइवेट वाहनों के टैक्सी के रूप में कथित अवैध संचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर उपायुक्त सिरमौर को ज्ञापन सौंपा है। सोसायटी ने आरोप लगाया है कि निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल के कारण पंजीकृत टैक्सी संचालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

सोसायटी के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से टैक्सी स्टैंडों और टैक्सी चालकों की लगातार जांच की जा रही है, लेकिन सरकारी विभागों में निजी वाहनों का टैक्सी की तरह इस्तेमाल जारी है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार टैक्सी संचालन के लिए आवश्यक परमिट और दस्तावेज होने चाहिए, लेकिन कई स्थानों पर इन नियमों की अनदेखी की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से सोसायटी ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी विभागों में चल रहे निजी वाहनों की भी जांच की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान सहित कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। साथ ही सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

प्रतिनिधिमंडल में सोसायटी अध्यक्ष आकर्षण शर्मा, उपाध्यक्ष विशाल सैनी, कैशियर कमलेश, मुख्य सलाहकार राजेश कुमार सहित सदस्य जुझार सिंह, ललित भारद्वाज, विक्रम, प्रकाश कश्यप और सुभाष मौजूद रहे। सोसायटी ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन जल्द उचित कार्रवाई कर टैक्सी संचालकों के हितों की रक्षा करेगा।

न्यूज ब्रीफ

रामपुर बेली ब्रिज पर दो दिन यातायात प्रतिबंधित

अनंत ज्ञान, ऊना। रामपुर बेली ब्रिज दो दिन 29 और 30 जुलाई को यातायात की आवाजाही के लिए अस्थाई रूप से बंद रहेगा। इस दौरान लोगों को आवाजाही में असुविधा न हो, इसके लिए यातायात को चंद्रलोक कॉलोनी से डाइवर्ट किया गया है। जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के तहत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में सड़क पर पूर्व सूचना वाले संकेतक बोर्ड लगाए जाएं, जिससे आम जनता को समय रहते जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा है कि यह कदम जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद यातायात को पुनः सामान्य रूप से बहाल कर दिया जाएगा।

गुरु के बताए मार्ग पर चलने से ही होगा कल्याण

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल/दुलैहड़। अन्नपूर्णा मंदिर में गुरु पूजा एवं व्यास पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सत्संग समारोह श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हो गया। समारोह में माहिलपुर स्थित अलख अमर विवेचन प्रत्यक्षालय से पधारे स्वामी श्री विशेषानंद जी महाराज ने संगत को आध्यात्मिक जीवन का महत्व बताते हुए गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अपने प्रवचनों में स्वामी विशेषानंद जी महाराज ने कहा कि बिना सुमिरण और हरि-चर्चा के आत्मिक जागृति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति संतों और गुरुजनों के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाता है, तभी उसके आत्मकल्याण और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से प्रभु का स्मरण, सत्संग और सेवा भाव अपनाने का आह्वान किया। समारोह के दूसरे दिन प्रातःकाल गुरु पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

चौकीमन्यार में पॉलीथिन मुक्त परिसर का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)। राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ईको क्लब के सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर, कक्षाओं, गलियारों तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। स्वयंसेवकों ने परिसर में फैला कूड़ा एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया तथा प्लास्टिक एवं पॉलीथिन अपशिष्ट हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को पॉलीथीन का प्रयोग न करने तथा महाविद्यालय परिसर को पॉलीथिन मुक्त बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

पेंशनर्स से लाइफ सर्टिफिकेट शुल्क लेने पर ऐतराज

अनंत ज्ञान, ऊना। पेंशनर्स के लिए लाइफ सर्टिफिकेट की प्रक्रिया ऑनलाइन किए जाने और इसके लिए लोक मित्र केंद्रों पर 100 शुल्क लिए जाने को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कुलदीप दयाल, ऊना मंडल संयोजक राजीव वशिष्ट, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, किशन चंद ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, हरगोविंद, अजय पराशर, शिव मैहन, हरदीप ठाकुर, किशोरी लाल व शशिपाल ने प्रदेश सरकार पर पेंशनर्स और कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले ट्रेजरी कार्यालय में स्वयं जाकर बिना अतिरिक्त शुल्क के लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसे ऑनलाइन कर दिया है।

नशा उन्मूलन में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : एडीसी

इशांत जसवाल ने नशे के खिलाफ अभियान को और तेज करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ऊना। अतिरिक्त उपायुक्त इशांत जसवाल ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सड़क सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा उन्मूलन और सड़क सुरक्षा दोनों ही जनहित से जुड़े विषय हैं, जिनमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी और नियमित समीक्षा जरूरी है।

एडीसी ने जिला परिषद सभागार में आयोजित एन–कॉर्ड के तहत गठित जिला स्तरीय समिति और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

एन–कॉर्ड समिति की बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने विद्यालय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और नशे के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने पर जोर देने को कहा। उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे बच्चे जो अभी नशे की चपेट में आए ही हैं, उन बच्चों की पहचान कर, उनको नशे से बचाने के लिए उन बच्चों की कांउसलिंग की जाए ताकि उन्हें नशे से बचाया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी नशा निवारण समितियां नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित करें तथा स्थानीय समुदाय, युवाओं, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ें। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और संबंधित सूचनाएं तत्काल प्रशासन व पुलिस को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर, पुलिस तथा संबंधित विभागों को केमिस्ट दुकानों का नियमित औचक निरीक्षण जारी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि दवाओं की बिक्री और रिकॉर्ड की निरंतर निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एंटी–चिट्टा अभियान को प्राथमिकता देने को कहा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा ने प्रस्तुति दी और जिले में चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि ऊना बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य बनाई जा रही रेलिंग में यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो तो वह पूरी तरह तकनीकी सुरक्षा मानकों तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले के प्रमुख बाजारों में घोषित नो–पार्किंग एवं नो–वेंडिंग जोन को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला परिषद सदस्य सरवन सिंह बंटू ने जानी स्कूलों की समस्याएं

अनंत ज्ञान

◗ नंदपुर, बीजापुर और ठठल स्कूलों का किया दौरा

बड़ूही। नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य सरदार सरवन सिंह बंटू ने आज अपने जिला परिषद वार्ड के अंतर्गत आने वाले नंदपुर, बीजापुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों के अध्यापकों एवं छात्रों से सीधे संवाद कर प्राथमिकताओं के आधार पर स्कूल में विकास कार्यों और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की। नंदपुर स्कूल के दौरे के दौरान अध्यापकों ने जिला परिषद सदस्य के समक्ष स्कूल में डंगा (सुरक्षा दीवार) लगाने की मांग प्रमुखता से रखी। अध्यापकों ने बताया कि डंगा न लगने की वजह से स्कूल की इमारत को खतरा पैदा हो गया है। इसके अलावा, स्कूल में अध्यापकों के खाली पदों (स्टाफ की कमी) का मामला भी उठाया गया।

बीजापुर स्कूल के अध्यापकों ने बताया कि विद्यालय के तीनों कमरों की छतें लीक (टपकती) होती हैं। छतों से पानी टपकने के कारण स्मार्ट क्लासेस के लिए लाया गया आधुनिक सामान भी अब तक प्रयोग में नहीं लाया जा सका है और उसके खराब होने की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही अध्यापकों ने खेल का मैदान तैयार करने और स्टाफ की कमी को दूर करने की मांग की।

वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल के स्टाफ ने शौचालयों की जर्जर हालत और उनकी तत्काल मरम्मत का मुद्दा उठाया। साथ ही, लंबे समय से अधूरे पड़े बास्केटबॉल ग्राउंड के निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने का अनुरोध किया। अध्यापकों ने जोर देकर कहा कि बच्चों की पढ़ाई और व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए खाली पड़े पदों को प्राथमिकता पर भरा जाना बेहद जरूरी है।

समस्याएं जानने के बाद उन्होंने स्कूल अध्यापकों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाई गई सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार और स्थानीय विधायक के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा तथा जल्द से जल्द इनका समाधान कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

गेहूं की फसल का भुगतान नहीं होने पर किसानों का फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान

◆ सरकार के खिलाफ नारेबाजी 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

विवेक शर्मा, अंब। टकारला सब्जी मंडी के समीप कृषि विभाग कार्यालय के ठीक सामने किसानों ने अपनी गेहूं की फसल का बकाया भुगतान न मिलने के विरोध में सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने एक स्वर में नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर उनकी फसलों का बकाया पैसा जारी नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर धरने पर बैठेंगे। किसान नेता संदीप ठाकुर ने किसानों की लाचारी बयां करते हुए कहा कि गेहूं के बाद अब मक्का की फसल भी पूरी तरह तैयार हो चुकी है और इसके बाद आलू की बुवाई की तैयारी का समय आ गया है। जब किसानों के पास पिछली फसल का पैसा ही नहीं पहुंचा है, तो वे अगली फसल की लागत कहां से लाएंगे?

4 महीने बीतने के बाद भी खाली हैं किसान के हाथ

संदीप ठाकुर ने बताया कि किसानों ने अप्रैल माह में सरकार को अपनी गेहूं की फसल बेची थी। आज तक किसानों के खातों में उनकी मेहनत की कमाई का भुगतान नहीं हो पाया है। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है, बल्कि पिछले लगातार 3 वर्षों से यही कहानी दोहराई जा रही है। किसानों को हर बार अपनी ही फसल के पैसों के लिए रोष प्रदर्शन और धरने देने पर मजबूर होना पड़ता है, तब जाकर सरकार की नींद खुलती है।

गुरु ही देते हैं जीवन को सही दिशा : विवेक शर्मा

श्री राधा-कृष्ण मंदिर कोटला कलां में किया पूजन, बाबा बाल जी महाराज से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

बंगाणा। सनातन धर्म की पावन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा अपनी पत्नी मृदु शर्मा के साथ क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री राधा–कृष्ण मंदिर, कोटलाकलां पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा–अर्चना कर भगवान श्री राधा–कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय संत एवं सद्गुरु बाबा बाल जी महाराज के श्रीचरणों में नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी मंदिर पहुंचकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक रीति–रिवाजों के अनुसार संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में विधायक विवेक शर्मा और मृदु शर्मा ने पूरे श्रद्धाभाव से भाग लिया तथा क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का अत्यंत पावन पर्व है। गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और समाज को संस्कार, ज्ञान एवं आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह परम सौभाग्य है कि कुटलैहड़ की पावन धरती पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का सानिध्य आशीर्वाद क्षेत्रवासियों को प्राप्त हो रहा है। यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उन्होंने सद्गुरु बाबा बाल जी महाराज से प्रार्थना की है कि उनका स्नेह और अमूल्य आशीर्वाद कुटलैहड़ की जनता पर सदैव बना रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सद्गुरु की कृपा से क्षेत्र निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा और प्रत्येक परिवार में सुख, शांति तथा समृद्धि का वास होगा।

सीएम सुक्खू के विजन से हिमाचल में नियोजित शहरी विकास का नया अध्याय होगा शुरू : जितेंद्र चंदेल

हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य जितेंद्र चंदेल से अनंत ज्ञान समाचार पत्र के जिला प्रभारी अरुण डोगरा रीतू से विशेष बातचीत के अंशः-

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

प्रश्न : हिमाचल में नए नगर बसाने की योजना को आप कैसे देखते हैं?

उत्तर: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विज़न है कि हिमाचल प्रदेश में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक और योजनाबद्ध शहर विकसित किए जाएं। यह कार्य 20-25 वर्ष पहले शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन उस समय ऐसी दूरदर्शी सोच नहीं थी। आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह सपना साकार होने की दिशा में बढ़ रहा है। इस विजन को धरातल पर उतारने के लिए तकनीकी शिक्षा एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी पूरा जोर लगा रहे हैं, जबकि हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और अधिकारी भी पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं।

प्रश्न : किन क्षेत्रों में नई टाउनशिप विकसित करने की योजना है?

उत्तर: वर्तमान में हिम-चंडीगढ़ क्षेत्र, कांगड़ा के लंज, शिमला के समीप जठिया देवी, सिरमौर के पच्छाद तथा पंचकूला के निकट मोरनी हिल्स क्षेत्र में संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर भूमि, सड़क संपर्क, पेयजल, बिजली और अन्य तकनीकी पहलुओं का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है।

इन टाउनशिप की क्या विशेषताएं होंगी?

उत्तर : मुख्यमंत्री की सोच है कि न्यू चंडीगढ़ की तर्ज पर आधुनिक और विश्वस्तरीय टाउनशिप विकसित की जाएं। इनमें सुन्दर खुली सड़कें, सुंदर पार्क, हरित क्षेत्र, आधुनिक जलापूर्ति व सीवरेज व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाएं, सामुदायिक केंद्र, व्यावसायिक परिसर, खेल मैदान और अन्य सभी आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्देश्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि रहने योग्य, सुव्यवस्थित और आत्मनिर्भर नगर बसाना है।

जितेंद्र चंदेल

प्रश्न : हिमुडा की और क्या योजनाएं हैं

उत्तर : हिमुडा हर वर्ग के लोगों का पूरा ध्यान रखता है, यानी कि कहां जा सकता है कि हिमुडा के प्रोजेक्ट अफॉर्डेबल होते हैं और हर वर्ग के व्यक्ति का लाभ उठा सकते हैं।

प्रश्न : क्या इन परियोजनाओं से प्रदेश को लाभ मिलेगा?

उत्तर : निश्चित रूप से। इन परियोजनाओं से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश में नियोजित शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी परियोजनाएं विकसित की जाएंगी।

प्रश्न : प्रदेशवासियों के लिए आपका संदेश?

उत्तर : मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विकास के नए युग की ओर बढ़ रहा है। यह केवल टाउनशिप बनाने की योजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आधुनिक, सुरक्षित और सुविधासंपन्न हिमाचल की मजबूत नींव रखने का प्रयास है। मुझे विश्वास है कि मंत्री राजेश धर्माणी, हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों से यह विजन जल्द ही धरातल पर दिखाई देगा।

एनटीपीसी कोलडैम बालिका सशक्तिकरण अभियान 16वें दिन में प्रवेश

आत्मविश्वास से लबरेज बेटियां बन रही है बदलाव की मिसाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। एनटीपीसी कोलडैम परियोजना द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान क्षेत्र की ग्रामीण बेटियों के लिए बदलाव की प्रेरक कहानी बनकर उभर रहा है। एनटीपीसी द्वारा आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने न केवल अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने आत्मविश्वास और सीखने की लगन से सभी को प्रभावित किया।

अभियान के 16वें दिन पहुंचने पर छोटी–छोटी बालिकाओं ने बताया कि यहां मिली सीख को वे अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगी और अपने सहपाठियों व छोटे भाई–बहनों के साथ भी साझा करेंगी। कई बालिकाओं ने इसे जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। एक प्रतिभागी ने कहा कि एनटीपीसी ने उन्हें ऐसा मंच दिया जहां उन्होंने अपनी क्षमताओं को पहचाना और आत्मरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखे, जिससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। परियोजना प्रमुख एसएस राव ने बताया कि एनटीपीसी ग्रामीण बेटियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सकें। अब तक लगभग 300 छात्राएं इस पहल से लाभान्वित हो चुकी हैं। बिलासपुर, मंडी, शिमला और सोलन जिलों की छात्राएं इस अभियान में भाग ले रही हैं। वर्तमान सत्र में 48 छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं। डीएवी स्कूल जमथल में आयोजित एक माह की आवासीय कार्यशाला के दौरान छात्राओं को शिक्षा के साथ–साथ आत्मरक्षा, योग, खेलकूद, कला संगीत एवं शिल्प का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण और सरकारी स्कूलों की छात्राओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने किया भवानी ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, घुमारवीं (बिलासपुर)। नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं में भवानी ई-लाइब्रेरी का विधिवत शुभारंभ किया। भवानी ई-लाइब्रेरी में युवाओं को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतरीन वातावरण की सुविधा प्राप्त होगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं में इस प्रकार की आधुनिक ई-लाइब्रेरी शुरू होने से प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा तथा अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा।

इंसानियत संस्था ने लगाया 27वां रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, भगेड़। इंसानियत संस्था द्वारा सेर चौक में 27वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। कुल 29 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में रक्त एम्स बिलासपुर की टीम द्वारा एकत्रित किया गया। संस्था के अध्यक्ष पवन चंदेल ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना है। शिविर के दौरान संस्था के अध्यक्ष पवन चंदेल ने स्वयं 17वीं बार रक्तदान कर युवाओं के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी संस्था इसी प्रकार के जनहित एवं समाजसेवा के कार्य करती रहेगी।

गुरु के मार्गदर्शन से मजबूत होते हैं संस्कारः चंदेल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ज़कातखाना शिव मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने परम पूज्य स्वामी श्री प्रभु दास जी महाराज के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कृष्ण लाल चंदेल ने स्वामी श्री प्रभु दास जी महाराज को पहाड़ी टोपी, सिरोपा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा, संस्कार, सदाचार एवं मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कृष्ण लाल चंदेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु का मार्गदर्शन समाज में प्रेम, समरसता, आध्यात्मिक चेतना और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करता है। उन्होंने प्रार्थना की कि गुरुदेव का आशीर्वाद समस्त मानवता पर सदैव बना रहे। कार्यक्रम में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, उपप्रधान प्रभु राम, बूथ पालक हीरा लाल शर्मा, बूथ अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, राम लाल, कृष्ण लाल, बग्गा धीमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिलासपुर के अक्षय ने उत्तीर्ण की एचपी-सेट परीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। ग्राम पंचायत ननांवां के होनहार छात्र अक्षय कुमार ने हिमाचल प्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (एचपी सेट-2026) के कॉमर्स विषय में सफलता प्राप्त कर बिलासपुर जिले का नाम रोशन किया है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2025 में गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बिलासपुर से एमकॉम के दौरान प्रथम प्रयास में यूजीसी नेट-जेआरएफ (कॉमर्स) उत्तीर्ण किया था। यूजीसी नेट-जेआरएफ में सफलता के बाद उनका चयन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में कॉमर्स विषय के पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के रूप में हुआ, जहां वह वर्तमान में शोध कार्य कर रहे हैं। अब एचपी-सेट उत्तीर्ण कर उन्होंने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। अक्षय कुमार के पिता रमेश कुमार किसान परिवार से संबंध रखते हैं और वर्तमान में बद्दी में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सरिता देवी गृहिणी हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार, गुरुजनों, मित्रों और ग्राम पंचायत ननांवां सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।

बरोटा में संस्कार संस्था ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत संस्कार संस्था ने लुहारवीं पंचायत के बरोटा गांव में पौधरोपण अभियान के दूसरे चरण का आयोजन किया। कार्यक्रम में पंचायत के उपप्रधान रविकांत मिंटू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने लोगों से पौधों के संरक्षण और देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया।

संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि संस्था छोटे–छोटे स्थानों पर पौधारोपण कर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री–गार्ड लगाए जा रहे हैं, जबकि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों की होगी।

महेंद्र धर्माणी ने युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने, नशे से दूर रखने तथा खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में ग्राम सुधार सभा समिति के अध्यक्ष जगत सिंह चंदेल, पूर्व प्रधान आशा ठाकुर, वार्ड सदस्य पृथ्वी सिंह, प्रेम लाल धीमन, प्रभात ठाकुर, अंजू देवी, रीना देवी, कमलेश कुमार, प्यार सिंह, अशोक, सुनील, प्यार सिंह ठाकुर, विद्यासागर जोशी, देव दत्त, बाबू लाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

झंडूता में 20 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान

झंडूता। झंडूता जन सेवा वेलफेयर फाउंडेशन शाहतलाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कृष्णा हॉस्पिटल झंडुता ब्लड बैंक एम्स की टीम द्वारा किया गया जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान क्षेत्र में मुख्यातिथि रतन देव भारद्वाज सेवानिवृत्त एक्शन जल शक्ति विभाग विशेष रूप से उपस्थित रहे फाउंडेशन ग्रुप द्वारा मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व बाबा बालक नाथ की फोटो द्वारा उनका स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि जन सेवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा यह बहुत बड़ी पहल है जो जन सेवा की दृष्टि से किसी की जान बचा सकती है रक्तदान महादान है। ऐसे कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि हमारे फाउंडेशन द्वारा जगह–जगह ब्लड कैंप लगाए जाते हैं, इसमें लोगों का काफी सहयोग रहता है।

उन्होंने बताया कि हमारी संस्था गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाई व गरीब लड़की की शादी के लिए यथासंभव जितनी हो सके सहायता प्रदान करती है। इस अवसर पर डॉक्टर नम्रता, अंशिता, गुरविंदर, विकास, अवनीश ने अपनी सेवाएं दीं।

हिमाचल भाजपा में बड़ा फेरबदल विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां

अनंत ज्ञान

◆ श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के आशुतोष शर्मा बने देव समाज प्रकोष्ठ के सह-संयोजक

राकेश चंदेल /स्वारघाट। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। जारी सूची के अनुसार श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के कर्मठ एवं ईमानदार कार्यकर्ता आशुतोष शर्मा को देव समाज प्रकोष्ठ का सह–संयोजक नियुक्त किया गया है।

नई जिम्मेदारी मिलने पर आशुतोष शर्मा ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, विधायक रणधीर शर्मा तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। आशुतोष शर्मा की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के लिए सम्मान बताते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष लेखराम, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णा चंदेल, स्वारघाट ब्लॉक समिति अध्यक्ष रूपलाल, दोनों मंडलों के अध्यक्ष बलवीर पप्पी, नगर परिषद नयना देवी के अध्यक्ष दीपक, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रामपाल चौधरी तथा अपर मंडल अध्यक्ष नंदलाल ठाकुर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आशुतोष शर्मा को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

लिल्ह कोठी कॉलेज में रिक्त पद भरने की मांग, शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। राजकीय आदर्श महाविद्यालय लिल्ह कोठी में लंबे समय से रिक्त चल रहे शिक्षकों और अन्य आवश्यक पदों को भरने की मांग को लेकर कार्तिक ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

◆ **कार्तिक ठाकुर ने उठाया विद्यार्थियों का मुद्दा**

कार्तिक ठाकुर ने कहा कि कॉलेज में कई महत्वपूर्ण पद खाली होने से विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी का असर विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारियों और भविष्य पर पड़ सकता है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में रिक्त शिक्षक एवं अन्य आवश्यक पदों पर जल्द नियुक्तियां की जाएं, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कार्तिक ठाकुर ने कहा कि लिल्ह कोठी महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस समस्या का जल्द समाधान करेगी और विद्यार्थियों के हित में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

जंग लगी तार के सहारे उफनता नाला पार कर रहे लोग, मौत का बना खतरा

चुराह के खैरना खड्ड में वर्षों पुरानी तरंगड़ी बदहाल, जोखिम में 4 पंचायतों के लोगों की जिंदगी

अनंत ज्ञान

चंबा। चुराह विधानसभा क्षेत्र की पंचायत भलोडी के गांव खैरना खड्ड में ग्रामीणों की जिंदगी इन दिनों खतरे में है। गांव को जोड़ने वाली वर्षों पुरानी तरंगड़ी अब पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों को उफनते नाले को पार करने के लिए जंग लगी तार का सहारा लेना पड़ रहा है। नाले के तेज बहाव के बीच तार पकड़कर आर-पार जाना किसी मौत के कुएं में उतरने से कम नहीं है।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो ने क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था की तस्वीर सामने ला दी है। इन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह स्थानीय लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस खतरनाक रास्ते से आवाजाही करने को मजबूर हैं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह रास्ता बेहद जानलेवा साबित हो सकता है। बताया जा रहा है कि खैरना खड्ड की यह तरंगड़ी चार पंचायतों को आपस में जोड़ती है। इसके क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़ी आबादी को रोजाना जान हथेली पर रखकर नाला पार करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान जब नाले का जलस्तर और बहाव बढ़ जाता है, तब यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है।

हादसे से पहले जागे प्रशासन

अब एक बार फिर ग्रामीणों ने वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर खींचा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खैरना खड्ड पर तरंगड़ी को प्राथमिकता के आधार पर जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि चार पंचायतों के लोगों को इस जानलेवा रास्ते से मुक्ति मिल सके। ग्रामीणों का साफ कहना है कि सड़क और पुल जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के लोगों का अधिकार हैं, न कि किसी हादसे के बाद मिलने वाली सुविधा। प्रशासन समय रहते कदम उठाए, इससे पहले कि जंग लगी तार और उफनता नाला किसी घर का चिराग बुझा दे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तरंगड़ी के पुनर्निर्माण और मरम्मत को लेकर वे कई बार प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के समक्ष गुहार लगा चुके हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभागों और प्रशासन से कई मर्तबा इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की, लेकिन हर बार बजट उपलब्ध न होने का हवाला देकर मामला टाल दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार न करे। यदि समय रहते तरंगड़ी की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी कोई व्यक्ति तेज बहाव वाले नाले में गिरकर गंभीर हादसे का शिकार हो सकता है।

चूड़ी-लिल्ह संपर्क मार्ग बदहाल ग्रामीणों ने उठाई टारिंग की मांग

चूड़ी-लिल्ह मार्ग बदहाल होने से वाहन चालक परेशान। ❖अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। चूड़ी-लिल्ह संपर्क मार्ग की खस्ताहाल स्थिति से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। आधा दर्जन पंचायतों को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर जगह-जगह पड़े गड्ढों और उबड़-खाबड़ सतह के कारण वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के चलते गड्ढों में पानी भरने से स्थिति और खराब हो गई है।

मार्ग के कैंची मोड़ पर सड़क की हालत सबसे अधिक खराब है, जहां लंबे समय से तारकोल उखड़ चुका है और सड़क कच्ची मिट्टी में बदल गई है। बारिश के बाद यहां फिसलन बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार वाहन फिसलने से हादसे हो चुके हैं और वाहनों को नुकसान भी पहुंचा है।

यह मार्ग गांव, प्रीणा, किलोड़, कुनेड और कलमला समेत कई पंचायतों को जोड़ता है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। ग्रामीणों ने अशोक सुकेतिया, राजेश शर्मा, अनिल कुमार ठाकुर सहित अन्य लोगों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क का निरीक्षण कर जल्द टारिंग कार्य शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क सुविधा से लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात मिल सकेगा।

मिंजर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का पहला दिन जोश व रोमांच से भरा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। द्रोणा सोशल एजुकेशनल एंड एनवायरनमेंटल सोसाइटी चंबा एवं जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन चंबा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मिंजर बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 का पहला दिन उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु और भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले दिन 50 लड़कों और 20 लड़कियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने रिंग में शानदार खेल कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कमांडो देवेंद्र सिंह ने कहा कि दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्र चंबा में सीमित संसाधनों और न्यूनतम सुविधाओं के बावजूद संस्था पिछले तीन वर्षों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है और जिले के कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

कमांडो देवेंद्र सिंह ने अभिभावकों, खेल प्रेमियों और युवाओं से खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं।

चूड़ी-धरवाला की समस्याओं को लेकर एडीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

सीएचसी चूड़ी में 24 घंटे मिले स्वास्थ्य सेवाएं

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। चूड़ी-धरवाला क्षेत्र की विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर ग्राम पंचायत लोथल के उप प्रधान विक्रांत ठाकुर एवं ग्राम सुधार सभा चूड़ी-धरवाला के अध्यक्ष संजय राजपूत ने बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) चंबा अमित मैहरा से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में क्षेत्रवासियों की सुविधा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चूड़ी में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करने, स्वीकृत अल्ट्रासाउंड मशीन को शीघ्र स्थापित करने, धरवाला बाजार से सीएचसी चूड़ी जाने वाले करीब एक वर्ष से बंद मार्ग को जल्द बहाल करने तथा उप तहसील धरवाला बाजार में निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सीएचसी चूड़ी में चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने से चूड़ी, धरवाला और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित होने से मरीजों को आवश्यक जांच के लिए दूरदराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

विक्रांत व संजय को मांगें पूरी होने की उम्मीद



विक्रांत ठाकुर और संजय राजपूत ने अतिरिक्त उपायुक्त चंबा का आभार जताते हुए कहा कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सुगम आवागमन और पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से सभी विकास कार्य जल्द धरातल पर उतरेंगे।

इसके अलावा सीएचसी चूड़ी का बंद मार्ग स्थानीय लोगों और मरीजों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मार्ग को जल्द बहाल करने की मांग की। धरवाला बाजार में निर्माणाधीन पार्किंग को भी शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया, ताकि बाजार में पार्किंग की समस्या का समाधान हो सके।

अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि आम जनता की सुविधा से जुड़े इन कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होने दी जाएगी।

चंबा में बारिश का कहर: 110 सड़कें बंद, 150 से अधिक ट्रांसफॉर्मर व 65 पेयजल योजनाएं प्रभावित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। चंबा जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। भारी बारिश के चलते जिले में प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार 110 सड़कें अवरुद्ध, 150 से अधिक विद्युत वितरण ट्रांसफॉर्मर प्रभावित और 65 पेयजल योजनाएं बाधित हुई हैं। जगह-जगह भूस्खलन और जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही समेत कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

◆ **डीसी ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने खराब मौसम को देखते हुए लोगों से विशेष सतर्कता बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि यात्रा के दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो जाए तो किसी सुरक्षित स्थान पर रुकें और मौसम सामान्य होने के बाद ही आगे बढ़ें। उन्होंने लोगों से यात्रा शुरू करने से पहले प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 1077 और 98166 98166 पर संपर्क कर सड़कों की ताजा स्थिति की जानकारी लेने का आग्रह किया है। भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए भी विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन की चपेट में आया। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीमों ने समय रहते प्रभावित हिस्सों को साफ कर मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया। वहीं, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर बहाली कार्य में जुटी हुई हैं।

उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने कहा कि क्षेत्र में बार-बार उत्पन्न हो रही बाढ़ जैसी स्थिति के स्थायी समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को जल्द बहाल करने के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय किया गया है।

सुल्तानपुर में घरों में घुसा नाले का पानी

बारिश का सबसे अधिक असर सुल्तानपुर क्षेत्र में भी देखने को मिला, जहां नाले का पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया। पानी और मलबा घरों में घुसने से दो मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई अन्य घर प्रभावित हुए हैं। सूचना मिलते ही एसडीएम और नगर परिषद की टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई।

कुराली फोकल प्वाइंट में खुला नया आम आदमी क्लीनिक

अनंत ज्ञान

विधायक अनमोल गगन ने किया उद्घान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। खरड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनमोल गगन मान ने कुराली के चनालों स्थित फोकल प्वाइंट में नए आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन, आम आदमी क्लीनिकों के जिला नोडल अधिकारी डॉ. गिरीश डोगरा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित अरोड़ा सहित क्षेत्र के निवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विधायक अनमोल गगन मान ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के घरों के नजदीक पहुंची हैं।

उन्होंने बताया कि फोकल प्वाइंट में क्लीनिक शुरू होने से औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों, कर्मचारियों और आसपास के गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने बताया कि क्लीनिक में स्वास्थ्य जांच, दवाइयां, प्रयोगशाला जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप समेत कई बीमारियों की जांच और उपचार, गर्भवती महिलाओं की जांच सहित अन्य सेवाएं निशुल्क उपलब्ध होंगी। विधायक ने क्लीनिक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वास्थ्य विभाग की टीम को बेहतर सेवाएं देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार भविष्य में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

हेपेटाइटिस से बचाव के लिए जागरूकता व जांच जरूरी: राठौर

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, चंडीगढ़। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। अस्पताल के विशेषज्ञों ने कहा कि शुरुआती पहचान और सही समय पर उपचार से लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. मुकेश राठौर ने बताया कि हेपेटाइटिस को 'साइलेंट डिसीज' कहा जाता है, क्योंकि कई बार संक्रमण का पता तब चलता है जब लिवर को काफी नुकसान पहुंच चुका होता है। उन्होंने कहा कि जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करवानी चाहिए। हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण, स्वच्छता का ध्यान रखना और असुरक्षित इंजेक्शन व दूषित रक्त के संपर्क से बचना जरूरी है। डॉ. राठौर ने कहा कि शुरुआती जांच और समय पर इलाज से लिवर की गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

पंजाब बाढ़ प्रबंधन के लिए बने संयुक्त तंत्र: संधू

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने संसद के मानसून सत्र में पंजाब में बार-बार आने वाली बाढ़ का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से एकीकृत बाढ़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की मांग की।

विशेष उल्लेख के माध्यम से उन्होंने पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लिए कानूनी रूप से समर्थित संयुक्त बाढ़ प्रबंधन प्रणाली बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि इसमें रियल टाइम जलाशय निगरानी, बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली और बड़े बांधों से समय-समय पर गाद हटाने की व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। संधू ने भाखड़ा बांध और गोबिंद सागर जलाशय में बढ़ती सिल्ट की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि इससे जल भंडारण क्षमता प्रभावित हो रही है और भारी बारिश के दौरान बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने वर्ष 2023 की बाढ़ का उल्लेख करते हुए कहा कि पंजाब के 21 जिले प्रभावित हुए थे और बड़ी संख्या में गांवों व कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा था। सांसद ने भाखड़ा और पोंग बांधों के जलस्तर की प्रति घंटे निगरानी, जलाशयों की समयबद्ध डिसिल्टिंग और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल की मांग की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन से ही पंजाब को भविष्य की बाढ़ आपदाओं से सुरक्षित किया जा सकता है।

ई-20 मुद्दे पर केंद्र सरकार पर बरसे केजरीवाल

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई-20 मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि एक अगस्त को प्रस्तावित नेशनल टाउनहॉल अगेंस्ट ई-20 कार्यक्रम को पुलिस के जरिए रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

आप मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान केजरीवाल ने कहा कि कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में कार्यक्रम की बुकिंग पूरी हो चुकी है, भुगतान और रसीद भी जारी हो चुकी है। इसके बावजूद पुलिस क्लब प्रबंधन पर बुकिंग रद्द करने का दबाव बना रही है। उनका दावा है कि क्लब ने बुकिंग रद्द करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आयोजकों से अनुमति लेने को कहा जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि सामान्यत: इंडोर कार्यक्रमों के लिए अलग से अनुमति की आवश्यकता नहीं होती।

सीसीपी लांडरां को फार्मेसी रैंकिंग में राष्ट्रीय पहचान

अनंत ज्ञान

साहिबजादा अजीत सिंह नगर। चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ फार्मेसी (सीसीपी), सीजीसी लांडरां ने फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) के एनएबीईटी/पीसीआई मूल्यांकन में संस्थान को पंजाब के फार्मेसी कॉलेजों में पहला, उत्तर भारत में तीसरा और राष्ट्रीय स्तर पर 18वां स्थान मिला है। इसके साथ ही संस्थान को ग्रेड 'ए' रेटिंग से सम्मानित किया गया है। मूल्यांकन में पाठ्यक्रम की गुणवत्ता, प्रायोगिक एवं क्लिनिकल प्रशिक्षण, शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों का प्रदर्शन, प्लेसमेंट, फैकल्टी, शोध कार्य, आधारभूत ढांचा, गुणवत्ता प्रबंधन और स्टेकहोल्डर्स के फीडबैक सहित कई मानकों को शामिल किया गया।

सीसीपी की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. रुपिंदर सोढ़ी ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों, फैकल्टी और कर्मचारियों की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान फार्मेसी शिक्षा में नए मानक स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

सीजीसी लांडरां के कैंपस डायरेक्टर डॉ. राजदीप सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान को गुणवत्तापूर्ण और उद्योगोन्मुखी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि संस्थान अकादमिक उत्कृष्टता और इंडस्ट्री सहयोग को मजबूत करने पर लगातार काम कर रहा है।

छतबीर चिड़ियाघर में मनाया अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस

अनंत ज्ञान

◆ **बाघ संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम, युवाओं से वन्यजीव बचाने की अपील**

साहिबजादा अजीत सिंह नगर। महेंद्र चौधरी (एमसी) प्राणी उद्यान, छतबीर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस-2026 उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाघ संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियां और संवाद सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम इस वर्ष की वैश्विक थीम 'उनकी दहाड़ जंगल को जीवित रखती है' के तहत आयोजित किया गया। इसमें स्कूल-कॉलेज के छात्रों, चिड़ियाघर के आगंतुकों और वन्यजीव प्रेमियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त एस. हरप्रीत संधू ने मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सतिंदर कुमार सागर और छतबीर चिड़ियाघर के फील्ड डायरेक्टर नलिन यादव की मौजूदगी में बाघ संरक्षण पर आधारित पोस्टर जारी किया। एस. हरप्रीत संधू ने कहा कि बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु होने के साथ-साथ स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बाघों के सामने मौजूद चुनौतियों, जैसे आवास का नुकसान, अवैध शिकार और मानव-वन्यजीव संघर्ष पर जानकारी साझा की। अधिकारियों ने कहा कि बाघों की सुरक्षा से जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों, शिक्षकों और चिड़ियाघर कर्मचारियों ने वन्यजीवों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत नागधार विकास खण्ड जिला मण्डी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत नागधार विकास खण्ड जिला मण्डी द्वारा वित् वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेतायों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 13/08/2026 को अपराहन सायं 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय नागधार में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएँ दुसरे दिन दिनांक 14/08/2026 को अपराहन 1:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। निविदाओं के साथ FDR के आलावा जैसे कि चेक, एफडी केश मान्य नहीं होगा।

सामग्री का विवरण : 1. रेत (खड्ड/नदी की)प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रुशर की) प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20 mm (खड्ड नदी की) प्रति घन मीटर, 4. बजरी 40mm (खड्ड की) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 20 mm कशर की प्रति घन मीटर, 6. बजरी 40 mm क्रशर की प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8.पत्थर (कटस्टोन) प्रति घन मीटर, 9 पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्ठे की) प्रति 1000 न., 10. JCB मशीन द्वारा कटिंग प्रति घंटा, 11. शटरिंग पर स्केवर फीट प्रति घन मीटर, 12. क्रेट वायर मंडी से नागधार तक प्रति क्रेट, 13. सीमेंट पेवर ब्लाक 40,60, 80 MM प्रति सहित पर ब्लॉक प्रति ब्लॉक, 14. सीमेंट कैरिज पर बैग सिविल SUPLY MANDI से WORK SITE तक प्रति बैग, 15. लोकल पत्थर कैरिज पर CUM प्रति CUM, 16. नागरिक सूचना बोर्ड with writing 3/3 व 4/4 व 5/5 फुट प्रति बोर्ड, 17. डस्टबिन प्रति एक, 18. HUME PIPES (सीमेंट के 150mm, 300mm, 600mm, 900mm प्रति pipes

नियम व शर्ते : 1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकृत नहीं की जायगी।2. निविदातादाता के पास अपना पंजीकरण पेन संख्या, GST नम्बर होना आवश्यक हैं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्तांतरित M FROM जमा करवाने होंगे. M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बंधीरायल्टी वर्तमान में 60/-रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जायगी । 4. सभी करो का लेन देन सरकार के प्रावधानी अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसीफिकेशन के अनुरुप होगी ।6. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए ।

प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत सतडोल
विकास खंड कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सतडोल विकास खण्ड कंडाघाट जिला सोलन (हि0प्र0) द्वारा दिनांक 29/07/2026 को प्रस्ताव संख्या 04 द्वारा बैठक में पारित हुआ है कि वित् वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले विभिन्न मदों के कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति फर्म अपनी निविदाएँ। कुटेशन दिनांक 13/08/2026 को सायं 04 बजे तक सिल बंद लिफाफे में या डाक द्वारा कार्यालय ग्राम पंचायत सतडोल में प्रस्तुत कर सकते है । खुली निविदाएँ / कुटेशन मान्य नही होगी व निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएं / कुटेशन को स्वीकार नहीं किया जाएगा निविदाएँ / कुटेशन दिनांक 19/08/2026 को पंचायत की उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत सतडोल में 12:00 बजे के बाद खोली जाएगी । **आवश्यक शर्ते-** 1. आवेदक का किसी भी बैंक में खाता, टीन व पैन होना जरुरी है। 2. इच्छुक ठेकेदार / फॉर्म का GST पंजीकरण होना अनिवार्य है 3. सामग्री कि दर क्यूविक मीटर के हिसाब से भरी जाएगी 4. आवेदक पत्र के साथ आधार, बैंक पास बुक, वोटर कार्ड, जी एस टी, पैन, टिन, मोबाइल न0 आदि समस्त दस्तावेज कि छाया प्रीति सलगन करना आवश्यक है। 5. स्वीकृत वेंडर को सप्लाई आदेश के बाद सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करनी होगी समय पर सामग्री उपलब्ध न करवाने कि दशा में निविदाये रद्द कर दी जाएगी व सप्लाई कि गई सामग्री का स्फॉर्म होना आवश्यक है। 6. तकनिकी कर्मियों द्वारा सामग्री कि जांच व मूल्यांकन उपरांत ही अदायगी कि जाएगी। 7. निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये रद्द कि जा सकती है। 8. निविदाये धारक को 25000/ रूपये की धरोहर राशी अथवा चेक ग्राम पंचायत बशील के नाम जमा करवानी होगी। 9. निविदाधार्क कि निविदा पास न होने कि दशा में नियमानुसार रायल्टी काटी जाएगी। **क्रं .स. सामग्री का विवरण मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है ।** 1. रेता धुला व क्रेशर प्रति क्यूविक मीटर, 2. बजरी 10,20,40 एमएम प्रति क्यूविक मीटर, 3. पक्की ईंटे प्रथम श्रेणी प्रति ईंटे, पक्की ईंटे द्वतीय श्रेणी प्रति ईंटे, 4. पत्थर सोलिंग/वोल्डर सप्लाई प्रति क्यूविक मीटर, 5. पेंटिंग सामान प्रति आईटम या लिटर, 6. इंटर लॉक टाईल्स ISI ONLY प्रति टइलाज, 7. जे.सी.वी. मशीन, बड़ी पोकलेन मशीन EXCAVATOR X 2 आदि ब्रेकर प्रति घंटे के हिसाब से, 8. सरिया 8,10,12 एमएम, 9. सीमेंट / इंटर लॉक टाईल्स इत्यादि प्रति नग के हिसाब से ढूलान, 10. लेखन सामगी प्रति आईटम के हिसाब से, 11. साईन बोर्ड पेंटिंग व लिखाई प्रति बोर्ड, 12. शटरिंग स्टील व शटरिंग लकड़ी प्रति स्क्वयेर फूट, 13. पी वी सी पाईप 2,3,4,6 इंच ISI मार्क, 14. बेल्डिंग व स्टील वर्क किराया लेबर सहित प्रति किलो ग्राम, 15. टीपर छोटा 150 CFT से 400 CFT व 600 CFTतक पिकअप इत्यादि गाडियों व मशीनरी या तो निविदा कर्ता के नाम होनी चाहिए या लीज अथवा अग्रीमेंट होना आवश्यक है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सतडोल
विकास खंड कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.)

अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ।
व श्रीमती पूजा पुत्री सरूप चन्द निवासी गांव व डा0 अन्दौरा, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0
...प्रार्थिया
वनाम आम जनता
विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण करवाने बारे ।
ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी वनाम आम जनता
श्रीमती पूजा पुत्री सरूप चन्द निवासी गांव व डा0 अन्दौरा, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि उनका जन्म दिनांक 12/10/1984 को गांव अन्दौरा निचला, तहसील अम्ब, जिला ऊना में हुआ था, परन्तु अज्ञानता वंश उक्त जन्म का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अभिलेख में नहीं हो सका है। अतः सर्व सधारण को इस इश्तहार । मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त जन्म दर्ज करने बारे कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 04/08/2026 को दोपहर 2.00 बजे या उससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत हो कर पेश करें, अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उक्त जन्म दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए जायेंगे ।
आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ
कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ।

IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA (H.P.)
Date of hearing 23-7-2026
Cae No.813244/2026
In the matter of- Karamjeet Singh s/o Late Sh Amar Singh, Vpo Dain Teh Dheera Distt Kangra ...Applicant
Versus
General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Respondents
Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.
Whereas, Karamjeet Singh s/o Late Sh. Amar Singh, Vpo Dain Teh Dheera Distt Kangra, Himachal Pradesh has filed an application alongwith an affidavit before this court that his name was recorded wrongly, in revenue record of mohal Dain, Tehsil Dheera, District Kangra HP as "Karam Jeet s/o Mahalu and his father's name as Mahalu. But in other documents such as Adhar card and parivar Nakal. the correct name has been recorded as "Karam Jeet Singh and his father name Amar Singh". Hence, applicant has filed an application for correction of his name as "Karam Jeet Singh @ karam Jeet" and his father name as "Amar Singh @ Mahalu" in the revenue record of mohal Dain, tehsil Dheera, district Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant and his father i.e "Karam Jeet Singh @ karam Jeet and father's name as "Amar Singh @ Mahalu". Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 12-8-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 29-07-2026
Executive Magistrate, DHEERA

कार्यालय ग्राम पंचायत सरगा, विकास खण्ड निरमण्ड जिला कुल्लू (हि0प्र0)

निविदा आमंत्रण सूचना

एततद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरगा को वित वर्ष 2026-27 के विभिन्न विकास कार्यों के लिए सामान जैसे बागवानी, जंगली पौधा बजरी, रेत, टाईल, पत्थर, ईंट, शरिया, एन्गल, शैटरिंग, प्लाई बोर्ड, ईमारती लकड़ियां, सिनेटरी, बिजली इलेक्ट्रोनिकस उपकरण और हार्डवेयर की सभी प्रकारी की वस्तुएं खरीद / ढुलान, जनसूचना बोर्ड पैंटिंग / लेखन, और फर्नीचर इत्यादि होना हैं जिसके लिए पात्र आपूर्तिकर्ता अपनी निविदाएं डाकघर की मोहर सहित (By Post) सचिव ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 03-08-2026 तक पंहुच जानी चाहिए और हाथो द्वारा (By Hand) दी गई निविदाएं स्वीकृत नहीं होगी। पंचायत में प्राप्त निविदाएं पंचायत की क्रय कमेटी के द्वारा दिनांक 04-08-2026 को खोली जाएगी। **आपूर्ति का विवरण निम्न प्रकार से है-**

क्रं. सं.	आपूर्ति का स्थान/गाँव	रेत सप्लाई (स्थान)		सीमेंट ढुलवान ..से..	पत्थर प्रति टिप्पर	ईंट	रोड़ी	सरिया
		खान	क्रेशर					
1.	न्युकून्दर							
2.	डुगीलग							
3.	मोहाली							
4.	सरगा							
5.	धार							

शर्ते :-1. निविदादाता GST में पंजीकृत होना और फार्म का खाता आधार संख्या आदि होना अनिवार्य है। 2. सामग्री की गुणवता तकनिकी कारणों से होनी चाहिए। यदि आपूर्ति की गई सामग्री तकनिकी कारणों से अस्वीकृत होती है तो उसकी अदायगी नहीं की जाएगी। 3. सामग्री की आपूर्ति समय पर करनी होगी। अत्याधिक समय परेशान करने पर किसी अन्य वेंडर से भी सामग्री कय की जा सकेगी। 4. निविदाओं के माध्यम से केवल दरें निर्धारित की जाएगी न कि कोई फार्म विशेष। न्यूनतम दरें निर्धारित होने पर कोई स्थानीय गाड़ी वाले भी ढुलवान कर सकेंगे। 5. निविदा स्वीकार्य होने पर आपूर्तिकर्ता को अपनी गाड़ी के कागजात जैसे RC/DL पंचायत में जमा करने होंगे। 6. निविदादाता रोड़ी, रेत व पत्थर ढुलान बिलों के साथ खददान (खान) का M फोर्म आवश्य संलग्न करें। अन्यथा बिना M फोर्म पेपर के बिना कोई भी बिल स्वीकार्य नहीं होंगे और न ही अदायगी होगी। रेत, रोड़ी, पत्थरों की रॉयल्टी स्वीकार्य नहीं है। 7. निविदादाता जो उपरोक्त दर्शाए गए स्थानों से 2 किलोमीटर के दायरे के लिए दरें उसी गाँव की रहेगी। 8. निविदादाताओं के ध्यान में लाया जाता है कि निविदा स्वीकार्य होने पर पंचायत में दस हजार रूपये स्कयोर्टी जमा करनी होगी जो अवधि समाप्त होने पर निविदादाता को वापिस लौटा दी जाएगी। 9. निविदादाताओं की CGST और SGST की देय राशि Clear होनी चाहिए।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सरगा, विकास खण्ड निरमण्ड जिला कुल्लू (हि0प्र0)

एलिस की खूबसूरती के आगे एक्ट्रेस भी फेल

इंग्लैंड। इंग्लैंड की ऑलराउंडर खिलाड़ी एलिस केप्सी भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। एलिस अपनी खूबसूरती से बॉलीवुड एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। एलिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत बने कप्तान

एजेंसी, नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बुधवार को जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले 20वें एशियाई खेल-2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी स्टार डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे।

भारत मौजूदा एशियाई खेल चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया था। इस बार भी टीम का लक्ष्य खिताब बचाने के साथ-साथ लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक का सीधा कोटा हासिल करना होगा।

गोलकीपिंग की जिम्मेदारी मोहित एचएस और सूरज करकेरा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और यशदीप सिवाच शामिल हैं। मिडफील्ड में राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर प्रसाद टीम की कमान संभालेंगे। वहीं आक्रमण की जिम्मेदारी दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह और अभिषेक के कंधों पर होगी। भारतीय टीम को पूल-ए में मेजबान जापान, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को इंडोनेशिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम 22 सितंबर को श्रीलंका, 24 सितंबर को दक्षिण कोरिया, 26 सितंबर को जापान और 28 सितंबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर कहा कि यह बेहद अनुभवी टीम है और सभी खिलाड़ियों का लक्ष्य एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्हें टीम के हर खिलाड़ी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन टीम की सबसे बड़ी ताकत है। खिलाड़ियों को बिना दबाव के अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट मैच में 90 रन से हराया

एजेंसी, तारौबा (त्रिनिदाद)

जाडेन सील्स के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 90 रन से हराकर दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। पहली पारी में 311 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 181 रन बनाकर पाकिस्तान के सामने 211 रन का लक्ष्य रखा लेकिन उसकी टीम केवल 120 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान में पहली पारी में 282 रन बनाए थे।

पाकिस्तान की दूसरी पारी में केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें कप्तान बाबर आजम ने नाबाद 58 रन बनाए। पाकिस्तान का स्कोर एक समय नौ विकेट पर 79 रन था। बाबर ने इसके बाद 11वें नंबर के बल्लेबाज मोहम्मद अब्बास (23) के साथ आखिरी विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी की लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ। सील्स ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर पांच विकेट लिए। केमार रोच और जस्टिन ग्रीव्स ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। बाबर ने कहा, ''हमने पिछले कुछ दिनों में अच्छी क्रिकेट खेली, लेकिन आज बल्लेबाजी इकाई के रूप में हम उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।'' दूसरा और अंतिम टेस्ट में रविवार से खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

टेन डोशेट बने कोलकाता नाइट राइडर्स के क्रिकेट रणनीतिकार

एजेंसी, कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स ने अपने पूर्व खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ के सदस्य रहे रयान टेन डोशेट को हेड ऑफ क्रिकेट स्ट्रैटेजी नियुक्त किया है। नई भूमिका में वह नाइट राइडर्स समूह की सभी वैश्विक फ्रेंचाइजी के लिए क्रिकेट रणनीति, प्रतिभा पहचान, खिलाड़ी भर्ती और विकास योजनाओं का नेतृत्व करेंगे। टेन डोशेट स्काउटिंग, खिलाड़ी चयन, टीम संयोजन और प्रदर्शन मूल्यांकन से जुड़ी रणनीतियां तैयार करेंगे। वह विभिन्न फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर पूरे नाइट राइडर्स नेटवर्क में एक समान क्रिकेट दर्शन और कार्यशैली विकसित करने पर भी काम करेंगे। नई जिम्मेदारी के साथ वह त्रिनबागो नाइट राइडर्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स और लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के सहायक कोच की भूमिका भी निभाएंगे। नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने कहा कि रयान की क्रिकेट समझ और अंतरराष्ट्रीय व फ्रेंचाइजी क्रिकेट का अनुभव उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि टेन डोशेट के नेतृत्व से नाइट राइडर्स नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर रयान टेन डोशेट ने खुशी जताते हुए कहा कि वह दोबारा नाइट राइडर्स परिवार से जुड़कर उत्साहित हैं। (अनंत ज्ञान)

विश्व कप में कांस्य पदक जीत कर भी संतुष्ट नहीं हैं मनु भाकर

एजेंसी, नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि हांगझोउ में हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर उनकी भावनाएं मिली जुली है और वह इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। भाकर को भारत की ईशा सिंह ने ही पीछे छोड़ दिया था दिया, जिन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इस स्पर्धा में भारत के दो पदक पक्के किए थे। भाकर अभी भी 2026 में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने की तलाश में हैं, जबकि म्यूनिख विश्व कप में सम्राट राणा के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतना उनका अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शन है। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन ये दोनों स्वर्ण पदक टीम स्पर्धाओं में आए थे। भाकर ने एक्स पर पोस्ट किया, ''एक और कांस्य पदक। इस पदक को लेकर मेरी मिली-जुली भावनाएं हैं। मुझे खुशी है कि मैं अपने प्रदर्शन में सुधार कर पाई, लेकिन साथ ही, मुझे पता है कि मैं इससे भी बेहतर कर सकती थी।'' (अनंत ज्ञान)

आईपीएल ने भारत में बदला खेल देखने का नजरिया : नेस वाडिया

एजेंसी, मुंबई। पंजाब किंग्स के सह मालिक नेस वाडिया ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सफलता और इसके बढ़ते प्रभाव को लेकर कहा कि इस टूर्नामेंट ने भारत में खेलों को देखने का नजरिया पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल ने न केवल क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, बल्कि खेल अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया है। वाडिया ने यह टिप्पणी आईपीएल की अर्थव्यवस्था पर 'हूलिहान लोकी' की नई रिपोर्ट जारी होने के बाद की। उन्होंने मीडिया राइट्स, टीमों की ग्रोथ और टूर्नामेंट के बढ़ते व्यावसायिक महत्व पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि आईपीएल अब सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं रह गया है, बल्कि यह एक बड़ा खेल मंच बन चुका है, जिसने खिलाड़ियों, फ्रेंचाइजी और पूरे खेल उद्योग के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। (अनंत ज्ञान)

आईसीसी 2027 वनडे विश्वकप के लिए टीमों का आकार बढ़ाए : मैकडॉनाल्ड

एजेंसी, सिडनी। ऑस्ट्रेलिया टीम के पूर्व कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027 वनडे विश्वकप के लिए टीमों का आकार बढ़ाने की मांग की है। इस महीने की शुरुआत में आईसीसी ने नए प्रारूप के साथ टूर्नामेंट का विस्तार करने का फैसला किया था। करीब दो सप्ताह पहले आईसीसी ने घोषणा की थी कि 2027 वनडे विश्व कप 14 टीमों का टूर्नामेंट होगा। इसमें ग्रुप चरण से पहले सुपर सीरीज और सेमीफाइनल से पहले नया सुपर-7 चरण भी होगा। यह 2023 में भारत में खेले गए 10 टीमों वाले वनडे विश्व कप से अलग प्रारूप है। 2023 के विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया ने नौ लीग मैच, एक सेमीफाइनल और एक फाइनल सहित कुल 11 मैच खेले थे। लेकिन 2027 में चैंपियन बनने वाली टीम को कम से कम 13 मैच खेलने होंगे, जिसमें पांच ग्रुप मैच, छह सुपर-7 मुकाबले, एक सेमीफाइनल और एक फाइनल शामिल होगा। अगर शुरुआती सुपर सीरीज़ खेलने वाली निचली रैंकिंग की तीन टीमों में से कोई फाइनल तक पहुंचती है, तो चैंपियन टीम को 15 मैच भी खेलने पड़ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रमंडल खेल: छठे दिन भारत को मिले दो रजत, 12 पदकों के साथ तालिका में नौवें स्थान पर

गुलवीर ने रचा इतिहास, हरजिंद्र ने वेटलिफ्टिंग में दिखाया कमाल

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेल-2026 के छठे दिन भारत ने अपने खाते में दो और रजत पदक जोड़कर कुल पदकों की संख्या 12 पहुंचा दी। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में ऐतिहासिक रजत पदक जीता, जबकि हरजिंदर कौर ने महिलाओं के 69 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 227 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा रजत अपने नाम किया।

इन दोनों उपलब्धियों के साथ भारत के खाते में अब 2 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 12 पदक हो गए हैं। पदक तालिका में भारतीय दल नौवें स्थान पर बना हुआ है। पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा लगातार कायम है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 35 स्वर्ण, 18 रजत और 27 कांस्य सहित कुल 80 पदक जीतकर पहला स्थान मजबूत किया है। कनाडा 13 स्वर्ण, 10 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 35 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 10 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य सहित कुल 43 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। मेजबान स्कॉटलैंड 7 स्वर्ण के साथ चौथे, नाइजीरिया पांचवें, मलेशिया छठे, दक्षिण अफ्रीका सातवें और न्यूजीलैंड आठवें स्थान पर हैं। भारत नौवें स्थान पर है, जबकि जमैका शीर्ष-10 में दसवें स्थान पर मौजूद है। भारत को अब आगामी मुकाबलों में एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, सहित अन्य स्पर्धाओं से पदकों की उम्मीद रहेगी, जिससे पदक तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

एफआईएच वर्ल्ड कप-2026

भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोप रवाना

एजेंसी, बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार सुबह यूरोप के लिए रवाना हुई। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 की मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। टीम ने बेंगलुरु से मुंबई की यात्रा की और फिर फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के लिए उड़ान भरी, जहाँ वह इस बड़े इवेंट से पहले अपनी तैयारियों के आखिरी चरण को पूरा करेगी।

फ्रैंकफर्ट में रहने के दौरान, भारतीय टीम 31 जुलाई और 1 अगस्त को जर्मनी के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच खेलेगी ताकि टीम के तालमेल को बेहतर बनाया जा सके और यूरोपीय परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला जा सके। ट्रेनिंग कैंप के बाद, टीम 2 अगस्त को एम्स्टर्डम के लिए रवाना होगी ताकि नीदरलैंड में वर्ल्ड कप की अपनी तैयारियों को जारी रख सके। भारत 16 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद पूल डी में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा।

◆ फ्रैंकफर्ट में जर्मनी के खिलाफ टीम खेलेगी दो प्रैक्टिस मैच

टीम के रवाना होने से पहले, कप्तान सलीमा टेटे ने टीम की तैयारियों पर भरोसा जताते हुए कहा, 'पूरी टीम आने वाली चुनौती के लिए उत्साहित है। हमारी ट्रेनिंग अच्छी रही है, और अब उस लय को प्रैक्टिस मैचों और फिर वर्ल्ड कप में भी बनाए रखना है। अपने पहले मैच में चीन का सामना करना एक अहम परीक्षा होगी, और हम टूर्नामेंट की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करना चाहते हैं। एक टीम के तौर पर, हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' जर्मनी में महीनों की तैयारी और अहम ट्रेनिंग (जिसमें मेजबान टीम के खिलाफ दो प्रैक्टिस मैच भी शामिल हैं) के साथ, टीम अच्छी शुरुआत करने के लिए उत्सुक है। (अनंत ज्ञान)

नेपाल में डॉक्टरों की हड़ताल अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल के वीरगंज स्थित नारायणी अस्पताल में चिकित्सकों पर हुए हमले के विरोध में देशभर के अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य सेवाएं ठप हैं। चिकित्सकों ने बुधवार को काठमांडू में प्रदर्शन कर कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल की मांग की।

नेपाल चिकित्सक संघ के नेतृत्व में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने माइतीघर मंडला में विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने नारायणी अस्पताल के डॉक्टर प्रमोद राम के साथ मारपीट करने वाले आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

चिकित्सकों ने मंगलवार से ही ओपीडी, नियमित जांच और अन्य सेवाएं बंद कर रखी हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नारायणी अस्पताल के डॉक्टरों ने घटना के विरोध में सामूहिक इस्तीफा भी सौंप दिया है। नेपाल चिकित्सक संघ का आरोप है कि सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। संघ अध्यक्ष डॉ. बद्री रिजाल ने कहा कि घटना के पांच दिन बाद भी आरोपितों पर कार्रवाई नहीं हुई, जबकि न्याय की मांग करने वाले चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। (अनंत ज्ञान)

जापान में भूकंप से अब तक 13 लोगों की मौत

एजेंसी, टोक्यो। जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्यूशू द्वीप के कुमामोटो इलाके में आए 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

◆ शॉपिंग सेंटर में हुए धमाके में दो महिलाओं की गई जान

भूकंप के बाद कई इलाकों में इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और बचाव अभियान जारी है। कई लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार प्रभावित लोगों को बचाने और राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। भूकंप के बाद कुमामोटो के एक शॉपिंग सेंटर में गैस रिसाव के कारण हुए धमाके में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल अवस्था में मिली। यात्सुशिरो शहर में निप्पॉन पेपर इंडस्ट्रीज की मिल की चिमनी गिरने से 11 लोग लापता हो गए हैं। प्रशासन ने कुमामोटो और नागासाकी इलाकों में 2.61 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए हैं। भूकंप के बाद कई इलाकों में बिजली और पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। राहत और बचाव कार्यों के लिए करीब 3,600 सेल्फ डिफेंस फोर्स कर्मियों को तैनात किया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने लोगों को आफ्टरशॉक्स की आशंका को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान के बलोचिस्तान में डिप्टी कमिश्नर समेत चार लोगों की हत्या

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत प्रांति बलोचिस्तान में हथियारबंद लोगों ने बरखान के डिप्टी कमिश्नर समेत चार लोगों की हत्या कर दी। मरने वालों में बाकी तीन स्क्वायड दस्ते के सदस्य बताए गए हैं। इस दौरान प्रांतीय सरकार ने नुश्की जिले में लागू कर्फ्यू की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

द बलोचिस्तान पोस्ट और दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार हथियारबंद लोगों ने बरखान जिले में घाटा चौक के पास नाकाबंदी कर गाड़ियों की चेकिंग की। इस दौरान बरखान के डिप्टी कमिश्नर मुरीद बुगती और उनके बॉडीगार्ड्स को अपने साथ ले गए। बलोचिस्तान के गृहमंत्री के प्रवक्ता के मुताबिक, हथियारबंद लोगों ने बाद में डिप्टी कमिश्नर मुरीद बुगती की हत्या कर दी।

तुर्बत के दारमकोल पेडरक इलाके में आज अज्ञात हथियारबंद मोटरसाइकिल सवारों तीन लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की और मरने वालों की पहचान शाह बेग, अमानुल्लाह और अल्ताफ हुसैन के रूप में की है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतक संघीय सरकार प्रायोजित डेथ स्क्वायड के सदस्य थे। डिप्टी कमिश्नर और इन तीन लोगों की हत्या की अभी तक किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

◆ नुश्की में 31 जुलाई तक बढ़ाया कर्फ्यू

इस बीच बलोचिस्तान के गृह विभाग ने खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए नुश्की जिले में 28 जुलाई की रात आठ बजे लगाए कर्फ्यू की अवधि को 31 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। गृह विभाग ने अधिसूचना में कहा है कि कर्फ्यू के दौरान बिना इजाजत घर से बाहर निकलने और घूमने-फिरने पर रोक रहेगी। अधिसूचना के अनुसार, इस अवधि में लोगों के इकट्ठा होने, जुलूस निकालने और गैर-जरूरी यात्रा पर पाबंदी रहेगी। सरकारी कर्मचारियों, मेडिकल, बचाव और जरूरी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को छूट देने का अधिकार डिप्टी कमिश्नर के पास होगा। अधिसूचना के मुताबिक, 28 जुलाई को नुश्की के वेस्टर्न बाईपास पर फ्रंटियर कॉर्प्स पोस्ट पर हमले के बाद हालात खराब बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

भोपाल में किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन, बैरिकेड तोड़ बसों पर चढ़े

एजेंसी, भोपाल

मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम समेत अन्य मांगों को लेकर भोपाल में किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। सीएम हाउस की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे किसानों को एम्प्री के पास वीर सावरकर सेतु पर पुलिस ने रोक दिया। बसों की चार लेयर में बैरिकेडिंग की गई है। कुछ किसान पहले बैरिकेडिंग पर चढ़ गए थे, जिन्हें पुलिस ने समझाइश देकर नीचे उतार दिया। इसके बाद किसान वहीं बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

प्रदर्शन स्थल पर कुछ किसान अर्धनग्न होकर विरोध जता रहे हैं और सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगें पूरी करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, कुछ किसान रातभर जागने के बाद आराम करते नजर आए। दाल-बाटी बनाकर सड़क पर ही लंच का इंतजाम किया। किसानों के समर्थन में जेन-जेड भी प्रदर्शन में शामिल हैं। किसानों ने सरकार की 'सद्बुद्धि' के लिए हवन भी किया और आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई के बावजूद उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कई रास्तों पर बैरिकेडिंग कर आवाजाही रोक दी है। इससे होशंगाबाद रोड और आसपास के इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नर्मदापुरम रोड के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों से जुड़े मुद्दों पर संवाद के लिए सरकार ने एक कमेटी बनाई है। कमेटी में शामिल मंत्रियों का दल किसानों से बातचीत करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के सकारात्मक सुझावों के साथ है, लेकिन आम जनता को परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

मणिपुर में यूएनएलएफ (पी) संगठन का उग्रवादी गिरफ्तार

एजेंसी, इंफाल। सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई को चलाए गए उगाही विरोधी अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ (पी) के एक सक्रिय उग्रवादी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान संगठन के सार्जेंट मेजर समाद्रम ज गत सिंह उर्फ थम्बालजाओ उर्फ रोमन (49) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से थौबल हाओखा का निवासी है और वर्तमान में काकचिंग जिले के तोकपा चिंग मयाई लैकाई क्षेत्र में रह रहा था। सुरक्षा बलों ने उसे अरोंग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह उगाही गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था। मामले में आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों से अतिक्रमण हटाएगी एनएचएआई, अभियान शुरू

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा बहाल करने और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य राजमार्गों पर अवैध निर्माण, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान और अनधिकृत पहुंच को हटाकर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि एनएचएआई, पीआईयू राजकोट ने हाल ही में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान 693 किलोमीटर राजमार्ग का सर्वेक्षण कर 1,403 नोटिस जारी किए गए। इनमें अवैध संरचनाएं, अनधिकृत वाणिज्यिक पहुंच और बिना अनुमति बनाए गए मीडियन कट शामिल थे। कार्रवाई के तहत 361 अवैध पहुंच और अतिक्रमण हटाए गए तथा 150 अनधिकृत मीडियन गैप स्थायी रूप से बंद किए गए। यह अभियान जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों के सहयोग से चलाया गया।

हाल ही में सोमनाथ-द्वारका राजमार्ग पर विशेष अभियान चलाकर बारडिया और 'ऑनेस्ट होटल से हाथी चौक' तक के हिस्से से सैकड़ों अतिक्रमण हटाए गए। मंत्रालय ने कहा कि ये केवल प्रवर्तन की कार्रवाई नहीं बल्कि सड़क सुरक्षा के उपाय हैं। अतिक्रमण हटाने से दृश्यता बहाल होती है, यातायात प्रवाह सुधरता है, आपातकालीन सेवाओं को जगह मिलती है और दुर्घटनाओं की आशंका घटती है। (अनंत ज्ञान)